ग्वालियर ■ सोमवार 19 मई 2025 ■ वर्ष -26 ■ अंक-300 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04



दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

पेज 09 प्रीति जिंटा ने सैनिकों को बताया ...

# भारत का एक और दुश्मन पाक में ढेर

# खालिद का खेल खत्म

## लश्कर का टॉप कमांडर था सैफुल्लाह, अज्ञात हमलावरों ने गोलियों से किया छलनी

- संघ मुख्यालय पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था
- भारत में हुए तीन हमलों की साजिश में शामिल था आतंकी खालिद



गोली लगने के बाद आतंकी सैफुल्लाह सड़क पर तड़पता रहा, लोग उसे देखते रहे, यहीं तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।



**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ सैफुल्लाह खालिद को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर सैफुल्लाह खालिद को गोलियों से छलनी कर दिया। सैफुल्लाह खालिद भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमांइड बताया जाता है। सैफुल्लाह खालिद बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की। सैफुल्लाह खालिद महाराष्ट्र के नागपुर में संघ मुख्यालय में साल 2006 में हमले की साजिश रची थी। आतंकी एंबेसडर कार में पुलिस के कपड़े पहनकर आए थे। हालांकि, वह हमला करते उससे पहले पुलिस ने तीन आतंकियों को मार गिराया। इन लोगों के पास से एके-56 राइफल, हैंड ग्रेनेड और आरडीएक्स मिले थे। 2008 में यूपी के रामपुर में स्थित सीआरपीएफ कैंप पर हमला करवाया था। इस हमले में सात जवान शहीद हो गए थे। इस मामले में एनआईए ने तीन लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बेंगलुरु में 2005 में हमला करवाया था। भारतीय विज्ञान संस्थान के एक ऑडिटोरियम में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद बाहर निकल रहे लोगों पर आतंकियों ने गोलीबारी की थी जिसमें एक प्रोफेसर की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

## पाक की जिन चौकियों से गोली चली, उन्हें मिट्टी में मिला दिया



**ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो जारी, सेना बोली**

**इधर,** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने रविवार को एक नया वीडियो जारी किया। जिसमें बताया गया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में मिट्टी में मिला दिया गया। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच अभी डीजीएमओ स्तर की बातचीत नहीं होगी। सेना ने बताया कि 12 मई को दोनों देशों की बातचीत में जो सीजफायर पर सहमति बनी थी, उसकी कोई आखिरी तारीख तय नहीं की गई है। यह समझौता आगे भी जारी रहेगा। इधर, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने राहुल गांधी के विदेश मंत्री पर लगाए आरोपों पर कहा कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इंकार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी।

## आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते



**अमित शाह का पाकिस्तान को दो टूक संदेश**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे।

## शर्तों को पूरा करो वरना नहीं मिलेगी अगली किस्त

**आईएमएफ ने पाक को 11 शर्तों के साथ दी चेतावनी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने आतंक के पनाहगार देश को आर्थिक मदद देने के लिए 1 अरब डॉलर के लोन को मंजूरी देकर दुनियाभर में किरकिरी कराई थी, लेकिन अब उसे भी पाक का असली खेल शायद समझ आ गया है और वैश्विक निकाय ने बेलआउट की अगली किस्त जारी करने से पहले 11 नई शर्तें लगा दी हैं। यही नहीं पाक के लिए बड़ी चेतावनी भी जारी की है। पाकिस्तान पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी।

# हैदराबाद... बिल्डिंग में आग, 17 लोगों की मौत

## चारमीनार के पास हादसा : मृतकों में आठ बच्चे

- दर्दनाक: संकरी सीढ़ी से निकल ही नहीं पाए लोग
- प्रधानमंत्री राहत कोष से मुआवजे की घोषणा



**हैदराबाद।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दम घुटने से गई जान

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं। ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

### पीएम मोदी ने जताया दुःख

घटना पर पीएम मोदी ने दु:ख जताया है। उन्होंने कहा- हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दु:ख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

### महाराष्ट्र के सोलापुर में मालिक समेत 8 लोगों ने तोड़ा दम

**टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी भीषण आग**

इधर, महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार तड़के एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल हैं। यह हादसा सोलापुर एमआईडीसी स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल मिल्स में सुबह करीब 3:45 बजे हुआ। फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। मृतकों में फैक्ट्री के मालिक हाजी उस्मान हसनभाई मंसूरी, उनके परिवार के तीन सदस्य, जिनमें उनका डेढ़ वर्षीय पोता भी शामिल है। अग्निकांड में मरने वालों में चार श्रमिक शामिल हैं। आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकल विभाग को करीब पांच से छह घंटे लग गए।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया भूमिपूजन, नीमच के सौर ऊर्जा प्लांट का लोकार्पण भी

# भोपाल के समरधा में बनेगा भोज-नर्मदा द्वार

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**



भोपाल के होशंगाबाद रोड स्थित समरधा में भोज-नर्मदा द्वार बनेगा। इसके लिए रविवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव ने भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर निगम, भोपाल द्वारा सौर ऊर्जा परियोजना के प्रथम चरण में नीमच में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी लोकार्पण किया। भूमिपूजन से पहले सीएम ने कहा कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मप्र का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिए जाना जाता है। वहीं राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। ऐसे में हमारी सरकार ने तय किया है कि हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की जरुरत है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे। जिससे भोपाल और मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास हमें पुनः उसी दौर में ले जाए। वहीं, इससे राजधानी भोपाल को नया स्वरूप भी मिलेगा।

### प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल

नई शिक्षा नीति-2000 लागू होने के बाद हमारे गौरवशाली इतिहास से जुड़ी कई घटनाएं और प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। आने वाले समय में राजा भोज, मां नर्मदा सहित अवंतिका और अन्य अहम जानकारी पाठ्यपुस्तकों में जोड़ी जाएंगी।

### नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जाएंगे जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री तीनों देशों के नेताओं से मिलेंगे। वे द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे, आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात होगी। जर्मनी में नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने मई में ही पदभार संभाला है।

### पीएसएलवी-सी-61 मिशन फेल, तकनीकी खराबी

**श्रीहरिकोटा।** इसरो का पीएसएलवी-सी-61मिशन तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। इसरो का यह 101वां लॉन्च मिशन था। इसरो ने मिशन फेल होने के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी बनाई है। वहीं प्रक्षेपण के बाद आई तकनीकी खराबी को लेकर इसरो प्रमुख वी नारायणन ने कहा कि रविवार को सुबह-सुबह हमने श्रीहरिकोटा से 101वां प्रक्षेपण किया। पीएसएलवी-सी61 ईओएस-09 मिशन पूरा नहीं हो सका। पीएसएलवी चार चरणों वाला यान है। तीसरे चरण में मोटर ठीक से चालू हुआ, लेकिन फिर गड़बड़ी हुई। हम तीसरे चरण के संचालन का अवलोकन और अध्ययन कर रहे हैं। वैज्ञानिक अवलोकन कर रहे हैं।

# विवाहित पुत्री माता-पिता पर आश्रित नहीं मानी जा सकती

## बेटी की याचिका खारिज कर सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा- वो केवल कानूनी प्रतिनिधि

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विवाहित लड़की अपने माता-पिता पर आश्रित नहीं मानी जा सकती है। वह आश्रित नहीं, बल्कि केवल कानूनी प्रतिनिधि हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित पुत्री की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी मृतक मां के आश्रित होने के आधार पर मोटर दुर्घटना मुआवजे की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक बार जब पुत्री विवाह कर लेती है, तो यह तर्कसंगत रूप से माना जाता है कि अब उसका अधिकार उसके ससुराल में होता है और वह अपने पति या उसके परिवार द्वारा आर्थिक रूप से समर्थित होती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कोई विवाहित पुत्री कानूनी प्रतिनिधि हो सकती है, लेकिन उसे आश्रित होने के आधार पर मुआवजा तभी मिलेगा, जब वह यह साबित कर सके कि वह मृतक पर आर्थिक रूप से निर्भर थी। जस्टिस सुधांशु धूलिया की अगुआई वाली बेंच ने उस मामले में फैसला दिया, जिसमें महिला की मौत राजस्थान रोडवेज की बस के दोपहिया से टकराने से हो गई थी। हादसे में मारी गई महिला की विवाहित पुत्री और बुजुर्ग मां ने



54.3 लाख की मुआवजा याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि जैसे माता-पिता का अपने नाबालिग बच्चे का पालन-पोषण करना कर्तव्य है, वैसे ही वृद्धावस्था में बच्चे का अपने माता-पिता का भरण-पोषण करना भी कर्तव्य है। मृतका, एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं और यह कर्तव्य निभा रही थीं। इस वजह से उनकी मौत से मां के लिए कठिनाइयां उत्पन्न होंगी। भले ही यह माना जाए कि मां उस समय पूरी तरह आश्रित नहीं थीं, फिर भी भविष्य में आश्रय की आवश्यकता से इंकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित पुत्री के मामले में हाई कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखा, लेकिन मृतक की मां के मुआवजे को खारिज करने वाले आदेश को रद्द करते हुए 19,22,356 रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया। अपील आंशिक रूप से स्वीकार की गई।

**निराशा** जस्टिस बीआर गवई को रिसीव करने नहीं पहुंचे राज्य के सीएस-डीजीपी और मुंबई पुलिस कमिश्नर

# सीजेआई बोले- महाराष्ट्र के अफसर नहीं मानते प्रोटोकॉल

### न न्यायपालिका, न कार्यपालिका और संसद सर्वोच्च, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च

**एजेंसी ■ मुंबई**

सीजेआई बीआर गवई रविवार को मुंबई पहुंचे। उन्हें रिसीव करने सीएस, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर नहीं पहुंचे। इस पर उन्होंने बार काउंसिल के कार्यक्रम में निराशा जताई।

सीजेआई ने कहा-मैं इस बात से निराश हूं कि महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका ये तीनों लोकतंत्र के पिलर हैं। इन सभी को एक-दूसरे को सम्मान करना चाहिए। अगर भारत के चीफ जस्टिस पहली बार महाराष्ट्र आ रहे हैं तो ये उम्मीद की जाती है कि यहां के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर को मौजूद रहना चाहिए। ऐसा न करना सोचने पर मजबूर करता है।

### अंबेडकर स्मारक भी गए

मुंबई में महाराष्ट्र-गोवा बार काउंसिल ने सीजेआई का सम्मान समारोह रखा था। सीजेआई गवई ने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए उन्हें मिले प्यार और स्नेह के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। इसके पहले वे मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर स्मारक भी गए।



### अविस्मरणीय समारोह

समारोह के दौरान सीजेआई अपने लिए लोगों का सम्मान और प्यार देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं सभी का बहुत आभारी हूं। मुझे जो प्यार-सम्मान मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं। 40 साल से मुझे यह प्यार मिल रहा है। यह समारोह अविस्मरणीय है। मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं ढूंढ पा रहा हूं।

### तीनों स्तंभों को करना होगा सम्मान

सीजेआई ने कहा कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। देश का मूल ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। न तो न्यायपालिका, न ही कार्यपालिका और संसद सर्वोच्च है, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है।

मैंने अमरावती से शुरुआत की, एक झुग्गी में पला-बढ़ा, नगरपालिका स्कूल में पढ़ा। आज मैं जो कुछ भी हूं, मेरे माता-पिता और बाबा साहेब की वजह से हूं, जिन्होंने मुझे बहुत प्रभावित किया। प्रोटोकॉल कोई नई बात नहीं है, यह संवैधानिक संस्थाओं के बीच सम्मान का प्रतीक है। जब किसी संवैधानिक संस्था का प्रमुख दौरा करता है तो उसका स्वागत बहुत मायने रखता है।

**बीआर गवई,** सीजेआई

# नए पोप लियो 14 ने शपथ ली

**कार्डिनल ने अंगूठी पहनाई**

**200 देशों के लीडर मौजूद रहे**



**एजेंसी ■ वेटिकन**

वेटिकन में सेंट पीटर स्क्वायर पर नए पोप लियो-14 का शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से कई नेता वेटिकन पहुंचे हैं।

इस कार्यक्रम में हजारों लोग भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम रविवार को भारतीय समयानुसार 1:30 बजे शुरू हुआ। नए पोप और अन्य कैथोलिक चर्च के नेता शपथ ग्रहण शुरू होने से पहले बेसिलिका के अंदर सेंट पीटर की कब्र पर गए, और प्रार्थना किया। शपथ ग्रहण का पूरा कार्यक्रम करीब दो घंटे तक चला। पोप को एक धार्मिक वस्त्र और एक अंगूठी दी गई। धार्मिक वस्त्र नए पोप के पदभार ग्रहण करने का प्रतीक होता है। वहीं, कैथोलिक प्रथा और परंपरा के मुताबिक अंगूठी इस बात का संकेत होती है कि पोप कैथोलिक चर्च के प्रमुख और सेंट पीटर के उत्तराधिकारी हैं, जो पेशे से मछुआरे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां नर्मदा के अनन्य सेवक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'नदी का घर' पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. अनिल माधव दवे के कार्यों और व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए कहा कि स्व. दवे ने अपनी कर्तव्य-परायणता के साथ पूरा जीवन जनसेवा को समर्पित कर दिया। स्व. अनिल माधव दवे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी निःस्वार्थ सेवाओं और विशेष रूप से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'नमामि देवि नर्मदे' यात्रा जैसी अनेक पहलों के माध्यम से जनजागरण किया और पूरे समाज को प्रकृति के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

### सीएम ने भारद्वाज को पुनः मेयर चुने जाने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय मूल की प्रेरणा भारद्वाज को बकिंघमशायर (यूनाइटेड किंगडम) काउंसिल में एक बार पुनः मेयर चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सुश्री भारद्वाज ने अपनी यह उपलब्धि बाबा महाकाल और मां बगलामुखी को समर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारद्वाज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारी बहन प्रेरणा भारद्वाज अपने सेवा कार्यों और समर्पण से भारत राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर प्रतिस्थापित करेंगी।

### सीएम ने हैदराबाद में हुई अग्नि दुर्घटना पर किया दुःख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने की घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। उन्होंने पीड़ित सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिजन को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

---

#### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग को किया स्वीकृत

# कर्मयोगी हैं प्रदेश के कर्मचारी, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है हमारा प्रदेश

### डॉ. मोहन यादव का मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्म योगी हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है। कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को



संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गत माह लिए गए कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिऐ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रविंद्र भवन में उनका अभिनंदन किया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अंगवस्त्रम भेंट कर मुख्यमंत्री का तिलक किया। इसके साथ ही उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री को वृहद आकार की मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद मां सरस्वती और पूर्व वरिष्ठ श्रमिक नेता स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मांग स्वीकृत करने की घोषणा सीएम ने कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में स्थानांतरण नीति का क्रियान्वयन किया गया है।

### सभी जिलों में बैंड की पुलिस बैंड की स्वीकृति प्रदान

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान का वादा किया था। क्रमबद्ध रूप से सभी समस्याओं का निराकरण किया गया है। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान संचालित हैं। पुलिस में सभी पद भरे गए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों में बैंड की पुलिस बैंड की स्वीकृति प्रदान की गई है। रिक्त हुए पदों को प्रतिवर्ष लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित कर भरने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। शासकीय कर्मचारियों की सुविधा के लिए शासकीय आवास की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जा रही है। प्रदेश में लोक परिवहन के लिए बस सेवा भी आरंभ होने जा रही है। उन्होंने कहा कि न्यू मार्केट में बने 3000 नवीन आवासों का लोकार्पण कर कर्मचारियों को आवंटित किया गया। यह कर्मचारियों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने का एक प्रयास है। इसी प्रकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमा कवर का लाभ देने की स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर स्वास्थ्य बीमा का सुरक्षा कवच अधिकांश देशवासियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य बीमा संबंधी मांग स्वीकृत करने की घोषणा भी की।

---

# संग्रहालयों के तकनीकी उन्नयन से देश दुनिया में प्रदेश की विशेष बनी पहचान

#### प्रसिद्ध पुरातत्वविद पद्मश्री विष्णु श्रीधर वाकणकर के कार्यों और योगदान को समर्पित मैस्कॉट लोकार्पित

### मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय में इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का किया लोकार्पण

### अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना रहेगी अधूरी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के प्रति युवाओं की रूचि विकसित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए जानकारियों का आकर्षक रूप से प्रस्तुतिकरण आवश्यक है। धरोहरों के संरक्षण के लिए भी अद्यतन तकनीक का उपयोग जरूरी है। इस दृष्टि से राज्य संग्रहालय ने इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर आरंभ करने का नवाचार समयानुकूल है। प्रदेश में स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संग्रहालयों की समृद्ध परंपरा में मध्यप्रदेश जिस प्रकार से कार्य कर रहा है, उससे देश- दुनिया में प्रदेश की विशेष पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का लोकापर्ण किया तथा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों का भी वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम बदलते



दौर के भारत में रह रहे हैं। यह बदलाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। संग्रहालय अब इतिहासकारों और शोधार्थियों के साथ-साथ जनसामान्य के लिए भी रूचि-आकर्षण और ज्ञार्नाजन के केंद्र का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने राज्य संग्रहालय की सराहना करते हुए कि पर्यटकों के लिए अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा- उच्च शिक्षा और पर्यटन विकास निगम संयुक्त रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के संग्रहालय भ्रमण का संभागवार क्रम बनाएं, इससे विद्यार्थी, प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ेंगे और राज्य संग्रहालय की खुबियों से अधिक से अधिक लोग परिचित हो सकेंगे।

**वर्चुअल म्यूजियम केंद्र 'आंखों देखा' का शुभारंभः** मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम केंद्र 'आंखों देखा' का शुभारंभ किया गया, जो आगंतुकों को एक अद्वितीय डिजिटल अनुभव प्रदान करेगा। यह केंद्र इंटरैक्टिव और इमर्सिव तकनीक के माध्यम से बिना किसी फिजिकल गाइड के संग्रहालय की गहन यात्रा का अनुभव कराएगा। इससे दर्शकों को इतिहास को करीब से देखने का अनुभव मिलेगा और वे स्टीरियोस्कोपिक 3-डी में भव्य ऐतिहासिक महलों की एक रोमांचक कहानी यात्रा का अनुभव कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संचालनालय के अधिकृत मैस्कॉट वाकणकर दादा का लोकार्पण भी किया गया। यह मैस्कॉट प्रसिध्द पुरातत्वविद पद्मश्री विष्णु श्रीधर वाकणकर के कार्यों और योगदान को समर्पित किया गया है। उन्होंने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के त्रैमासिक न्यूज लैटर 'ऑफबीट मध्य प्रदेश' के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया।

### विकसित किए जा रहे महापुरुषों को समर्पित द्वार

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक केंद्रो को जन सामान्य से जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधयां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के प्रमुख नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों को समर्पित द्वार विकसित किए जा रहे हैं। हमारे देवस्थान अभी तक केवल पूजा-पाठ के लिए जाने जाते थे। प्रदेश में निर्मित हुए महाकाल लोक सहित अन्य लोकों ने मंदिरों को आस्था, श्रद्धा के साथ-साथ लोक रुचि का भी स्वरूप प्रदान किया है । प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला, मुद्रा व्यवस्था सहित संपूर्ण जीवन पद्धति उन्नत स्वरूप में थी। नवीनतम तकनीक से इनके संरक्षण और प्रस्तुतीकरण से हमारी समृद्ध धरोहर को वर्तमान और आगामी पीढ़ी की रूचि के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय परिसर में आयोजित 'संग्रहालय मेला' के अंतर्गत पुरातत्व के संरक्षण और संवर्धन से संबंधित विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने उत्खनन उपकरण के प्रकार और कार्य सहित दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेले में ऐतिहासिक इमारतों के 3डी प्रिंटिंग और कॉस्टिंग से बने मिनिएचर और पीओपी से बनी मूर्तियों को सराहा।

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने जल-स्त्रोतों का पुनरूद्धार पुनीत कार्य : देवड़ा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान पर्यावरण और जल संरक्षण, जल संरचनाओं के पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम बन गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने इस अभियान' से जल संकट के समाधान के लिए गंभीर पहल की है। जल संकट देश-प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया की चिंता का विषय है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए तो यह जीवन-मृत्यु का विषय है। भविष्य की चिंताओं का समाधान आज के अभियान में जल संवर्धन के प्रयासों में निहित है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान एक बहुस्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्त्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, बावड़ियों, पुराने कुओं और जलधाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है।देवड़ा ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जबलपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम के गुरैया गांव में बने खेत तालाब, कूप रिचार्ज निर्माण और बघराजी गांव में में लैगून पद्धति से जोगी तालाब के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया।

### ताप्ती नदी से निकाली गाद, हटाया कचरा और प्लास्टिक

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर में नया खेड़ा गांव के ताप्ती घाट छोटे पुल पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित श्रमदान में नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, जनपद अध्यक्ष राकेश सोलंकी, जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ लता शरणागत, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, एसडीएम वाखला, जनपद सीईओवंदना कैथल, जिला परियोजना प्रबंधक संतमति खलखो, पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित अन्य विभागों के अधिकारीगणों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रमदान करने वालों ने ताप्ती नदी में उतरकर गाद, नदी पुराने कपड़े और प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला। नदी में जमी हरी काई को भी साफ किया गया।

---

# नवाचार से गतिमान हुआ सहकारी आंदोलन

### एक वर्ष की उपलब्धियां

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग में नित नये नवाचार किए जा रहे हैं और नवाचार से गति पकड़ता जा रहा है मध्यप्रदेश सहकारी आंदोलन गतिमान हुआ है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में बताया कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। उन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए प्रदेश की सराहना की। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लिये लगभग हर माह सहकारिता संबंधी आयोजन करने का संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवायी जा रही है। नवाचार और अच्छा कार्य करने वालों को साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी के रूप में सम्मानित भी किया जायेगा। सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिये मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किए जाएंगे। सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। नई दिल्ली के इण्डिया हेबिटेड सेंटर में आयोजित 100वें राष्ट्रीय स्कॉच समिट में मध्यप्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को उनके फर्टिलाइजर सप्लाई चैन ऑटोमेशन प्रोजेक्ट आईएफएसएस को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के तहत सहकारिता क्षेत्र में कुल 2305 करोड़ राशि में 19 एमओयू हुए। यह एक क्रांतिकारी पहल है, जब नए सीपीपीपी मॉडल के तहत इतने एमओयू सहकारिता क्षेत्र में हुए। विभाग की गतिविधियों पर निरन्तर ध्यान दिया जा रहा है। सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। अब विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति का एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। इसी प्रकार अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में आईबीपीएस से भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। अपेक्स बैंक में 47 अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हुई है और 197 की भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिला सहकारी बैंकों में 1099 समिति प्रबंधक और 1568 बैंकिंग सहायक की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई है और 2675 पदों पर भर्ती की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है। मध्यप्रदेश में भारत सरकार से प्राप्त मॉडल बायलॉज सभी पैक्स में लागू कर पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया गया है।

### प्रदेश की नगरीय निकाय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए शहरी सुधार कार्यक्रम

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकाय प्रणाली में सुधार कर पारदर्शिता लाने और कार्यक्षमा में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरी सुधार कार्यक्रम योजना लागू की है। नगरीय निकायों की लेख प्रणाली के संभूति आधारित द्विप्रविष्टीय लेखा प्रणाली में परिवर्तन करने के लिये कार्य किया गया है। प्रदेश की 369 निकायों में यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नवगठित 44 निकायों में निविदाएं आमंत्रित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। प्रदेश के नगरीय निकायों में जी.आई.एस. आधारित मानचित्र तैयार कर संपत्तिकर के दायरे और वसूली में वृद्धि किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# देवी अहिल्या के सम्मान में मंत्रि-परिषद की बैठक कल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई माता होल्कर का 300वां जयंती वर्ष पूरे हर्षोल्लास से मना रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन, स्वावलंबन, आत्म-निर्भरता और महिला कल्याण की मिसाल लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के पुण्य सम्मान में मध्यप्रदेश सरकार की मंत्रि-परिषद की बैठक 20 मई को इंदौर शहर के राजवाड़ा में होगी। यह पहली बार होगा, जब मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थल पर होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में मंत्रि-परिषद की बैठक देवी अहिल्या बाई होल्कर के गौरवपूर्ण जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक पुण्य अवसर होगा। उन्होंने कहा कि राजवाड़ा भवन का निर्माण कार्य श्रीमंत मल्हार



राव जी होलकर महाराज द्वारा प्रारंभ किया गया था, जिसे लोकमाता अहिल्या बाई माता ने पूर्ण कराया था, उसी स्थल पर अब मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित कर उन्हें नमन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में होने वाली मंत्रि-परिषद की बैठक में राज्य की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तिथि अनुसार लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जयंती वर्ष, विवाह वर्षगांठ (20 मई) और महाराजा श्रीमंत मल्हार राव जी होल्कर की पुण्य-तिथि, ये तीनों सुयोग एक ही समय पर आ रहे हैं, जो इस आयोजन को और भी अधिक विशेष बनाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 20 मई से 31 मई तक पूरे राज्य में अलग-अलग सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 19 मई को इंदौर में एक मंचीय कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन के विविध पहलुओं को एक लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह अद्भुत प्रस्तुति नागपुर, महाराष्ट्र से आये सुघड़ कलाकारों द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती को और अधिक स्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 31 मई को भोपाल में भी एक बड़ा आयोजन किया जाएगा।

### मंत्री शुक्ला मुंगावली में तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

**भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा अशोकनगर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला भारतीय सेना के पराक्रम एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मुंगावली में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में मुंगावली देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। भारत माता की जय और वंदे-मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया। प्रभारी मंत्री शुक्ला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

---

**समारोह** | मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल में डिजिटल लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

# पत्रकारों का तीर्थस्थल है माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय

सत्ता सुधार ■ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। मंत्री विजयवर्गीय रविवार को भोपाल में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और




हस्तियों का सम्मान किया गया। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरुआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सुरेश पचौरी ने अपने उदबोधन में कहा कि विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पचौरी ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से दी जाने वाली मदद को सराहनीय बताया। संस्थान के संस्थापक सदस्य विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान पुस्तकालय सेवा के 3 प्रारूप में कार्यरत है। पत्रकार एवं पाठक वर्ष 1984 से इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत सीएसआर मद से उपलब्ध धन राशि से सप्रे संग्रहालय के 20 लाख दुर्लभ दस्तावेजों और पुराने जर्जर पृष्ठों का डिजिटलीकरण हुआ है। संग्रहालय की संदर्भ सामग्री का फायदा लेकर 1240 शोधार्थियों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से पीएचडी एवं डी.लिट्. की उपाधियां अर्जित की हैं। संग्रहालय में बिजली की बचत के लिए 10 किलोवाट क्षमता क सौर ऊर्जा पैनल भी लगाए गए है। समारोह में सहयोग देने वाली संस्थाओं के साथ शिवकुमार अवस्थी, स्व. सुरेश शर्मा, स्व. शौकत रमूजी के उल्लेखनीय योगदान के लिये उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

## 246 वारंटियों सहित शराब तस्कर व सटोरिया दबोचे, हिस्ट्रीशीटर्स को किया चेक

# कॉम्बिंग गश्तः बदमाशों के घर पुलिस ने दी दस्तक, पूछा- कैसे चल रहा है खर्चा-पानी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के मकसद से पुलिस अफसर देर रात कॉम्बिंग गश्त करने फील्ड में उतरे, जिन्होंने बदमाशों के घर दस्तक देकर उनका रिकॉर्ड अपडेट करते हुए पूछा कि आजकल उनका खर्चा- पानी कैसे चल रहा है। वहीं उन्हें कड़े शब्दों में हिदायत भी दी, कि अगर वह कुछ भी गड़बड़ी करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुल 246 वारंटियों सहित शराब तस्कर व सटोरिया सहित अन्य आरोपी भी दबोचे गए। वहीं 185 गुंडों एवं 166 हिस्ट्रीशीटर्स को चेक किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले समाजकंटकों में हड़कंप मचा हुआ है।





एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर शनिवार- रविवार की दरमियानी रात एएसपी कृष्ण लालचंदानी, गजेंद्र वर्धमान, सुमन गुर्जर, निरंजन शर्मा एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों व फोर्स के साथ क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया। इससे पूर्व सर्किल वाइज फोर्स को अलग- अलग स्थानों पर एकत्रित कर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ब्रीफ करते हुए क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों द्वारा फोर्स के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए फरारी बदमाशों, वारंटियों, गुंडों, हिस्ट्रीशीटर्स एवं जिलाबदर आरोपियों की उनके घरों पर चेकिंग के साथ ही बैंक एटीएम, होटल, लॉज, धर्मशाला व ढाबों की भी जांच की गई। वहीं पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा मुंह बांधे दो पहिया वाहन चालकों की विशेष तौर पर चेकिंग की गई।

### मॉनिटरिंग करने एसएसपी खुद निकले

एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा स्वयं कॉम्बिंग गश्त की मॉनिटरिंग की गई। इसके लिए वह देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे, जिन्होंने संबंधित पुलिस अफसरों से जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। पुलिस कप्तान ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### एक ही रात हुई इतनी कार्रवाई

कॉम्बिग गश्त के दौरान पुलिस द्वारा एक ही रात में 154 स्थाई व 92 गिरफ्तारी सहित कुल 246 वारंट तामील कराए गए, साथ ही 185 गुंडों एवं 166 हिस्ट्रीशीटर्स को चेक किया। जबकि पुरानी छावनी, तिघरा, चीनोर, पनिहार एवं हस्तिनापुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के एक- एक, झांसी रोड में सट्टे का एक प्रकरण दर्ज किया गया। इसके साथ ही चार अन्य प्रकरणों में भी अलग- अलग कार्रवाई की गई। वहीं कई सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटर्स का रिकॉर्ड अपडेट किया।

# अवैध रूप से शराब बेच रहे तस्कर को घेराबंदी कर दबोचा



### आरोपी के कब्जे से सात पेटी देशी प्लेन मदिरा बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अवैध यप से शराब बेच रहे तस्कर को करहिया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दबोचा है, जिसके कब्जे से करीब सात पेटी अवैध देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उससे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अवैध शराब व मादक पदार्थों की खरीद- फरोख्त पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में एएसपी निरंजन शर्मा को मुखबिर के जरिए सूचना मिली, कि करहिया थाना क्षेत्र में खेड़ा नहर की पुलिया के पास एक तस्कर द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस पर उन्होंने भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाइच के मार्गदर्शन में करहिया थाने की पुलिस टीम को तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। जिसके पास मौजूद बोरे की तलाशी लेने पर उसमें से करीब 21 हजार रुपए कीमत की 350 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां की गई पूछताछ में उसने अपना नाम नवाब सिंह (50) पुत्र दौलत सिंह रावत निवासी ग्राम बेला बताया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए तस्कर के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कायमी कर उससे पूछताछ की जा रही है, कि वह यह अवैध शराब कहां से लेकर आया था तथा किन लोगों के बीच उसे खपाने वाला था।

**इनका कहना है**

मुखबिर की सूचना पर एक तस्कर को पकड़ा है, जिसके कब्जे से करीब सात पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर यह पता लगाया जा रहा है कि वह यह शराब कहां से लेकर आया था।

**देवेंद्र लोधी**
**थाना प्रभारी करहिया**

## सामाजिक सद्भाव बिगाड़ रहे आधा दर्जन सोशल मीडिया हैंडलर्स को नोटिस

# एसएसपी की शहरवासियों से अपीलः नफरत फैलाने वालों का करें तिरस्कार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर का माहौल सद्भाव बनाए रखने को पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है, जिसके चलते सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ रहे आधा दर्जन सोशल मीडिया हैंडलर्स को कानूनी नोटिस भेजकर उत्तर मांगा गया है, जिनके विरूद्ध विधि अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी एसएसपी धर्मवीर सिंह ने ट्वीट कर दी। वहीं उन्होंने शहरवासियों से अपील की है, कि इस प्रकार से नफरत फैलाने वाले सोशल मीडिया हैंडलर्स का तिरस्कार करें।




यहां बता दें कि भारतीय सेना द्वारा जारी ऑपरेशन सिंदूर को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रूचिका चौहान द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आर्मी के वाहनों के फोटो- वीडियो लेने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही सामाजिक, धार्मिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने, भड़काऊ फोटो, कट- आउट, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स, फ्लैक्स बनाने एवं उसके प्रदर्शन तथा किसी भी फोटो, वीडियो, रील, सोशल मीडिया पर अपलोड/ फॉरवर्ड किया जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। उसके बावजूद कुछ सोशल मीडिया हैंडलर्स द्वारा सामाजिक सद्भाव को डिस्टर्ब करने वाले मैसेज, फोटे- वीडियो, रील आदि पोस्ट किए जा रहे हैं।

### सायबर सेल लगातार कर रही निगरानी

एसएसपी के निर्देश पर सायबर सेल द्वारा सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की लगातार निगरानी कर रही है। जिसके चलते छह ऐसे सोशल मीडिया हैंडलर्स को चिंहित किया गया है, जो भड़काऊ पोस्ट के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र डिस्टर्ब करने का प्रयास कर रहे हैं। आज इन सभी सोशल मीडिया हैंडलर्स को पुलिस द्वारा लीगल नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। जिनके जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जरूरतमंदों को सहयोग करना हम सबका कर्तव्यः डॉ. राजकुमार आचार्य

■ **भाविप विवेकानंद शाखा ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 15 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित**

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारत विकास परिषद्, विवेकानंद शाखा द्वारा रविवार को जैबो नेत्रालय एवं लेसिक सेंटर, गोविंदपुरी में निःशुल्क नेत्ररोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेयू के कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. रवि अम्बे, क्षेत्रीय पदाधिकारी नीरज अग्रवाल, आरके चोपड़ा व डॉ. थॉमस मंचासीन थे। शिविर के आरंभ में विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष नीरव सिंघल, सचिव राहुल जैन, कोषाध्यक्ष मयंक गर्ग ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन किया। स्वागत भाषण प्रांतीय संयोजक स्वास्थ्य मेघना सिंघल ने दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि समाज के प्रति हम सबकी जवाबदारी होती है। जरूरतमंदों को सहयोग करना हम सबका कर्तव्य है। भारत विकास परिषद् के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी जो कार्य किया जा रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। डॉ. रवि अम्बे ने कहा कि संकल्प लेकर जरूरतमंदों की सेवा करने का कार्य समाज के सभी वर्ग करें। इसके लिये जन जागरूकता भी आवश्यक है। शिविर में मोतियाबिंद एवं लेसिक सर्जन डॉ. थॉमस, कालापानी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका यादव एवं नेत्र कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अनन्या जोशी ने 210 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया। इनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर परिषद के डॉ. अनिल कुमार शर्मा, अरुण डागा समेत अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# रामजानकी मंदिर से जुड़ी बेशकीमती लगभग 40 हजार वर्गफुट सरकारी जमीन से हटाए अतिक्रमण

■ **सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये चलाई जा रही मुहिम के तहत की गई कार्रवाई**



**ग्वालियर।** लश्कर क्षेत्र में आगरा- मुम्बई मार्ग पर स्थित बेशकीमती लगभग 40 हजार वर्गफुट सरकारी जमीन जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। रामजानकी मंदिर से जुड़ी माफी मंदिर की इस जमीन से जिला प्रशासन, पुलिस तथा नगर निगम के मदाखलत दस्ते द्वारा मशीनों के सहयोग से अतिक्रमण हटवाए गए। जमीन की कीमत लगभग 7 करोड़ रूपए आंकी गई है। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिले में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुहिम के तहत यह कार्रवाई की गई है। एसडीएम लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव के नेतृत्व में गई टीम ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाए। एसडीएम यादव ने बताया कि ग्राम कोटा लश्कर स्थित सर्वे क्रमांक-1132 की लगभग 2 बीघा जमीन पुराने एबी रोड पर स्थित है। इस जमीन का लगभग 500 फुट हिस्सा एबी रोड के सामने है। इस वजह से इस जमीन की कीमत और भी ज्यादा है। तीन अतिक्रामकों द्वारा लगभग 40 हजार वर्गफुट पर अवैध रूप से दो अलग-अलग गैराज एवं पत्थर का फड़ संचालित किया जा रहा था। रविवार को संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर नगर निगम की जेसीबी मशीन से ये सभी अतिक्रमण ध्वस्त कराए गए। कार्रवाई के लिये गई टीम में तहसीलदार शिवदत्त कटारे व विनय गोयल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात नरेश अन्नौटिया, थाना प्रभारी जनकगंज एवं नगर निगम के अधिकारी शामिल थे।

## आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

# पत्रकारिता निष्पक्ष नहीं तटस्थ होना चाहिएः अनंत विजय

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पत्रकार को निष्पक्ष नहीं तटस्थ होना चाहिए। किसी के प्रभाव में न आकर बिना भेदभाव के सकारात्मक पत्रकारिता करना चाहिए। पत्रकारिता सिर्फ सूचना का आदान-प्रदान नहीं है बल्कि जन भावना को व्यक्त करना, सार्वजनिक हित की बातों को उभारकर लाना है। साथ ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी समाचार से समाज और देश का नुकसान नहीं होना चाहिए। हालांकि टीआरपी के चक्कर में आज की पत्रकारिता कुछ गड़बड़ा गई है। इसलिए हमें नारद जी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यह बात दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय ने आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा बाल भवन में संवेदनशील विषयों पर पत्रकारिता और जिम्मेदारी विषय पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ.अरविंद शुक्ला थे। अध्यक्षता मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीधर कुंटे ने की। कार्यक्रम संयोजक बलराम सोनी एवं चयन समिति के अध्यक्ष प्रवीण दुबे भी मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि डॉ.शुक्ला ने पत्रकारों से देवर्षि नारद जी के जीवन को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि वह सकारात्मक पत्रकारिता करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलन मंत्र व्याप्ति उमड़ेकर एवं कथक कला केंद्र की छात्राओं ने मनोहारी गणेश वंदना प्रस्तुत की। अतिथि परिचय गोपाल गुप्ता, अतिथियों का स्वागत राजीव अग्रवाल, जोगेंद्र सेन, अभिषेक शर्मा, रवि उपाध्याय, विनोद शर्मा, विक्रम प्रजापति, मुकुंद पाठक, अशोक चौहान, दीपक सोनी, नारायण पिरोनिया, मनीष मांझी, आयुष जैन ने किया। चयन समिति के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार डॉ.भगवान स्वरूप चैतन्य एवं सुरेश दंडौतिया को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह दीपक तोमर, प्रियंक शर्मा, कमल मिश्रा, राममोहन वर्मा, नवीन सविता, शुभम चौधरी ने प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन राजेश वाधवानी एवं प्रस्तावना और आभार कार्यक्रम संयोजक बलराम सोनी ने व्यक्त किया। वंदेमातरम गीत रितिका प्रजापति ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, वरिष्ठ प्रचारक ओमप्रकाश सिसौदिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग के सह विभाग कार्यवाह द्वय निरुपम निवासकर, मुनेंद्र कुशवाह, विभाग प्रचार प्रमुख डॉ.निशांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.केशव पांडेय, डॉ.सुरेश सम्राट, अनुराग त्रिवेदी, वीरेंद्र तिवारी, दिनेश चन्द्र राव, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।



**इनका हुआ सम्मान**

लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड बच्चन बिहारी, वरिष्ठ पत्रकार सम्मान रमन पोपली, श्रेष्ठ प्रवासी पत्रकार डॉ.मयंक चतुर्वेदी, श्रेष्ठ पत्रकार डॉ.प्रदीप बौहरे, श्रेष्ठ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर सुनील पाठक, श्रेष्ठ फोटो जर्नलिस्ट संजय भटनागर, श्रेष्ठ वीडियो जर्नलिस्ट संजय चंदेल, बेस्ट आउटपुट अजय रावत, श्रेष्ठ आंचलिक पत्रकार विकास पांडे, श्रेष्ठ वेब पोर्टल/ डिजिटल मीडिया प्रवीण शर्मा को दिया गया।

## डबरा देहात थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

तेज रफ्तार दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसा डबरा देहात थाना क्षेत्र में हुआ, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत प्रकरण कायम कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विवेचना शुरू कर दी गई है।



डबरा देहात थाना क्षेत्रांतर्गत सिद्ध वाली पहाड़ी के पास बीती रात तेज रफ्तार दो बाइक्स आपस में भिड़ गईं, जिससे उन पर सवार पांचों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डबरा देहात टीआई सुधाकर सिंह तोमर तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स द्वारा नब्ज टटोलते ही गंभीर रूप से घायल एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि शेष घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 281 व 125ए के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### 12 दिन पहले ही आया था मृतक

हादसे में मृत युवक की शिनाख्त पप्पू आदिवासी (40) पुत्र सोखीलाल आदिवासी निवासी मानिकपुर चित्रकूट उप्र हाल रजियावर दफाई के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह 12 दिन पूर्व ही रजियावर दफाई स्थित अपनी ससुराल आया था। घटना के वक्त वह राजाराम बघेल के साथ डबरा से वापस ससुराल लौट रहा था। जबकि दूसरी बाइक पर संजय (30), आशाराम (18) एवं राजवीर (20) सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी, कि उसमें दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग सड़क पर गिरकर घायल हुए हैं।

# इवेंट मैनेजर से रेप कर भागा बदमाश बिहार से पकड़ा

### पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पहुंचाया जेल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

इवेंट मैनेजर से रेप कर फरार हुए बदमाश को हजीरा थाना पुलिस ने बिहार के पश्चिमी चम्पारण से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी को ग्वालियर लाकर उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल पहुंचा दिया गया है।



एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों के फरार आरोपियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हजीरा थाना पुलिस को तकनीकी सहायता के आधार पर पता लगा कि थाने में बीएनएस की धारा 64, 332(बी) व 351(3) के तहत दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी सरफराज अहमद पश्चिमी चम्पारण बिहार में छुपा हुआ है। उक्त जानकारी जब एएसपी कृष्ण लालचंदानी को लगने पर उन्होंने महाराजपुरा सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में हजीरा थाने की टीम को चम्पारण बिहार पहुंचाया गया। पुलिस टीम ने बीते गुरुवार को ग्राम रायवाडी महुआबा में आरोपी के घर पर रेड करते हुए वहां मौजूद आरोपी को धरदबोचा, जिसने पूछताछ में उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया है। इस पर पुलिस द्वारा आरोपी को ग्वालियर लाकर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे सेंट्रल जेल पहुंचा दिया गया है। उक्त कार्रवाई में हजीरा टीआई शिवमंगल सिंह सेंगर, एसआई नरेंद्र छिकारा, आरक्षक अरुण कुमार लोधी व अनिल पोरसिया की सराहनीय भूमिका रही।

### यह है पूरा मामला

हजीरा थाने में बीती 28 अप्रैल को पीड़िता ने शिकायत की थी, कि वह शादियों में इवेंट का काम करती है। करीब डेढ़ साल पहले चम्पारण बिहार हाल गोले का मंदिर ग्वालियर निवासी सरफराज अहमद (25) पुत्र हफीजुल्लाह उमर से झांसी के एक शादी इवेंट में मुलाकात हुई थी। हम एक- दूसरे से कॉल पर बातचीत करते थे। जिसके चलते बीती 21 मार्च की शाम वह मेरे किराए के घर में घुस आया और मुझे अकेला पाकर शादी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म कर दिया और मुझे धमकी दी की यह बात किसी को बताई या थाने रिपोर्ट करने गई तो मुझे व तेरी मां को जान से खत्म दूंगा। मैने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। जब मुझे पता चला कि मैं करीबन एक डेढ़ महीने की गर्भवती हूं। तो मैंने हिम्मत करके अपनी मां को घटना के बारे में बताया, तो वह मुझे थाने लेकर आईं हैं। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64, 332 (बी) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी।

### फूलबाग मैदान व इटालियन गार्डन की पुरानी बावड़ियों की साफ-सफाई का काम शुरू कराया

# जल विहार की काई निकालकर कलेक्टर ने दिया जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश

■ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त एवं शहर के नागरिकों के साथ श्रमदान करने जल विहार पहुँचीं कलेक्टर



**ग्वालियर।** ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में स्थित पुरानी बावड़ियों व अन्य जल संरचनाओं का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान रविवार की सुबह नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं शहर के पर्यावरण प्रेमियों व नागरिकों के साथ फूलबाग मैदान पहुँचीं और यहाँ स्थित एक पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य की शुरूआत कराई। साथ ही जल विहार स्थित जलाशय की काई निकालकर सफाई अभियान प्रारंभ किया। इसके साथ ही इटालियन गार्डन परिसर में स्थित एक बावड़ी की सफाई कर शहरवासियों को जल संरचनाओं को साफ-सुथरा रखने एवं उनका संरक्षण करने का संदेश दिया।

फूलबाग स्थित जिस पुरानी बावड़ी के नजदीक एक सोखता पिट बनवाकर उसे बावड़ी से जोड़ा जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान फूलबाग मैदान का पूरा पानी इस बावड़ी में आयेगा। इससे क्षेत्र के जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। अभी तक यह पानी व्यर्थ में स्वर्ण रेखा में होकर बह जाता था। कलेक्टर चौहान ने कहा कि जल विहार को सभी के सहयोग से साफ-सुथरा बनाया जायेगा। उन्होंने सुबह की सैर एवं योग करने आए शहरवासियों का आह्वान किया कि वे जल विहार को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही कहा कि आप सब यह जिम्मेदारी निभायें कि कोई भी जल विहार के जलाशय में गंदगी न डालने पाए। जल विहार परिसर में आवारा कुत्तों की वजह से सुबह की सैर में आ रही परेशानी की ओर कुछ लोगों द्वारा ध्यान आकर्षित किए जाने पर उन्होंने जल विहार के मुख्य द्वार पर जाली लगाई जाएं। जल विहार एवं इटालियन गार्डन के भ्रमण के दौरान कलेक्टर चौहान ने यहाँ पर बैठकर पेंटिंग बना रहे फाइन आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों से चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पार्षद रेखा त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व शहर के नागरिक मौजूद थे।

#### गाँधी प्राणी उद्यान का भी लिया जायजा

कलेक्टर रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान करने के बाद नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के साथ गाँधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) का जायजा भी लिया। उन्होंने खासतौर पर गाँधी प्राणी उद्यान में प्रस्तावित विकास कार्यों के स्थल देखे और सभी कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बाघ, एशियन शेर, विशेष प्रजाति के बंदर, हिप्पो, ऑस्ट्रिच इत्यादि प्राणियों के रहवास व उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे भोजन इत्यादि व अन्य सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली।

### शराब पीकर मारपीट का बदला लेने पहुंचे बदमाश

# युवक को बुरी तरह पीटा, हाथ पकड़ कर सड़क पर घसीटने से हड्डी फ्रेक्चर, अस्पताल में भर्ती

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शराब को लेकर हुए विवाद के बाद बर्बरता की हद पार करते हुए 4 बदमाशों ने 1 युवक की न सिर्फ बेरहमी से पिटाई की बल्कि भीषण गर्मी की चिलचिलाती धूप में उसे घसीटते हुए ले गए। इस दौरान कुछ महिलाओं और पुरुषों ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा।

जानकारी के मुताबिक, सेवा नगर पहाड़ी में रहने वाले मठरी नाम के युवक का शराब पीने के दौरान अपने दोस्त बंटी यादव से विवाद हो गया था। युवक ने नशे में बंटी की पिटाई कर दी थी। जिसका बदला लेने के लिए बंटी अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलाकर मठरी के घर पहुंच गया। जहां उसे जमकर पीटा और घसीटते हुए ले गए।मारपीट में घायल मठरी की हड्डी टूट गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किला गेट थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 10-30 बजे के आस-पास बंटी अपने भाई राजेश और दो अन्य दोस्तों के साथ लाठी-डंडे लेकर मठरी के घर पहुंचा। चारों ने मठरी को घर से निकाला और उसकी पिटाई शुरू कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि मठरी को आरोपी जमीन पर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। मठरी के परिजन बचाने की गुहार लगाते रहे। कुछ देर बाद उन्होंने मठरी को अधमरा कर वहीं छोड़ दिया। मारपीट में मठरी की हड्डी टूट गई। वहीं दूसरी तरफ बंटी ने मठरी पर चाकू से हमला करने का आरोप भी लगाया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है ,अब दोनों पक्षों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।



#### किसी ने वीडियो बनाकर किया वायरल

जिस समय हमलावर मठरी की मारपीट करके घसीटते हुए ले जा रहे थे, तभी स्थानीय लोगों ने पूरी घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि हमलावर किस तरह युवक को पैर पकड़कर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। वायरल वीडियो पुलिस के पास भी पहुंचा है ।

#### पुलिस ने क्रॉस में मामला किया दर्ज

इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीद उर्फ मठरी की बहन की शिकायत पर मामला दर्ज किया तो दूसरे पक्ष से छोटू यादव घायल हालत में थाने पहुंचा है। उसने थाने में मठरी और उसके भाई बाबू कुरैशी पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। दोनों ही पक्षों ने थाने में एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

### भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को लेकर मोहना मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**भितरवार।** भितरवार विधानसभा क्षेत्र के मोहना मंडल की ग्राम पंचायत सेहसारी मैं रविवार को भितरवार विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम वासियों के साथ भारतीय सेना के शौर्य - पराक्रम एवं साहस के दम पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय सहसारी से मुख्य मार्ग से होते हुए भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, मां भारती जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के उद्घोष के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा गांव की जिस गली से होकर गुजरी उसे गली में रहने वाले लोगों के बीच में देशभक्ति का जज्बा दिखाई दिया और उन्होंने भी जगह-जगह तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए भारत माता की जय जयकार की।



### मेला प्राधिकरण के वादों पर यकीन कर व्यापारियों ने समर नाइट मेला लगाया, अब प्राधिकरण ने मुंह मोड़ा



**ग्वालियर।** ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में इस पहली मई से समर नाइट मेला शुरू हो चुका है। ये मेला दो महीने तक चलेगा और रोजाना शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक सैलानियों के लिए खुला है। मेले के लिए तैयारियां व्यापारियों ने काफी पहले से ही शुरू कर दी थी। कारोबारियों ने अपनी दुकान और झूलों को सजा लिया है। दुकानदारों और झूला संचालकों को यहां रोजाना हजारों रुपए खर्च करना पड़ रहे हैं लेकिन सैलानी नहीं आ रहे हैं, इस कारण मेला दुकानदारों को रोजाना घाटा उठाना पड़ रहा है। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, संयोजक उमेश उप्पल सचिव महेश मुदगल, संयुक्त अध्यक्ष अनिल पुनियानी, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज गुर्जर, सह संयुक्त अध्यक्ष कलली पंडित ने समर नाइट मेला के व्यापारियों की व्यथा को उजागर करते हुए कहा है कि समर नाइट मेला में सैलानी इसलिए नहीं आ रहे हैं क्योंकि मेला प्राधिकरण ने समर नाइट मेला का न तो व्यापक ढंग से प्रचार किया और न ही यहां सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में समर नाइट मेला में सैलानियों को आकर्षित करने के लिए मेला प्राधिकरण ने कोई कदम नहीं उठाए हैं। मेला व्यापारियों की सुरक्षा से भी मेला प्राधिकरण खिलवाड़ कर रहा है। यहां न तो फायर बिग्रेड का अमला तैनात किया गया है और न ही असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है जबकि इस भीषण गर्मी के मौसम मैं अग्नि दुर्घटनाएं कुछ ज्यादा ही होती हैं। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी व्यथा अब मेला प्राधिकरण के सचिव को ज्ञापन भेंटकर भोपाल और दिल्ली तक अपनी बात पहुंचाई है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप, संभागायुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त को संबोधित ज्ञापन पत्र में मेला व्यापारियों ने अपनी नाराजगी और समस्याओं का इजहार करते हुए कहा कि ग्वालियर में चल रहे समर नाइट मेला का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए।

# जीएसटी की जटिलताएं निरंतर समाप्त हो रही हैः वैशाली मल्होत्रा





सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जीएसटी की जटिलताएं निरंतर समाप्त हो रही है और उसे लगातार आसान बनाने के लिए सरकार ओर विभाग कार्य कर रहे हैं। इसका परिणाम है कि जीएसटी के राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह बात जीएसटी गुड़गांव आयुक्त वैशाली मल्होत्रा ने ग्वालियर मैनेजमेंट एसोशिएशन के मासिक संवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कही। सिटी सेंटर एक निजी होटल में जीएमए का मासिक संवाद कार्यक्रम जीएसटी के ऊपर रखा गया था। इस कार्यक्रम में सबसे पहले जीएसटी के एग्जीक्यूटिव वाइस्प्रेसिडेंट डॉ. मनोज पटवर्धन ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि यह संस्था वर्ष 1995 में एमके जैन ने स्थापित की थी, जो अब सफलता पूर्वक 31 वे वर्ष में प्रवेश कर गई है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हमारे सदस्यों की जो खूबी या विशेषता है सबसे पहले हमारा प्रयास होता है कि वह सभी सदस्यों के बीच ओर शहर के बीच जाए इससे सभी लाभान्वित हो सके। इसीलिए यह मासिक संवाद कार्यक्रम किया जाता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा अपनी जिज्ञासा भी रखी जिसका समाधान आयुक्त मल्होत्रा द्वारा किया गया। इसके बाद जीएसटी आयुक्त वैशाली मल्होत्रा ने कहा कि आप स्वयं महसूस कर रहे होंगे कि सरकार ओर विभाग मिलकर जीएसटी को आसान कर रहे हैं और आप लोग भी लगातार फीडबैक विभाग को दे जिसके आधार पर उन पर विचार कर युक्तियुक्त निर्णय लिया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्यातिथि वैशाली मल्होत्रा को स्मृति चिन्ह संस्था के सचिव श्याम अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव मोहित वर्मा और आभार संयुक्त सचिव द्वितीय गरिमा माथुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, आशीष अग्रवाल, संजीव सिंह, राहुल शर्मा, नंदकिशोर गोयल, जयदीप सिंह, विपिन खेतान, रिदम अग्रवाल, विनीत त्रिपाठी, एनके छारी, संदीपा मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

### प्रमुख चौराहों पर आज होगा भारत माता का पूजन

**ग्वालियर।** भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन 19 मई को महानगर के 29 चौराहों पर सायं 6.30 बजे आपरेशन सिंदूर के समर्थन में भारत माता का पूजन करेंगे। जानकारी के अनुसार विवेकानंद चौराहा थाटीपुर, अमरचंद बाठिया चौराहा, अचलेश्वर मंदिर चौराहा, राजमाता चौराहा, कुलपति निवास चौराहा, माधौगंज चौराहा, हजीरा चौराहा, नदीगेट चौराहा, दीनदयाल नगर चौराहा, किलागेट चौराहा, महाराज बाड़ा, हेमू कालानी चौराहा, फूलबाग चौराहा, हुजरात चौचैराहा, बारादरी चौराहा, लक्ष्मीबाई समाधि, विश्वविद्यालय चौराहा, शास्त्री चौक, सूर्य नमस्कार चौराहा मेला ग्राउण्ड, भीम सिंह राणा चौराहा, बहोडापुर चौराहा, राममंदिर चौराहा, माधवनगर चौराहा, पिंटोपार्क चौराहा, विवेकानंद चौराहा चेतकपुरी, आनंदनगर चौराहा, गोले का मंदिर, हेमसिंह की परेड चौराहा पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भारत माता का पूजन किया जायेगा।

# 108 एंबुलेंस सेवा 3 दिन से ठप, मरीजों की जिंदगी खतरे में

**भितरवार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार के अंतर्गत आने वाले चीनौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर घटना- दुर्घटना में घायल सहित अन्य मरीजों को निश्शुल्क रूप से आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के साथ परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है लेकिन पिछले तीन दिन से उक्त एम्बुलेंस खराब होने की जानकारी एंबुलेंस चालक द्वारा बताई जा रही है। तो वही समय पर एंबुलेंस की सुविधा का लाभ न मिल पाने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है, तो दूसरी ओर एंबुलेंस चालक पर फर्जी लोकेशन डालकर अपने निजी उपयोग में लेने के साथ अस्पताल या पुलिस थाने में एंबुलेंस को न रखकर अपने गांव में घर पर रखने का आरोप की बात भी सामने आई है।

घटना- दुर्घटना में घायलों के अलावा गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके जिसको लेकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चीनौर में तैनात की गई 108 एम्बुलेंस की सुविधा का लाभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उक्त एम्बुलेंस पर तैनात तैनात चालक संजय यादव पर उसके ही गांव दौनी के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चीनौर पर शासन स्तर से उपलब्ध कराई गई 108 एम्बुलेंस कभी भी अपनी लाइव लोकेशन पर खड़ी न रहते हुए अक्सर दौनी गांव में चालक संजय यादव के घर पर ही खड़ी रहती है।



#### इनका कहना है,

108 एम्बुलेंस के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर चीनौर के स्वास्थ्य प्रभारी से बात हुई है, तो उन्होंने बताया कि जब भी गाड़ी कहीं जाएगी उसकी सभी जानकारी चालक हमें देकर जाएगा। साथ ही प्राप्त शिकायत पर जांच कर रहे हैं। अगर चालक द्वारा फर्जी कैश डालने की बाद जांच में सही पाई जाती है तो चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ आर एस सिलावट - प्रभारी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भितरवार**

108 एंबुलेंस की लोकेशन पुलिस थाना है लेकिन चालक द्वारा कहां रखी जा रही है, की जानकारी नहीं थी फिर भी भितरवार और चीनौर के चिकित्सकों को समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, फिर भी गड़बड़ हो रही है तो स्वयं जांच कर कार्यवाही करूंगा।

**आईपी निवारिया- नोडल व एंबुलेंस सेवा जांच अधिकारी**

### पुलिस ने कलारी के पास से दबोचा वाहन चोर

**ग्वालियर।** कंपू थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कलारी के पास से एक वाहन चोर को दबोचा गया है, जिसके कब्जे से क्षेत्र से चुराई गई एक बाइक भी बरामद कर ली गई है। पकड़े गए आरोपी से वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी सुमन गुर्जर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि कंपू थाना क्षेत्र से बाइक चोरी करने वाला आरोपी नया बाजार स्थित कलारी के पास खड़ा हुआ है। इस पर उन्होंने इंदरगंज सर्किल सीएसपी रॉबिन जैन के मार्गदर्शन में कंपू थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया। जिसने वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी करते हुए धरदबोचा। जिसने पूछताछ में स्वयं को हनुमान पहाड़िया खजांची बाबा की दरगाह कंपू का रहने वाला बताते हुए सरकारी मल्टी के सामने से बाइक चोरी करना स्वीकार लिया। आरोपी की निशांदेही पर उक्त चुराई गई बाइक को भूरी माता मंदिर के पास झाड़ियों से बरामद कर ली गई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी अन्य वाहन चोरियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में कंपू टीआई मदन मोहन मालवीय, एसआई रूद्र पाठक, प्रधान आरक्षक राजपाल सिंह गुर्जर, धर्मेंद्र सिकरवार, आरक्षक शेरसिंह, वीरभान, हितेंद्र शर्मा व समीम खान की सराहनीय भूमिका रही।

### शिवेंद्र चौधरी एकादशी का अगले चक्र में प्रवेश

**ग्वालियर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा महादजी सिंधिया हॉकी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में दर्पण मिनी हॉकी स्टेडियम पर आयोजित 7ए साइड हॉकी प्रतियोगिता में शिवेंद्र चौधरी एकादश ने हसरत कुरैशी एकादश को 3-1 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच के आठवें मिनट में पीयूष लोधी ने मैदानी गोलकर हसरत कुरैशी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। वहीं शिवेंद्र चौधरी एकादश टीम ने पलटवार करते हुए समर यादव ने पेनल्टी कॉर्नर को 15 मिनट में गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के 19 में मिनट में समर यादव ने मैदानी गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। वहीं मैच के 28 मिनट में शिवेंद्र चौधरी एकादशी के समर यादव ने तीसरा मैदानी गोल किया और अपनी हैट्रिक पूरी की वहीं मैच का स्कोर 3-1 कर दिया। हसरत कुरैशी टीम के खिलाड़ियों ने मैच में वापसी के बहुत प्रयास किया परंतु शिवेंद्र चौधरी टीम के डिफेंस ने उनके प्रयासों को नाकाम कर दिया और अंतिम सिटी बजने तक स्कोर 3-1 से शिवेंद्र चौधरी टीम विजयी रही। रविवार के मैच के अंपायर विक्रम सिंह एवं रितु अनामिका तिर्की रहे, वहीं टेक्निकल टेबल पर ममतासिंह, संगीता दीक्षित, नेहा सेन, शिवानी गौतम, पुष्पेंद्र शर्मा एवं भारत कुशवाहा मौजूद रहे। मैच के मुख्य अतिथि महेंद्र यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अच्छा अवसर है। सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान अच्छे खेल से अपनी टीम और दर्शकों का दिल जीतने का प्रयास करें।

वहीं मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जडेल सिंह गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बच्चन सिंह यादव मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत विवेक विशाल आयोजन सचिव, दिलशाद खान, रईस कुरैशी, अनिल भटनागर, अरुण भटनागर, पुष्पेंद्र सिंह, निक्की कौशल, अर्जुन शर्मा, राजू चौहान आदि ने किया। आभार प्रदर्शन अविनाश भटनागर टूर्नामेंट डायरेक्टर ने किया।

आवश्यकता है
ऑफिस वर्क हेतु लड़कों की
उम्र सीमा 16 से 20 वर्ष
एवं बाई की
संपर्क करे - 9111008850

#### 18 दिन पूर्व लापता किशोरी को पुलिस ने मशक्कत कर तलाशा

**ग्वालियर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत उटीला थाना पुलिस द्वारा 18 दिन पूर्व लापता हुई किशोरी को मशक्कत कर खोज निकाला, जिसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जहां की फायरिंग व पथराव वहीं ले जाकर निकाला जुलूस

■ जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों की पुलिस ने निकाली हेकड़ी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



मामूली विवाद पर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों की हेकड़ी पुलिस ने अच्छी तरह से निकाल दी। जिसके चलते जिस जगह पर उन्होंने फायरिंग व पथराव किया था, वहीं ले जाकर उसका जुलूस निकाला गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में तमाशबीन जुट गए।

यहां बता दें कि बीते शुक्रवार को चौड़े के हनुमान मंदिर चार शहर का नाका निवासी पंकज (25) पुत्र बाबूराम यादव ने हजीरा थाने में शिकायत की थी, कि शाम 6.30 बजे के लगभग मेरा ममेरा भाई अमित यादव दूध लेकर घर जा रहा था, तभी शमशान घाट वाली गली के पास हर्षित शर्मा बाइक से अपने दो साथियों के साथ तेज रफ्तार से बगल से निकला, तो अमित ने उनको रोककर बोला कि गाड़ी धीरे चलाओ मेरे लग जाती तो। इस पर हर्षित ने अमित की कॉलर पकड़कर धक्का-मुक्की कर दी। उसी वक्त मैं वहां पहुंच गया, तो मैंने हर्षित व उसके साथियों को समझाया, जिससे वह चले गए। इसके करीब आधा घंटे बाद हर्षित व उसके दो साथी बाइक से आए और मेरे घर पर पत्थर फेंकने लगे। मैं बाहर निकलकर उन्हें समझाने लगा, तभी हर्षित ने मेरे ऊपर कट्टे से फायर कर दिया, तो मैंने झुककर अपनी जान बचाई। यह देख कॉलोनी के लोग इकट्ठे हो गए, तो आरोपी बाइक छोड़कर भाग निकले। मामले में पुलिस द्वारा छह आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। वहीं एसएसपी धर्मवीर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी व महाराजपुरा सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में हजीरा थाने की टीम को आरोपियों की पतारसी में लगाया गया था। पुलिस टीम द्वारा रविवार को वारदात में संलिप्त आरोपी राहुल राजपूत (23) पुत्र कल्याण सिंह राजपूत निवासी गदाईपुरा, सौरभ पुत्र रामसेवक कड़ेरे निवासी माधव नगर, हर्षित पुत्र मोहनलाल शर्मा निवासी चौड़े के हनुमान नगर व कृष्ण उर्फ मिलन उर्फ यतेंद्र वर्मा पुत्र राजू वर्मा निवासी राधा विहार कॉलोनी को धरदबोचा। जिन्हें घटना की तस्दीक करवाने पुलिस मौके पर लेकर पहुंची, तो उसे देखने के लिए तमाशबीनों का जमावड़ा लग गया। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी शातिर बदमाश है। जिसके खिलाफ पूर्व पांच अपराध पंजीबद्ध हैं, जिनमें ग्वालियर, हजीरा, बहोड़ापुर थानों में दर्ज आर्म्स एक्ट, मारपीट, धमकाने आदि के मामले शामिल हैं। पुलिस द्वारा घटना में शामिल उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

## कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक-/क्यु/3/मा.रा./खनिज /2025-26/929 ग्वालियर, दिनांक- 13/07/2025

### सूचना पत्र

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया गया है कि आवेदिका श्रीमती [illegible] पत्नी श्री [illegible] निवासी- जे-723, दर्पण कॉलोनी थाटीपुर जिला ग्वालियर म.प्र. द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन नवीन आवेदन पत्र दिनांक- 09/05/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्वालियर | मुरार | बिलेहटी | 2147 (S) | 2.880 | शासकीय | मिट्टी | - |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्रों में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से "30 दिवस" के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला ग्वालियर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/ दावे पर विचार नहीं किया जावेगा।

G-12991/25

प्रभारी खनि अधिकारी
खनिज शाखा
जिला ग्वालियर

## ब्रीफ न्यूज

### सेक्स और ड्रग्स के बहाने ब्लैकमेलर के चंगुल में फंसे एलन मस्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकार एलन मस्क की जिंदगी में रूस की खुफिया एजेंसी की घुसपैठ की रिपोर्ट सामने आई है। पूर्व एफबीआई एजेंट ने दावा किया है कि रूसी खुफिया एजेंसियां मस्क की सेक्स और ड्रग्स की आदतों का इस्तेमाल कर उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश की। उसने यह भी दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को इस साजिश का पूरा पता था। जर्मन प्रसारक जेडीएफ द्वारा प्रसारित एक डॉक्यूमेंटरी में पूर्व एफबीआई काउंटरइंटेलिजेंस एजेंट जोनाथन बुमा ने दावा किया कि रूसी खुफिया एजेंसियों ने अरबपति एलन मस्क को सेक्स और ड्रग्स के शौक का फायदा उठाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद मस्क और पेटीएम के सह-संस्थापक पीटर थिएल पर रूसी जासूसों की नजर थी।

### मूडीज ने दिया झटकाः कहा- ट्रंप डुबा रहे हैं लुटिया, कभी नहीं सोचा था, ऐसे दिन आएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने पूरी दुनिया को परेशानी में डाला हुआ है। यहां तक की खुद अमेरिका की वित्तीय सेहत पर साफ दिखने लगा है पहले ट्रेड वार, फिर टैक्स छूट और अब ब्याज का बढ़ता बोझज इन सबने मिलकर अमेरिका का वह हाल कर दिया है, जो उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कभी दुनिया की सबसे भरोसेमंद अर्थव्यवस्था मानी जाने वाली अमेरिका की साख अब खतरे में पड़ती दिख रही है जो अमेरिका कभी दूसरों की रेटिंग का फैसला करता था, आज खुद रेटिंग डाउनग्रेड का शिकार है। मूडीज़ की रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिका का राजकोषीय घाटा 2024 में जीडीपी का 64 प्रतिशत रहने का अनुमान है और 2035 तक यह 9 प्रतिशत तक जा सकता है साथ ही फेडरल कर्ज 2024 में जीडीपी का 98 प्रतिशत है, जो 2035 में 134 प्रतिशत तक बढ़ सकता है इतना ही नहीं, सरकार की कुल कमाई का 30 प्रतिशत हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में जा सकता है, जो अभी 18 प्रतिशत है यह आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका की आर्थिक नीतियों की नाव अब धीरे-धीरे डगमगाने लगी है, और उस पर नियंत्रण के लिए नेतृत्व में इच्छाशक्ति की कमी है मूडीज़ ने इस बात पर भी चिंता जताई कि हाल के वर्षों में अमेरिकी सरकारें आवश्यक वित्तीय सुधारों को लागू करने में नाकाम रही हैं।

### 227 सवार लोगों से भरा मैक्सिकन नौसेना का जहाज ब्रुकलिन ब्रिज से टकराया, 19 घायल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। ये हादसा उस वक्त हुआ जब मैक्सिकन नौसेना का जहाज निकल रहा था तभी ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया। इस जहाज में कुल 227 लोग सवार थे जिसमें से 19 लोग घायल हो गए, जबकि 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की पुष्टि न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने एक प्रेस ब्रीफिंग में की है। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:26 बजे हुई, जब जहाज ब्रुकलिन ब्रिज के नीचे से गुजरने का प्रयास कर रहा था।

---

#### यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की कुल आबादी करीब 24 करोड़ है

# यूएन ने चेताया कहा- गाजा, सूडान और हैती जैसा हो जाएगा पाकिस्तान का हाल

**एजेंसी ■ रोम**



पाकिस्तान की हालत भी खराब होती जा रही है और अगर उसने अपनी स्थिति में सुधार नहीं किया, तो आने वाले दिनों में उसकी हालत गाजा और सूडान की तरह हो जाएगी। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की कुल आबादी करीब 24 करोड़ है, जिसमें पांच से कम उम्र के 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। इतना ही नहीं, कुल जनसंख्या के 2017 फीसद लोग ऐसे हैं, जिन्हें जीवन के जरूरी पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इन आंकड़ों को दुनिया के लिए बेहद खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया में भूख और कुपोषण के फैलने की दर हमारी नियंत्रण क्षमता से कहीं अधिक है। हालांकि वैश्विक स्तर पर उत्पादित अन्न का एक-तिहाई बर्बाद हो जाता है। एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फंड में कमी होना लगातार भूखमरी जैसी वैश्विक समस्या को और जटिल बना रहा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की स्थिति और खराब हुई, जिससे 53 देशों में 29.5 करोड़ लोग भूख से प्रभावित रहे। साल 2023 की तुलना में पूरी दुनिया में भूख से प्रभावित लोगों की संख्या में 1.37 करोड़ की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा दुनिया के सबसे कमजोर क्षेत्रों में तीव्र खाद्य असुरक्षा में लगातार छठी वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। खाद्य संकटों पर साल 2025 में वैश्विक नेटवर्क में यह रिपोर्ट छपी थी। यह एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन है जिसमें खाद्य और कृषि संस्थान, संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम और विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। तीव्र खाद्य असुरक्षा आम तौर पर कई कारकों के संयोजन से उत्पन्न होती है। इसमें गरीबी, आर्थिक झटके और मौसम में असंतुलन अहम हैं। आबादी के कुछ हिस्से को भूख के अलावा कुछ दूसरी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। साल 2024 में सूडान के कुछ हिस्सों में अकाल की पुष्टि हुई थी। गाजा पट्टी, दक्षिण सूडान, हैती और माली में खाद्य असुरक्षा भयावह स्तर पर दर्ज की गई थी। गाजा पट्टी में, मानवीय सहायता में वृद्धि की वजह से अकाल की स्थिति नहीं बनी। रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान और नाकाबंदी जारी रही तो मई और सितंबर 2025 में जोखिम बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में जबरन विस्थापित किए गए 12.8 करोड़ लोगों में से लगभग 9.5 करोड़ - जिसमें आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति, शरण चाहने वाले और शरणार्थी शामिल हैं - पहले से ही खाद्य संकट से जूझ रहे देशों में रह रहे थे।इसके अलावा, आर्थिक झटकों ने 15 देशों में खाद्य असुरक्षा को जन्म दिया, जिससे 5.94 करोड़ लोग प्रभावित हुए, मौसम में बदलाव की घटनाओं ने भी 18 देशों को संकट में डाल दिया, जिससे 9.6 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए, विशेष रूप से दक्षिण एशिया, अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में लोग प्रभावित हुए।

---

# अमेरिका के टोरनेडो में तूफान ने पूरी रात मचाई तबाही, 27 की गई जान

#### अमेरिकी दक्षिणी राज्य केंटकी और मिसूरी मानों पूरी तरह से उजड़ गए... हजारों-लाखों लोग बेघर हो गए है

**एजेंसी ■ टोरनेडो**



अमेरिका के टोरनेडो में आए तूफान ने तबाही मचा दी। यहां 27 लोगों की जान चली गई जबकि हजारों लोग बेघर हो गए। मिडवेस्ट और साउथ के राज्यों में आधी रात को आए इस काल ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली। हर तरफ तबाही के सबूत बिखरे पड़े हुए थे। अमेरिकी दक्षिणी राज्य केंटकी और मिसूरी मानों पूरी तरह से उजड़ गए हैं। हजारों-लाखों लोग बेघर हो गए है। गवर्नर एंडी बेशर ने बताया कि उनके राज्य में 18 लोगों की मौत हुई, जिसमें 17 मौतें लॉरैल काउंटी में और एक पलास्की काउंटी में हुई। मिसूरी में सात लोगों की जान गई, जबकि उत्तरी वर्जीनिया में दो लोगों की मौत पेड़ गिरने से हुई। केंटकी में 10 लोग गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।

यूएस 17 मई, 2025 को आए तूफ़ान में किम्बर्ली वेल्स अपने घर को हुए नुकसान के बाद अपने सामान को खंगाल रही हैं। वेल्स के कई दोस्त और परिवार के सदस्य तूफ़ान के अगले दिन नुकसान की सफ़ाई में मदद करने के लिए पहुंचे थे। हलॉरैल काउंटी में टोरनेडो ने घरों को तहस-नहस कर दिया। लंदन की रहने वाली कायला पैटरसन ने बताया कि वह अपने पति और पांच बच्चों के साथ बेसमेंट में टब में छिप गई थीं। उन्होंने कहा, 'दूर से चीजें टूटने और कांच चटकने की आवाजें आ रही थीं। ऐसा लग रहा था कि मालगाड़ी पटरी पर आवाज करती जा रही है। मेरे घर को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आस पड़ोस के घर आंधी में ध्वस्त हो गए। शेरिफ के कार्यालय ने रातभर और सुबह तक बचे लोगों की खोज की। एक स्थानीय हाई स्कूल में आपातकालीन आश्रय बनाया गया। ग्रोवर फिशबेक एक कमरे के दरवाजे के चौखट पर खड़े होकर किम्बर्ली वेल्स के घर को हुए नुकसान को देख रहे हैं, जब मोर्गनफील्ड, केंटकी में तूफानों की एक श्रृंखला आई थी।

मिसूरी में सेंट लुइस की मेयर कारा स्पेंसर ने बताया कि उनके शहर में पांच लोगों की मौत हुई। शुक्रवार को टोरनेडो में 38 घायल हुए और 5,000 से अधिक घर तबाह हो गए। उन्होंने कहा, ÷यह तबाही दिल तोड़ने वाली है।÷ सबसे प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लागू है। सेंट लुइस के सेंटेनियल क्रिश्चियन चर्च का हिस्सा ढह गया, जिसमें एक महिला पैट्रिशिया पेनल्टन की मौत हो गई। सेंट लुइस जू में तितली सुविधा की छत क्षतिग्रस्त हुई और तितलियों को चेस्टरफील्ड कंजर्वेटरी में रख दिया गया है। स्कॉट काउंटी में टोरनेडो से दो लोगों की मौत हुई और कई घर नष्ट हो गए।

केंटकी में पहले भी ऐसी आपदाएँ आ चुकी हैं। 2021 में टोरनेडो से 81 लोगों की मौत हुई थी, 2022 में बाढ़ से दर्जनों लोग मारे गए थे। शोधकर्ताओं के अनुसार, पारंपरिक 'टोरनेडो एले' (ओक्लाहोमा, कंसास) की तुलना में अब मिड-साउथ में टोरनेडो ज्यादा हो रहे हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि टेक्सास, ओक्लाहोमा, और अरकंसास में रविवार तक बड़े ओले, तेज हवाएं और टोरनेडो का खतरा बना रहेगा। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने पहले चेतावनी जारी नहीं की। विशेषज्ञ फिलोमन गीर्टसन ने कहा कि यह टोरनेडो ही था, जो लंदन कॉर्बिन हवाई अड्डे तक पहुंच गया था।

---

# अमेरिका ने भारतीय को बाहर कर दिया, अब बांग्लादेश भी दे रहा धमकी



**एजेंसी ■ ढाका**

पहले अमेरिका ने कई भारतीयों को निकालकर बाहर कर दिया। अब बांग्लादेश भी भारतीयों को निकालने की धमकी दे रहा है। बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बड़े जोर-शोर से ऐलान किया कि बांग्लादेश में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को 'कूटनीतिक और कानूनी तरीके' से वापस भेजा जाएगा। सुनने में तो बड़ा अच्छा लगता है, मानो बांग्लादेश कोई नियम-कानून का पक्का पैरोकार हो। लेकिन जरा रुकिए, ये वही बांग्लादेश है, जिसके लाखों-करोड़ों नागरिक भारत में बिना कागजात के धड़ल्ले से रह रहे हैं, और अब वह भारत को कूटनीति का पाठ पढ़ा रहे हैं। चौधरी ने सातखीरा में एक सीमा चौकी के उद्घाटन के दौरान बड़ी-बड़ी बातें कीं। बोले, हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हैं। लेकिन, अगर इतना ही नियम-कानून पसंद है, तो पहले अपने उन नागरिकों को तो देख लो, जो भारत के हर कोने में बिना वीजा-पासपोर्ट के जमे हुए हैं। बांग्लादेश ने भारत को पत्र लिखकर कहा है कि अगर कोई बांग्लादेशी भारत में अवैध रूप से पकड़ा जाता है, तो उसे वापस भेजा जाए। ठीक है, लेकिन क्या बांग्लादेश यह भूल गया कि भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की संख्या करोड़ों में है?

2016 में भारत सरकार ने राज्यसभा में बताया था कि करीब 2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। यह संख्या ऑस्ट्रेलिया की पूरी आबादी के बराबर है! 2004 में यूपीए सरकार ने 1.2 करोड़ का आंकड़ा दिया था, जो बाद में बढ़कर 2 करोड़ तक पहुंच गया।

---

# लंदन में सिख दम्पति पर पाकिस्तानी गुंडों ने किया हमला

**एजेंसी ■ लंदन**



यहां एक सिख दम्पति ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार पर पाकिस्तानी गुंडों के एक समूह ने हमला किया तथा इसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब शहर के मेयर सादिक खान के आदेश के कारण हुआ। अपनी बात को साबित करने के लिए लंदन के एक रेस्टोरेंट मालिक हरमन सिंह कपूर ने कहा कि दो दिन पहले एक पाकिस्तानी को पाकिस्तानी कहने पर शहर की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उन पर नस्लीय भेदभाव का आरोप लगाया। कपूर ने ट्वीट किया कि कल रात मैंने पाकिस्तानियों के एक समूह द्वारा हमला किए जाने के बाद 999 पर कॉल किया। जब पुलिस आई, तो एक अधिकारी मेरी ओर दौड़ा, जबकि अन्य चिल्ला रहे थे, इसे गिरफ्तार करो! मेरा अपराध? मैंने एक पाकिस्तानी को एक पाकिस्तानी कहा। उन्होंने मुझ पर नस्लीय रूप से उत्तेजित होने का आरोप लगाया- असली हमलावरों पर नहीं। यह सादिक खान के अधीन पुलिसिंग है। लंदन में पाकिस्तानियों के एक समूह द्वारा किए गए हमलों की अपनी व्यथा का ब्यौरा देते हुए दम्पति ने कहा कि यह पिछले ढाई वर्षों से हो रहा है, जिसके कारण अंततः पति को गिरफ्तार कर लिया गया। दंपत्ति ने एक वीडियो में कहा कि 'हमारे परिसर में ही कुछ पाकिस्तानी गुंडों ने हम पर हमला किया। हमें कुछ चोटें आई हैं। पति ने खुद को और अपने परिवार को बचाने की कोशिश की। जबकि पत्नी ने पुलिस को बुलाया। बाद में पति को गिरफ्तार कर लिया गया। क्योंकि मेरा नाम खान नहीं है और हम आतंकवादी नहीं हैं।' एक अलग वीडियो में महिला ने कहा कि पुलिस के पास हुए हमलों के सबूत हैं। मगर उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है, क्योंकि वे लंदन के मेयर सादिक खान के नियंत्रण में हैं, जिनकी जड़ें पाकिस्तान में हैं।

### आसमान में उड़ रहे दो हेलीकॉप्टर आपस में भिड़े, कई लोगों की मौत

**हेल्सिंकी।** फिनलैंड में हेल्सिंकी के पश्चिमी यूरा प्रांत में भयानक हादसा हुआ, यहां दो हेलीकॉप्टर हवा में उड़ते हुए एक दूसरे से भिड़ गए और जमीन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस भीषण हादसे में कई लोगों के मारे जाने की खबर है, हालांकि मृतकों की सटीक संख्या और उनकी पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। यह हादसा उस क्षेत्र में हुआ, जहां हाल ही में अप्रैल के अंत में फिनिश सेना के वसंत सैन्य अभ्यास के दौरान ब्रिटिश हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन तैनात थे। ऐसे में उठे सवालों के जवाब में फिनिश जनरल स्टाफ के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि इस क्रैश में फिनिश वायु सेना या किसी अंतरराष्ट्रीय सैन्य बल के हेलीकॉप्टर शामिल नहीं थे।

फिनिश पुलिस ने बताया कि दोनों हेलीकॉप्टरों में कुल पांच लोग सवार थे। हादसे में 'कई लोगों की मौत' की पुष्टि की गई है, लेकिन जांच अभी जारी है ताकि मृतकों की संख्या और उनकी पहचान का पता लगाया जा सके।

---

# मर चुकी है मां पर गर्भ में पल रहा बच्चा, 3 माह बाद लेगा जन्म

#### जॉर्जिया कानून के तहत गर्भपात या जीवन रक्षक प्रणाली नहीं कर सकते बंद

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**



एक 30 साला की महिला को फरवरी में ब्रेन-डेड घोषित कर दिया गया था, उसको अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के गर्भपात विरोधी कानूनों के चलते अब भी जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। उसका भ्रूण 21 सप्ताह का है और डॉक्टरों का मनना है कि वह गर्भावस्था की पूरी अवधि पूरी करे ताकि शिशु का जन्म संभव हो सके। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि एड्रियाना स्मिथ नाम की इस महिला के परिवार का कहना है कि अस्पताल ने उन्हें बताया कि जब तक भ्रूण के दिल की धड़कन चालू है, तब तक जॉर्जिया कानून के तहत गर्भपात या जीवन रक्षक प्रणाली को बंद नहीं किया जा सकता है। स्मिथ की मां ने बताया कि उनकी बेटी को फरवरी में सिरदर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां जांच में मस्तिष्क में खून के थक्के पाए गए थे। बाद में डॉक्टरों ने उसे ब्रेन-डेड घोषित कर दिया था। स्मिथ की मां ने कहा था कि उनकी बेटी अब कानूनी रूप से जीवित नहीं है, लेकिन मशीनें उसे जीवित दिखा रही हैं ताकि भ्रूण विकसित हो सके। उन्होंने चिंता जताई कि डॉक्टरों के मुताबिक भ्रूण के मस्तिष्क में तरल पदार्थ है और वह जन्म के बाद जीवित नहीं रह सकता है। मातृ-भ्रूण चिकित्सा विभाग के प्रमुख ने कहा कि यह मामला नैतिक और चिकित्सकीय रूप से बेहद जटिल है। यह उन चुनौतियों को उजागर करता है जो कड़े गर्भपात कानूनों और परिवार की इच्छा के बीच टकराव में उत्पन्न होती हैं। अस्पताल ने इस पर कोई व्यक्तिगत टिप्पणी देने से इनकार करते हुए कहा कि वह हमेशा राज्य कानूनों और चिकित्सा विशेषज्ञों की सिफारिशों के आधार पर काम करता है। हमारी प्राथमिकता मरीजों की सुरक्षा और भलाई है।

---

**असंतोष**

#### एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर यानी विवाहेतर संबंध, यह मुद्दा जितना संवेदनशील है, उतना ही आम होता जा रहा है

# विवाहेतर संबंधों से आ रही रिश्तों में दरार

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**



एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर यानी विवाहेतर संबंध, यह मुद्दा जितना संवेदनशील है, उतना ही आम होता जा रहा है। शादी के बाद भी कई लोग किसी और के प्रति आकर्षित हो जाते हैं, और इसके पीछे सिर्फ एक कारण नहीं, बल्कि कई भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक परिस्थितियां होती हैं।

कई बार व्यक्ति अपने जीवनसाथी से वो जुड़ाव महसूस नहीं करता जिसकी उसे जरूरत होती है। जब भावनात्मक संतुलन बिगड़ता है, अपनापन कम होता है या समझ की कमी महसूस होती है, तो इंसान किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित हो सकता है जो उसकी उस कमी को भर सके। सिर्फ भावनात्मक नहीं, शारीरिक असंतोष भी एक बड़ी वजह बनता है। यदि रिश्ते में रोमांस, स्पर्श या शारीरिक सामंजस्य की कमी हो, तो कुछ लोग बाहर सुख तलाशने लगते हैं। एकरसता भी कारणों में शामिल है। सालों तक एक ही रिश्ते में रहने के बाद लोग कभी-कभी उत्साह और नयापन पाने के लिए बाहर की ओर देखना शुरू कर देते हैं। सोशल मीडिया, ऑफिस और डिजिटल कनेक्शन इस आकर्षण को आसान बना देते हैं। कई बार यह कदम केवल किसी परिस्थिति में लिया गया होता है, जैसे अकेलापन, यात्रा के दौरान अवसर मिलना या शराब के प्रभाव में निर्णय लेना। कुछ मामलों में यह भावनात्मक बदले की प्रतिक्रिया होती है - अगर किसी को लगता है कि उसके साथ विश्वासघात हुआ है, तो वह भी ऐसा कदम उठा सकता है, ताकि अपना दर्द दिखा सके या खुद को संतुलित कर सके। हालांकि विवाहेतर संबंधों को केवल गलत करार देना आसान है, पर कई बार ये एक गहरे संकट की ओर इशारा करते हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

अगर समय रहते संवाद हो, एक-दूसरे को समझने की कोशिश हो और ज़रूरत पड़े तो काउंसलिंग ली जाए, तो रिश्ता संभाला जा सकता है। रिश्ते में विश्वास, इज़्ज़त और समय की अहमियत जितनी जल्दी समझी जाए, उतना बेहतर है, क्योंकि कई बार एक अफेयर सिर्फ धोखा नहीं, बल्कि एक सिग्नल होता है कि कुछ तो छूट रहा है। आज की तेज़ रफ्तार और डिजिटल होती ज़िंदगी में रिश्तों की जटिलता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। शादी जैसे बंधन को लोग अब पहले की तरह नहीं निभा पा रहे हैं।

---

# चीन का घातक प्लानः ऐसी डिवाइस बनाने में लगा जिसका बटन दबाते ही पूरी दुनिया होगी तबाह?


**एजेंसी ■ लंदन**

अमेरिका के सोलर फार्म में चीनी कंपनियों के बनाए गए पाट्‌र्स में कुछ ऐसी चीजें मिली हैं जिसने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है ये हैं 'किल स्विच' एक ऐसा बटन जिसे दबाकर चीन पल भर में अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के पावर ग्रिड को तबाह कर सकता है। खुफिया एजेंसियों के होश तब उड़ गए जब इंजीनियरों ने पावर इनवर्टर के अंदर छोटे-छोटे कम्युनिकेशन डिवाइस खोज निकाले ये इनवर्टर सोलर एनर्जी सिस्टम का सबसे जरूरी हिस्सा होते हैं जो उन्हें पावर ग्रिड से जोड़ते हैं आमतौर पर इन इनवर्टर को दूर से अपडेट और ठीक करने के लिए एक्सेस किया जा सकता है लेकिन सुरक्षा के लिए फायरवॉल लगाए जाते हैं ताकि चीन से सीधा संपर्क न हो सके लेकिन शातिर चीनने एक नया तरीका ढूंढ निकाला है। अमेरिकी एक्सपट्‌र्स ने जब इन उपकरणों को खोलकर जांचा तो उनके अंदर ऐसे कम्युनिकेशन डिवाइस मिले जिनका कहीं कोई ज़िक्र नहीं था ये डिवाइस फायरवॉल को चकमा देकर इनवर्टर को दूर से बंद कर सकते हैं या उनकी सेटिंग बदल सकते हैं सोचिए अगर ऐसा हुआ तो क्या होगा?

# कटघरे में संविधान... हीरक जयंती के दौर में सवालिया निशान....?

हमारी आजादी के करीब पच्चीस माह बाद जन्म लेने वाले हमारे संविधान की हम अब हीरक जयंती मना रहे है और इसी दौर में अब हमारे संविधान को सवालों के कटघरें में खड़ा करने की कौशिशें भी की जा रही है, वह भी किसी राजनेता या उसके दल द्वारा नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च संवैधानिक हस्ती द्वारा, राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय से चौदह सवाल पूछकर जानना चाहा है कि- ''सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल व राष्ट्रपति के लिए 'डेड लाईन' कैसे तय कर सकता है?'' वैसे आजादी के बाद से अब तक के वर्षों में संविधान को लेकर अनेक सवाल खड़े किए गए है, यही नही सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने बहुमत का फायदा उठाकर अपनी सुविधानुसार संविधान में सवा सौ से अधिक संशोधन भी किए है, किंतु निशान किसी राजनीतिक दल ने नही बल्कि स्वयं संविधान प्रमुख राष्ट्रपति ने लगाने की कौशिश की है। इस तरह एक बार फिर प्रजातंत्र के स्तंभों में टकराव की स्थिति पैदा हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा है कि ''जब कोई विधेयक राज्यपाल के पास आता है तो उनके पास क्या संवैधानिक विकल्प होते है? क्या राज्यपाल मंत्री परिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य है? जब वे अनुच्छेद 200 के तहत् अपने विकल्पों का इस्तेमाल करते है तो क्या उन्हें हमेशा मंत्री परिषद की बात माननी चाहिए? राष्ट्रपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या अनुच्छेद-200 के तहत् राज्यपाल जो फैसले लेते है उनकी न्यायिक समीक्षा हो सकती है या नही? क्या अदालतें उन फेसलों पर सवाल उठा सकती है?''

अपने चौदह सवालों की फहरिश्त में राष्ट्रपति ने यह भी पूछा है कि क्या अनुच्छेद-361, अनुच्छेद-200 के तहत् राज्यपाल के कार्यों की न्यायिक समीक्षा पर पूरी तरह से रोक लगा सकता है? राष्ट्रपति यह भी पूछती है कि क्या अदालतें न्यायिक आदर्शों के माध्यम से समय सीमा तय कर सकती है, क्या वे यह भी बता सकती है कि राज्यपाल को अनुच्छेद-200 के तहत् अपनी शक्तियों का प्रयोग कैसे करना चाहिए? साथ ही राष्ट्रपति के विवेकाधिकार की समीक्षा हो सकती है या नहीं? राष्ट्रपति ने यह भी पूछा है कि क्या अदालतें न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय सीमा तयकर समती है? क्या वे यह भी बता सकती है कि राष्ट्रपति को




अनुच्छेद-201 के तहत् अपनी शक्तियों का प्रयोग कैसे करना चाहिए?

राष्ट्रपति ने यह भी पूछा है कि क्या राष्ट्रपति को सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेनी चाहिए जब राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति की सहमति के लिए आरक्षित करते है? इस तरह राष्ट्रपति ने अपने चौदह सवालों के माध्यम से संविधान की कानूनी धाराओं का हवाला देते हुए अनेक संवैधानिक सवालों के जवाब जानना चाहे है।

# खेल कूद और देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम



▪ संजय गोस्वामी

**देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम है सबसे बड़ा खिलाड़ी देश के सैनिक हैं खेल कूद मानव जीवन के लिए एक वरदान है जो उसे स्वस्थ्य रखने के लिए उपहार स्वरूप मिली है खेल में भाग लेने से सबसे पहला लाभ स्वास्थ्य ही है क्योंकि खेल का मैदान वह स्थान है जो स्वास्थ्य पर एक स्थायी छाप छोड़ता है यह शरीर का एक ऐसा ढ़ाचा तैयार करता है जो चुस्त फुर्तीला और बलिष्ठ होता है खेल शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिमय बनाये रखता है**

खेल कूद के दौरान शरीर के लगभग सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है, शारीरिक व्यायाम को विभिन्न कारणों से किया जाता है जिसमें मांसपेशियों और हृदयतंत्री प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, एथलीटिक कौशल को बढ़ाना, वजन घटाना या उसे बनाए रखना तथा मनोरंजन आदि शामिल हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। यदि किशोर शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं हैं तो उनके बीमार होने का जोखिम बहुत है।बार बार और नियमित रूप से किया गया व्यायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और हृदय रोग, हृदयतंत्री रोग टाइप टू का मधुमेह तथा मोटापे जैसी जीवन शैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में सहायता करता है। शरीर की मांसपेशिया सुदृढ़ बनती है और काया निरोगी रहती है एक प्राचीन कहावत है ÷पहला सुख निरोगी काया÷ सत्य ही है कि निरोग शरीर जीवन का सर्वश्रेष्ठ सुख है जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मनुष्य अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन और जीवन के सुखों का आनन्द उठा सकता है लेकिन आजीवन स्वास्थ्य सुखों का लाभ पाने के लिए शारीरिक क्षमताओं का विकास होना जरुरी होता है जो खेल के मैदान में सरलता से विकसित हो जाता है खेल का जीवन में समर्पण की भावना विकसित करने में मूल्यवान भूमिका होती है खेल के मैदान में खिलाड़ी निष्पक्षता, न्याय और हार दू जीत दोनों को समान रूप से ग्रहण करता है अपने प्रतिद्वंदी के प्रति सहज भाव रखता है वह जानता है कि खेल में कभी जीत होती है, तो कभी हार होती है वह अपने प्रतिद्वंदी के बढ़िया खेल की खुलकर सराहना करता है, उसकी जीत पर मुक्त कंठ से बधाई देता है और द्वेष की भावना को पास तक नहीं भटकने देता उसके जीवन में ये सब गुण खेलों से ही तो आते है कहा जाता है कि जीवन में सफलता हासिल करनी हो तो अनुशासन रूपी कुंजी साथ में जरुर होनी चाहिए और जो खेल के मैदान में तेजी से फलता फूलता है अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में अनुशासन के महत्व का पाठ खेलों के मैदान में सरलता से सीखा जा सकता है खेलों के द्वारा जीवन में पारस्परिक सम्मान के सद्गुण का विकास होता है खेलों के खिलाडियों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे एक दूसरे खिलाडियों का सम्मान करे सम्मान पाने का उपाय भी यही है कि दूसरों का सम्मान करो खेलों में जब खिलाडी अपने साथी खिलाडी को सम्मान नहीं देते है तो उन्हें आदर्श खिलाड़ी नहीं कहा जाता इसलिए प्रत्येक श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने साथी खिलाड़ियों का सम्मान करता है जिससे उनमें पारस्परिक सम्मान के गुणों का विकास होता है खेलों से



'टीम स्प्रिट' का विकास होता है 'टीम स्प्रिट' का मतलब हर उस खिलाड़ी से है जो अपने पृथक व्यक्तित्व को टीम के व्यक्तित्व में विलीन कर दे इसमें टीम का हर खिलाड़ी सम्पूर्ण टीम के लिए खेलता है केवल अपने लिए नहीं यह 'टीम स्प्रिट' की भावना जो वह खेलों के द्वारा अपने अंदर विकसित करता है तो यही उसके व्यावहारिक जीवन की समस्याओं का समाधान करने में अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होता है खेलकूद में शारीरिक व्यायाम भी महत्वपूर्ण है शारीरिक व्यायाम एक ऐसी गतिविधि है जो शारीरिक निरोगता अथवा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाती है या बनाए रखती है। खेल देश की प्रगति के लिए भी बहुत जरूरी है जो ओलोंपिक में किसी खेल में ज्यादा मेडेल लाता है उसे दुनिया उतना ही अधिक शक्तिशाली मानती है महान क्रिकेटर श्री सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट में देश को वह गौरव प्रदान किया कि देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया आजकल क्रिकेट में भारत में आईपीएल लीग मैच चल रहा है और बाद में ऑपरेशन सिंदूर के बाद स्थगित किया गया,जब सारे चैनलों पर युद्ध की दर्दनाक कहानी सुनकर रातों की नींद हराम हो जाती है क्योंकि यह साफ हो गया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है, जिसमें कई पर्यटकों सहित 26 नागरिक मारे गए थे और आतंकवाद का सफाया कर दिया गया था। यह ऑपरेशन पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हुआ, जहाँ सेना ने नौ आतंक से जुड़े स्थलों को नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने अपनी वायु सेना को हाई अलर्ट पर रखा। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा दो ऐसे समूह हैं जिन पर अक्सर भारत में आतंकी हमलों को प्रायोजित करने का आरोप लगाया जाता है। 7 मई, 2025 को, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंक से जुड़े स्थलों को लक्षित करते हुए सटीक हवाई और मिसाइल हमलों की एक श्रृंखला है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल25 को पहलगाम में धर्म के नाम पर आतंकी हमले का सीधा जवाब था, जहाँ जम्मू और कश्मीर में 25 भारतीयों और एक नेपाली पर्यटक सहित 26 नागरिक मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी और भारत ने इसके लिए पाकिस्तान को समर्थन देने का आरोप लगाया है. ऑपरेशन सिंदूर 7मई से चालु हुआ और पाकिस्तान में आतंकियों का सफाया हुआ और उनके आतंकियों अड्डे भी तबाह हुए हैं और पाकिस्तान के जबाबी कार्यवाही के बाद पाकिस्तान के सभी सैन्य हवाई अड्डे भी तबाह हुए हैं हर जगह तबाही का मंजर दिख रहा है जहाँ तक इस ऑपरेशन सिंदूर में वहाँ परमाणु सयन्त्र में विस्फोट से रेडिशन लीक का मामला है ऐ तो आईएईए की जांच से ही मालूम होगा इसलिए भारत किसी के बहकावे में नहीं आने वाला वह किसी भी देश को अपनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने वाला देश है मानवता की रक्षा करना ही उसका उद्देश्य है अतः इसपर वो किसी को समर्थन नहीं कर रहा है , पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटलजी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत बड़ा कदम 1998 में बिना किसी के डर के एक के बाद एक पांच परमाणु परीक्षण कर दिया और सारे देश दंग रह गए और इस अवसर पर 11मई को हर साल नेशनल टेक्नोलॉजी डे का ऐलान भी किया और जय जवान, जय किसान,के साथ जय विज्ञान का नारा भी दे दिया कुछ समय और सरकार चलती तो आज देश जरूर पुरी तरह देश के वैज्ञानिकों के बल पर आत्मनिर्भर हो जाता है।

# सोशल मीडिया पर देह की नुमाइशः सशक्तिकरण या आत्मसम्मान का संकट?

लाइक्स की दौड़ में खोती पहचान~नारी सशक्तिकरण का असली मतलब

सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़? क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं? क्या आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है? क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है? यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?



क्या हो गया है आजकल औरतों को? सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है - देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में, और कहीं जूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन - अपनी चपल देह की अदा का। मानो देह ही पहचान बन गई हो।

सच पूछो तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी न हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक प्रॉडक्ट बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो।

वो जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल हाट बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसके चोली के घेरे और पिंडलियों की नुमाइश में सिमट कर रह गया है।

यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े? औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है, या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़?

प्रियंका सौरभ

सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं? क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं, अपनी असली पहचान को खोकर बस एक देह भर बनती जा रही हैं?

नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि केवल बदन दिखाने का अधिकार। ये तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो।

सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?

आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर बोल्डनेस है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या? क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब? क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं?

सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं? क्या उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है?

यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। वो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आखिर सवाल यह है कि क्या देह का प्रदर्शन वाकई सशक्तिकरण है या बस एक भ्रम? क्या आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है? यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है? नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है - एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में।

सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का प्रतीक है।

## आधुनिक समय

# गणि राजेन्द्र विजयः दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी'




प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों संत-मनीषियों, धर्मगुरुओं, ऋषियों ने भी अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, इन महापुरुषों ने धर्म के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी स्वर बुलंद किए। ऐसे ही विलक्षण एवं अलौकिक संतों में एक नाम है गणि राजेन्द्र विजयजी। वे आदिवासी जनजाति के होकर भी जैन संत हैं, और जैन संत होकर भी आदिवासी जनजीवन के मसीहा संतपुरुष हैं। वे आदिवासी जनजीवन का एक उजाला है, जो पिछले पांच दशक से गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में उनके उन्नयन एवं उत्थान के लिये संघर्षरत हैं। 19 मई 2025 को गणिजी अपने जीवन के 51वें बसंत में प्रवेश कर रहे हैं।

डॉ. गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर विशेष जागरूक हैं, इसके लिये सर्वसुविधियुक्त एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वहीं कन्या शिक्षा के लिये वे ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला का संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिये उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार ग्रामोद्योग को स्थापित किया है। इनदिनों वे आदिवासी क्षेत्र में मेडिकल विश्वविद्यालय बनाने की योजना पर कार्यरत है। वे अखिल भारतीय सनातन संत समाज के संगठन में आदिवासी क्षेत्र के संतत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे आदिवासी अधिकारों के लिये व्यापक संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें संगठित कर रहे हैं, उनका आत्म-सम्मान जगा रहे हैं। गणि राजेन्द्र विजयजी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट एवं सेवा कार्यों की मोटी सूची में मानवीय संवेदना की सौंधी-सौंधी महक फूट रही है। लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन रहे हैं, लेकिन गणि राजेन्द्र विजयजी की प्रेरणा से कुछ जीवट वाले व्यक्तित्व शहरों से गांवों की ओर जा रहे हैं। मूल को पकड़ रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे- 'भारत की आत्मा गांवों में बसती है।' शहरीकरण के इस युग में इन्सान भूल गया है कि वह मूलतः आया कहां से है? जिस दिन उसे पता चलता है कि वह कहां से आया है तो वह लक्ष्मी मित्तल बनकर भी लंदन से आकर, करोड़ों की गाड़ी में बैठकर अपने गाँव की कच्ची गलियों में शांति महसूस करता है। स्कूल, हॉस्पीटल व रोजगार के केन्द्र स्थापित कर सुख का अनुभव करता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी टेढ़े-मेढ़े, उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए, संकरी-पतली पगडंडियों पर चलकर सेवा भावना से भावित जब उन गरीब आदिवासी बस्तियों तक पहुंचते हैं तब उन्हें पता चलता है कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने के मायने क्या-क्या हैं? कहीं भूख मिटाने के लिए दो जून की रोटी जुटाना सपना है, तो कहीं सर्दी, गर्मी और बरसात में सिर छुपाने के लिए झौपड़ी की जगह केवल नीली छतरी (आकाश) का घर उनका अपना है।

## फीचर



# बच्चों को इस प्रकार अनुशासित करें

**बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उनमें अनुशासन का भाग जगाना भी जरुरी है। इसलिए उसे प्यार देने के साथ ही थोड़ी बहुत सख्ती भी जरुरी है।**

इससे बच्चा सही और गलत का अंतर कर सकता है। इसलिए बच्चा अगर कभी भी अनुशासन तोड़ता है तो उसके सजा देना भी जरुरी है ताकि वह अपनी गलती समझ सके। हां यह सजा ज्यादा कठिन नहीं होनी चाहिये। यदि आप चाहते हैं कि बच्चे के साथ संबंध बेहतर बनाए रहते हुये, संयम के साथ, कैसे उसे अनुशासित किया जाये, तो बस आपको कुछ अपाय करने होंगे। अपने बच्चे को स्वाभाविक परिणामों के बारे में शिक्षा दीजिये। अपने बच्चे को उसके बुरे व्यवहार के स्वाभाविक परिणामों के संबंध में समझा कर आप उससे होनी वाली निराशा की जानकारी दे सकते हैं और उसे बता सकते हैं कि उसका बुरा व्यवहार उसे दुखी कर सकता है जिससे उसे पछतावा होगा। कठिन परिस्थितियों में से उसे निकालने के स्थान पर, बच्चे को उसके नकारात्मक कृत्यों से स्वयं ही निबटने दीजिये। स्वाभाविक परिणामों को समझने के लिए, बच्चे को कम से कम छः वर्ष का होना चाहिए। यदि बच्चा कोई खिलौना तोड़ देता है या वह उसे धूप में छोड़ कर नष्ट कर देता है, तब एकदम उसे नया खिलौना मत दिलवाइए। बच्चे को कुछ समय तक बिना खिलौने के रहने दीजिये, और उससे बच्चा अपनी चीजों की ठीक से देखभाल करना सीख जाएगा। बच्चे को ज़िम्मेदारी की शिक्षा दीजिये। यदि बच्चा अपना गृहकार्य टीवी देखने के कारण नहीं कर पाया है तो उसका गृहकार्य पूरा कराने में उसकी मदद करने के स्थान पर, बच्चे को बुरे ग्रेड से उत्पन्न होने वाली निराशा का सामना करने दीजिये। यदि बच्चे को अपने बुरे व्यवहार के कारण किसी पार्टी में नहीं निमंत्रित किया गया है, तब उसे यह समझ में आने दीजिये कि यदि उसका व्यवहार उस बच्चे के साथ कुछ और होता तब उसे निमंत्रित किया जा सकता था।अपने बच्चे को तर्कसंगत परिणामों की शिक्षा दीजिये।

## प्रेरणा

# चिंतन सही हो

एक व्यक्ति ने अपने मित्र से साठ रूपए उधार लिए। कुछ दिनों बाद वह आया और बीस रूपए देकर बोला, सारे रूपए आ गए? मित्र ने कहा, साठ दिए थे और तुम बीस लौटा रहे हो, तो अभी चालीस रूपए बाकी रहेंगे। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, नहीं, दस और दस साठ होते हैं। मैंने साठ रूपए लौटा दिए हैं। मित्र ने कहा, भोले आदमी ! दस और दस बीस ही होते हैं। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, मैं इस बात को नहीं मानता। मैं तो यही मानता हूं कि दस और दस साठ होते हैं। मेरी मान्यता मेरे पास और तुम्हारी मान्यता तुम्हारे पास।



?से मानने वाले को विधाता भी नहीं समझा सकता। गणित का नियम -दस और दस बीस होते हैं। कोई व्यक्ति इस गणित के नियम को जानने की बात छोड़कर मानने की बात को ही पकड़ बैठता है तो उसका कोई इलाज नहीं है। हम मानने की बात को छोड़ दें और जानें। सदा जानने का प्रयत्न करें। सदा जानें। हम विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रयत्न करें। वे प्राप्त हों तो ठीक है, न हों तो कोई बात नहीं। पुरूषार्थ को सही दिशा में लगाएं। पुरूषार्थ निरंतर हमारा साथ दे। हम प्रयत्न को बंद न करें।

पुरूषार्थ को साथ लेकर चलें। मन और शरीर को विशेष आदेश दें। मन जो भटकता रहता है, अनेक प्रवृत्तियों में संलग्न रहता है, बहुत अधिक सक्रिय और गतिशील है, उस पर हम कुछ नियंत्रण करें। मन की सक्रियता को कम करें।

## अपनी बात



अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार सहकारी क्षेत्र को मजबूती देने के लिए सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर गंभीरता से विचार कर रही है। वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी शुरुआत भारत से हुई है। उन्होंने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सहयोग से समृद्धि का नारा दिया है और गुजरात में इस विचार को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी हम सबकी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### सोमवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटिनेंस के चलते सोमवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही पावर हाऊस सब-स्टेशन पर मेंटिनेंस कार्य होने से 19 मई 25 को प्रातः 09=30 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे मटकरी कॉलोनी, मथुरा, भार्गव, नजूल, एवं सरस्वती बिहार कॉलोनी आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटोती समय को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

### टेकरी रोड पर 7 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर 19 से

**गुना।** भारत विकास परिषद की अहिल्या शाखा के तत्वाधान में 19 से 25 मई तक बेटियों और बहनों के लिए आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय टेकरी रोड पर शनि मंदिर के पास आयोजित होने जा रहे 7 दिवसीय शिविर में महिलाओं और युवतियों को आत्म रक्षा के लिए दंड, तलवार चलाने का प्रशिक्षण देने के साथ ही जूडो और योग का भी अभ्यास कराया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन शाम 5 से 6.30 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में शामिल होने की इच्छुक महिलाओं और युवतियों को 5 फिट का पाइप या लाठी लेकर आना होगा। भारत विकास परिषद की अहिल्या शाखा ने क्षेत्र की सभी युवतियों और महिलाओं से अपनी आत्म रक्षा के लिए उक्त शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

### गोपालपुरा रोड पर साइकिल सवार को टक्कर मारकर भागा बाइक सवार, घायल भर्ती

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुरा रोड पर एक बाइक सवार की लापरवाही एक साइकिल सवार को भारी पड़ गई। इस हादसे में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरियादी जितेन्द्र कुशवाह निवासी गुलाबगंज ने थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात करीब 8=30 बजे उनके पिता अभय सिंह कुशवाह दीपाली स्कूल, नानाखेड़ी से काम करके साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गोपालपुरा रोड स्थित दशहरा मैदान के पास पहुंचे, तभी रिलायंस पेट्रोल पंप की ओर से तेज और लापरवाहीपूर्वक आई काली बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-2902 ने उन्हें टक्कर मार दी।

### वैष्णवी ने किया गौरवान्वित

**गुना।** सीबीएसई कक्षा 12वी के परीक्षा परिणामों में शहर की बेटी वैष्णवी शर्मा पुत्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा ने 96.6 फीसदी अंक अर्जित कर गुना जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी ने 12वी की परीक्षा शहर के नोलानी पब्लिक स्कूल से ह्यूमैनिटिज विषय में दी है। जिसमें उन्होंने अपने अध्ययन और परिश्रम से 500 में से 483 अंक अर्जित कर गुना जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी (गौरी) के पिता रविन्द्र प्रकाश शर्मा डाइट बजरंगगढ़ में पदस्थ हैं जबकि माँ श्रीमती सुनीता शर्मा गृहिणी हैं।

### शांति समिति की बैठक सम्पन्नः

# प्रभारी मंत्री राजपूत ने कानून व्यवस्था एवं जनभागीदारी पर दिया विशेष बल

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक त्योहारों को शांतिपूर्ण, समन्वित एवं व्यवस्थित रूप से मनाए जाने के उद्देश्य से आज जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने की। बैठक में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविन्द्र धाकड़ सहित जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, डीएफओ अक्षय राठौर, एडीएम अखिलेश जैन, एएसपी मानसिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एसडीएम श्रीमती शिवानी पाण्डेय एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मंत्री श्री राजपूत का स्वागत पौधारोपण और स्व-सहायता समूह के उत्पाद भेंट कर किया गया। कलेक्टर श्री कन्याल ने विगत दिवस आयोजित तिरंगा यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि सभी वर्गों की सहभागिता के साथ यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का सशक्त प्रतीक बनी। बैठक में आगामी चार माह में आयोजित होने वाले मुख्य पर्वों महाराणा प्रताप जयंती, महादेव पूजन, कबीर जयंती, रथ यात्रा, मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस,



जन्माष्टमी एवं गणेश उत्सव सहित अन्य पर्वों की तैयारियों, कानून व्यवस्था, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा जिले में धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों की जानकारी दी गई, जिनमें नरवाई जलाना, भूसा-चारा का परिवहन, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, बाहरी व्यक्तियों को किराए पर मकान देना, खुले पेट्रोल विक्रय एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध शामिल हैं। बैठक में फायर फाइटर टैंकों की उपयोगिता को लेकर डेमो प्रस्तुत किया गया। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने किरायेदार सत्यापन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक मकान मालिक किरायेदार की सूचना निकटतम पुलिस थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी भी बैठक में दी गई। कलेक्टर ने बताया कि अब तक अनेक श्रमिकों को मुक्त कराया गया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। इस पर मंत्री श्री राजपूत ने जिला प्रशासन की सराहना की। बैठक में शहर के समस्त धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। कैमरों की मॉनिटरिंग पुलिस कंट्रोल रूम से की जाएगी। साथ ही, नगर पालिका और पुलिस द्वारा ड्रोन से छतों का सर्वे किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके। बैठक के समापन अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शांति समिति की बैठक केवल एक औपचारिकता न होकर, सामाजिक समरसता, सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### धुलाई सेंटर होंगे बंद, टैंकरों पर निगरानी

गर्मी के चलते जिले में उत्पन्न हो रहे जल संकट पर मंत्री राजपूत ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि गाड़ियों के धुलाई सेंटरों को तत्काल बंद कराया जाए ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। साथ ही नगर पालिका द्वारा टैंकरों के जरिए जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु और समय पर सुनिश्चित किया जाए। खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को लेकर उन्होंने कृषि विभाग को जागरूकता अभियान चलाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। प्रभारी मंत्री ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि बिना हेलमेट वाले व्यक्तियों को पेट्रोल न दें और डिब्बे या बोतलों में पेट्रोल न बेचें। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम आवश्यक बताया गया।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

### जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

सत्ता सुधार ■ गुना

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद्र धाकड़ सहित जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, डीएफओ श्री अक्षय राठौर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री कन्याल ने फोर्सड लेबर (बंधुआ मजदूरी) से मुक्त कराए गए श्रमिकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार योजनाबद्ध रूप से कार्य करते हुए पीड़ितों को रिहा कराया गया तथा प्राथमिकी दर्ज कराकर उन्हें न्याय दिलाया गया। इसके साथ ही अन्य बंधुआ श्रमिकों को भी आज़ादी दिलाने हेतु सतत् प्रयास किए जा रहे हैं।

गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पूरे देश में गेहूं उपार्जन में दूसरे स्थान पर है, और यह पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है, जो किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। 10वीं के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त किया है, वहीं शासकीय विद्यालयों के परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जनसमस्याओं के निराकरण हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ है। जल-गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही जलप्रदाय योजनाओं की स्थिति और क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से जमीनी विवाद, अतिक्रमण और सीमांकन जैसे पुराने लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटारे किए जा रहे हैं। इस दौरान दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जिससे जनता को न्याय सुलभ हो रहा है।

बैठक के अंत में मंत्री श्री राजपूत ने जल-गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री, एसडीओ पीएचई टीएल मेहरा एवं उपयंत्री जनपद पंचायत आरोनचंदन शुक्ला को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र शैलेन्द्र धाकड़, पूर्णिमा अड़ावकर एवं राष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित नमन लोधी को भी सम्मानित किया गया।

# पुलिस लाईन में बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए शुरू हुआ ब्राइटल माईण्ड कोर्स



सत्ता सुधार ■ गुना

बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु गुना पुलिस लाईन स्थित दिशा लर्निंग सेंटर पर ब्राइटल माईण्ड कोर्स संचालित किया जा रहा है। दरअसल पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर एसपी अंकित सोनी के दिशा निर्देशन एवं एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय के नेतृत्व में रक्षित कार्यालय गुना में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर पर हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से पुलिस परिवार के 5 से 15 साल के बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए 4 मई 25 से ब्राइटल माईड कोर्स का संचालन किया जा रहा है। जिसमें ब्राइटर माइंड्स ट्रेनर सूबेदार मोनिका जैन, आरक्षक अंकित रघुवंशी और महिला आरक्षक संस्कृति रघुवंशी के द्वारा बच्चों को ब्रेन एक्सरसाइज, आईक्यू एक्सरसाइज, फोटोग्राफिक मेमोरी मेकिंग, डांस, ब्रीथिंग एक्सरसाइज, रिलेक्सेशन, सर्कल टाईम, सुपर मेमोरी इलल्युजन आदि कुल 14 प्रकार की गतिविधियां जरूरी सामग्री व किट के माध्यम से कराई जा रहीं हैं, जिसमें बच्चों के द्वारा बड़े उत्साह और लगन से भागीदारी करते हुए अपनी बौद्धिक एवं मानसिक क्षमताओं का विकास किया जा रहा है। यह कोर्स बच्चों के न सिर्फ मानसिक विकास बल्कि उनमें पर्सनालिटी डेवलपमेंट, रिस्पोंसिबनेस हेतु भी अत्यधिक कारगर सिद्ध हो रहा है। ब्राइटल माईड कोर्स के अंतर्गत सिखाई जा रहीं गतिविधियों से बच्चे के मस्तिक का विकास, स्मरण शक्ति और कल्पना शक्ति मजबूत होती है साथ ही इससे बच्चों में ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता, सृजनात्मकता, एकाग्रता, संज्ञानात्मक शक्ति एवं रचनात्मकता बढ़ती है।

# बाल विवाह की सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार में गुना जिले में हो रहे बाल विवाह की रोकथाम हेतु नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु जिला एवं ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है साथ ही बाल विवाह रोकने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसी अभियान के तहत चाइल्ड लाईन भोपाल से बाल विवाह के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिंगवासा में बालिका जिसकी उम्र 15 वर्ष है, का बाल विवाह हो रहा है।



इस हेतु विविध सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमति वंदना त्रिपाठी के निर्देशन में प्राप्त सूचना के तहत सुश्री दीपा शर्मा, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास गुना ग्रामीण, राजस्व अमला एवं पुलिस दल के साथ बाल विवाह स्थल पर पहुंचे तथा मौके पर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन किया गया, जिसमें पाया कि बालिका की आयु 15 वर्ष 07 माह है। इस संबंध में दिनेश कुमार चंदेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास गुना द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु- 18 वर्ष से कम तथा बालक की आयु- 21 वर्ष से कम होने पर विवाह करना कानूनन अपराध है जिसमें एक लाख का जुर्माना तथा दो साल का सजा का प्रावधान है एवं विवाह सम्पन्नन कराने वाले सेवा प्रदाता जैसे - हलवाई, पंडित, पुरोहित, डीजे, टेन्ट एवं विवाह में शामिल होने वाले भी अपराधी की श्रेणी में आते है। समझाइश के पश्चात बालिका के परिवारजनों द्वारा आश्वासन दिया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही बालिका का विवाह करेंगे। बाल विवाह रूकवाने एवं परिवारजनों को समझाइश देने वाले दल में नायब तहसीलदार मोतीलाल पंथी, एएसआई ईश्वर लाल टोप्पोस एवं पटवारी, सचिव, जीआरएस भी उपस्थित रहे।

### 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**गुना।** जिले की धरनावदा थाना पुलिस द्वारा बाइक पर हाथ भट्टी की 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती रात जिले के धरनावदा थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ा के पास जंगल में रोड़ किनारे एक व्यक्ति के हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-7918 पर बड़ी-बड़ी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़े होने की सूचना पर धरनावदा थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल ग्राम बोरखेड़ा के पास जंगल में मुखबिर की बताई जगह पर दबिस दी। जहां पर बाइक पर दो केनो के साथ खड़े व्यक्ति को धरदबोच लिया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम गोकुल पुत्र कैलाश मोंगिया निवासी रेलवे फाटक के पास रुठियाई थाना धरनावदा जिला गुना का होना बताया। जिसकी बाइक पर बंधी हुई दोनों केनों को चैक करने उनमें हाथ भट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई।

# गर्मी के थपेड़ों के बीच बिजली गुल, मेंटेनेंस बनी आमजन की मुसीबत

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर में बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली कटौती लोगों की परेशानी का दूसरा नाम बन गई है। एक ओर सूरज अपना तीखापन दिखा रहा है, तो दूसरी ओर विद्युत वितरण कंपनी मेंटेनेंस और पोल शिफ्टिंग के नाम पर लगातार बिजली सप्लाई रोक रही है। रविवार को भी कई इलाकों में घंटों तक बिजली बंद रही, जिससे लोगों का दिन बेहाल हो गया। सुबह 9=30 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूरे साढ़े चार घंटे तक बिजली ठप रही। इस दौरान लक्ष्मीगंज, बड़ा कुम्हार मोहल्ला, सोनी कॉलोनी, तलैया मोहल्ला, दुबे कॉलोनी, जैन मंदिर क्षेत्र, न्यू टेकरी रोड, राधे नगर, चौधरन कॉलोनी, कांजी हाउस और विश्वकर्मा कॉलोनी सहित कई इलाकों के रहवासी बिजली के बिना परेशान होते रहे। एक ओर उमस ने लोगों को पसीने से तरबतर किया तो दूसरी ओर कामकाज भी बुरी तरह



प्रभावित हुए। बिजली कंपनी का कहना है कि यह कटौती 33/11 केवी पावर हाउस के तहत आने वाले सब-स्टेशन पर प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्यों के लिए की गई थी। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या अब आम हो गई है। मेंटेनेंस और मरम्मत के नाम पर आए दिन बिजली बाधित की जा रही है, जिससे गर्मी में जीना दूभर हो गया है। इसी दौरान लक्ष्मीगंज क्षेत्र में पुराने विद्युत पोल हटाकर नए पोल स्थापित किए गए। सड़क किनारे लगे जर्जर पोलों को हटाने के लिए कंपनी की टीम मौके पर मौजूद रही और सुबह से दोपहर तक यह कार्य चलता रहा। लेकिन इस कार्य के दौरान बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप कर दी गई, जिससे आस-पास के दुकानदारों और घरों में घरेलू कार्यों पर सीधा असर पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले से ही लू और तापमान के कारण घरों में कूलर और पंखे चलाना जरूरी हो गया है, लेकिन बार-बार की कटौती ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। साथ ही कई लोगों की ऑनलाइन ऑफिस ड्यूटी और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

### गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें: विकास नगर सहित कई इलाकों में दो दिन से नहीं आया पानी, लोग टैंकर मंगवाने को हुए मजबूर

# जल संकट गहराया, जली मोटर ने बिगाड़ा शहर की सप्लाई सिस्टम

सत्ता सुधार ■ गुना

मई की तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी ने गुना शहरवासियों को दोहरी परेशानी में डाल दिया है। एक ओर पारा 45 डिग्री सेल्सियस को छू रहा है, दूसरी ओर पानी की किल्लत ने लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित कर दी है। नलों में पानी आना बंद है और हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं। हालात यह हैं कि कई कॉलोनियों में लोग प्राइवेट टैंकर से पानी मंगवाकर गुजारा कर रहे हैं। ताजा मामला विकास नगर क्षेत्र का है, जहां शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल के पीछे स्थित हैंडपंप वाली गली में



पानी सप्लाई के लिए लगी मोटर जल गई। बताया जा रहा है कि यहां दो दिन से जल प्रदाय पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वार्ड का नियमित पंप ऑपरेटर किसी जरूरी काम से बाहर गया था और उसने मोटर चलाने की जिम्मेदारी एक परिचित को सौंप दी। लेकिन लापरवाही का आलम यह रहा कि मोटर चालू करने के बाद वह व्यक्ति भी गांव चला गया। घंटों तक मोटर चलती रही, जिससे वह जल गई और कॉलोनीवासियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े।

रहवासी ममता शर्मा ने बताया कि उनके घर में शादी है और मेहमान आने लगे हैं। लेकिन दो दिन से पानी नहीं मिलने के कारण उन्हें निजी टैंकर मंगवाना पड़ा। पहले तो वे इधर-उधर पानी के इंतजाम में लगी रहीं, लेकिन अंततः टैंकर के जरिए पीने का पानी जुटाना पड़ा।

ममता शर्मा ने यह भी बताया कि एक बार जब टैंकर आया, तो उन्होंने मोहल्ले की अन्य महिलाओं को भी पानी भरने दिया। नगर पालिका द्वारा पानी की सप्लाई के लिए, लगाए गए टैंकर कई बार समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे लोगों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसे में टैंकर सेवा की निर्भरता कम होने की बजाय बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच, जब बिजली की सप्लाई भी अनियमित हो, तो मोटरों का जलना और सप्लाई व्यवस्था बिगड़ना आम बात हो जाती है। लेकिन इस सबका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। जल संकट की यह स्थिति अब सामान्य नहीं रही, बल्कि यह प्रशासन के लिए चेतावनी है कि समय रहते प्रभावी योजना और समन्वय के बिना गर्मी के इन महीनों में हालात और भी विकराल हो सकते हैं।

# मारपीट के 7 साल पुराने मामले में दो वारंटी दबोचे

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की धरनावदा थाना पुलिस ने मारपीट के 07 वर्ष पुराने एक प्रकरण में फरार दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में आरोपीगण लखन वंशकार एवं रवि वंशकार निवासीगण ग्राम गढ़ा थाना धरनावदा द्वारा मारपीट की एक घटना को लेकर जिनके विरुद्ध धरनावदा थाने पर अपराध क्रमांक 388/18 धारा 341, 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज हुआ था, उक्त प्रकरण में आरोपीगण के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय गुना से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1593/18 में जिनकी गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग दो स्थाई वारंट जारी हुए थे। धरनावदा थाना पुलिस द्वारा वारंटी लखन वंशकार एवं रवि वंशकार की निरंतर तलाश की गई और जिनकी तलाश के क्रम में आज मुखबिर सूचना पर धरनावदा थाने की झागर चौकी पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी लखन पुत्र प्रकाश वंशकार एवं रवि पुत्र कल्लू वंशकार निवासीगण ग्राम गढ़ा थाना धरनावदा जिला गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।



# कैसा होना चाहिए 2.5 साल के बच्चे का पूरे हफ्ते का डाइट चार्ट

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 8.30 से 9.30 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 11.30 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 4.30 से 5.30 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 7.30 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना



25 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।



# फिल्म क्रिटिक बनकर कमाएं पैसा और शोहरत

**एक फिल्म क्रिटिक किसी भी फिल्म को मनोरंजन के नजरिए से नहीं देखते, बल्कि उनका प्वाइंट ऑफ व्यू क्रिटिकल होता है। वह फिल्म के सब्जेक्ट को अच्छे तरीके से एनालाइज करके खूबियों व खामियों के बारे में बताते हैं। इस तरह से अगर देखा जाए तो एक फिल्म क्रिटिक रचनात्मक भूमिका निभाता है।**

फिल्मों की दुनिया की चकाचौंध यकीनन हर किसी को अपनी ओर खींचती है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति इस फिल्मी दुनिया से जुड़ने की कोशिश करता है। आमतौर पर लोग सिर्फ फिल्म में काम करने वाले कलाकार को ही देखते हैं और सिर्फ वहीं तक फिल्मी दुनिया को सीमित समझते हैं, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जहां एक फिल्म को परदे तक लाने में कई लोगों की मेहनत लगती है तो वहीं उस फिल्म की सच्चाई दर्शकों के सामने लाने का काम करते हैं फिल्म क्रिटिक। वह हर फिल्म को बेहद बारीकी से देखकर लोगों को उस फिल्म की खूबियों व खामियों से अवगत कराते हैं। फिल्म की रिलीज के बाद ही न सिर्फ आम जनता यहां तक कि फिल्म की मेकिंग स्टार कास्ट व अन्य लोग भी फिल्म क्रिटिक के रिव्यू का इंतजार करते हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

## क्या होता है काम

एक फिल्म क्रिटिक किसी भी फिल्म को मनोरंजन के नजरिए से नहीं देखते, बल्कि उनका प्वाइंट ऑफ व्यू क्रिटिकल होता है। वह फिल्म के सब्जेक्ट को अच्छे तरीके से एनालाइज करके खूबियों व खामियों के बारे में बताते हैं। इस तरह से अगर देखा जाए तो एक फिल्म क्रिटिक रचनात्मक भूमिका निभाता है। वह फिल्म को निष्पक्ष होकर देखता है और फिल्म की हर छोटी-बड़ी बात के बारे में खुलासा करता है। फिल्म क्रिटिक के रिव्यू के कारण ही फिल्म मेकर अपनी आने वाली फिल्मों में उन गलतियों को नहीं दोहराते, जिन्हें वह पहले फिल्म में कर चुके हैं। फिल्म क्रिटिक अपने रिव्यू के जरिए हर आने वाली फिल्म को और भी अधिक बेहतर बनाता है।



## स्किल्स

इस क्षेत्र में खुद को साबित करने के लिए व्यक्ति का उतना गुणी होना भी जरूरी है क्योंकि आपकी बात को कोई भी व्यक्ति तभी सीरियसली लेगा, जब आपकी बात में वजन हो और इसके लिए ज्ञान का होना बेहद आवश्यक है। इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को न सिर्फ पढ़ने की आदत होनी चाहिए, बल्कि उन्हें इस फील्ड व इसके लोगों के बारे में जानकारी भी होनी चाहिए। अगर आपके पास फिल्मों की अच्छी नॉलेज होने के साथ-साथ अपने काम के प्रति पैशन भी है, तभी आप इस क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाने के बारे में सोचें। इसके अलावा कई बार आपको लंबे समय तक फिल्में देखनी पड़ती हैं, कई बार तो एक ही दिन में दो-तीन फिल्में लगातार भी। आपको इसके लिए भी शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए। वहीं इस क्षेत्र की मुख्य विशेषता है निष्पक्षता। आप चाहें कितने भी बड़े स्टार या अपने पसंदीदा कलाकार की फिल्म देखें, लेकिन फिल्म का रिव्यू करते समय आपको निष्पक्ष होकर ही अपना मत देना होगा।

## शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए अलग से कोई विशेष कोर्स उपलब्ध नहीं है, लेकिन अगर आप इस क्षेत्र से जुड़े कोर्स करते हैं तो यकीनन आप चीजों को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे, जैसे पोस्ट ग्रेजुएशन इन मास कम्युनिकेशन या सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करके भी आप फिल्म की बारीकियों को समझेंगे।

## संभावनाएं

जिस तरह फिल्मों का प्रॉडक्शन बढ़ रहा है, फिल्म क्रिटिक्स की मांग भी बढ़ने लगी है। आप प्रिंट या इलेक्टानिक मास मीडिया हाउसेज में जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा इन्हें कई फिल्म फेयर अवार्ड गिविंग आर्गेनाइजेशन द्वारा भी ज्यूरी के तौर पर हायर किया जाता है ताकि बेहतरीन फिल्मों को उनके काम के लिए सम्मानित किया जा सके। वहीं अगर आप चाहें तो कई सोशल मीडिया वेबसाइट पर भी काम की तलाश कर सकते हैं या फिर खुद का ब्लॉग व वेबसाइट भी चला सकते हैं।

## सैलरी

एक फिल्म क्रिटिक को अगर फिल्मों की अच्छी समझ है तो शुरूआती दौर में ही आप 25000 से 30000 रूपए आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के एक्सपीरियंस के बाद आपकी सैलरी 100000 से 150000 रूपए भी हो सकती है।



# करियर के लिए बेस्ट ऑप्शन है क्रोमो थेरेपी

आज के समय में लोग इलाज के लिए दवाईयों का सहारा नहीं लेते, बल्कि वैकल्पिक चिकित्सा पर अधिक जोर देते है। जिसके कारण कई तरह की चिकित्सा पद्धति अब प्रचलित होने लगी हैं। इन्हीं में से एक है क्रोमो थेरेपी। इसमें इलाज के लिए सौर स्पेक्ट्रम के सात रंगों (बैंगनी, इंडिगो, नीले, हरे, पीले, नारंगी, लाल) का उपयोग किया जाता है। यह एक बेहद इंटरेस्टिंग करियर है, जिसे आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। अगर आप भी कुछ लीक से हटकर करना चाहते हैं तो इसे बतौर करियर अपना सकते है।

**स्किल्स** – अगर आप क्रोमोथेरेपी में करियर बनाना चाहते हैं तो आपमें कुछ स्किल्स होने चाहिए। सबसे पहले तो आपमें इस क्षेत्र में काम करने की रूचि होनी चाहिए। साथ ही लोगों की मदद करने का जज्बा होना चाहिए। एक बेहतर क्रोमोथेरेपिस्ट बनने के लिए आपको व्यक्ति पर प्रत्येक रंग के प्रभाव के बारे में जानकारी होनी चाहिए। चूंकि आपको लोगों से जुड़कर काम करना होता है, इसलिए आपके कम्युनिकेशन स्किल्स भी उतने ही बेहतर होने चाहिए। साथ ही आपको उतना ही अच्छा श्रोता भी होना चाहिए ताकि आप अपने पेशेंट की समस्याओं को बेहतर तरीके से सुन व समझ सकें।

**योग्यता** – क्रोमोथेरेपिस्ट बनने के लिए आपके पास क्रोमोथेरेपी में डिप्लोमा या बैचलर डिग्री होनी चाहिए। इसके साथ-साथ बायोलॉजी, केमिस्टी और फिजिक्स में ज्ञान होना जरूरी है। भारत में केवल कुछ ही इंस्टीट्यूट क्रोमोथेरेपी का कोर्स कराते हैं। इन अधिकतर इंस्टीट्यूटट में पांच वर्षीय बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाईएस) पाठ्यक्रम के जरिए क्रोमोथेरेपी के बारे में सिखाया जाता है। इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपका 12वीं पास होना चाहिए। वहीं कलर थेरेपी में डिप्लोमा व बैचलर कोर्स की अवधि छह महीने से एक साल है। वहीं बैचलर सर्टिफिकेशन कोर्स दो साल का होता है।

**संभावनाएं** – एक क्वालिफाइड क्रोमोथेरेपिस्ट हॉस्पिटल्स से लेकर नेचुरोपैथी क्लिनकि, हेल्थ सेंटर्स में काम कर सकता है। इसके अलावा आप खुद का थेरेपी क्लिनिक भी खोल सकते हैं। वहीं आप रिसर्च वर्क से जुड़कर काम कर सकते हैं या फिर एजुकेशन में भी काम कर सकते हैं।

**आमदनी** – क्रोमोथेरेपिस्ट की आमदनी उनके स्किल्स और उनके अनुभव के आधार पर तय होती है। अधिकांश क्रोमोथेरेपिस्ट सेल्फ इंप्लाइड होते हैं और इसलिए आप प्रतिघंटे के आधार पर चार्ज कर सकते हैं।

### क्या है क्रोमो थेरेपी?

क्रोमो थेरेपी में मुख्य रूप से रंगों का ही इस्तेमाल किया जाता है। 'क्रोमो' शब्द ग्रीक भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'रंग'। क्रोमो थैरेपी का शाब्दिक अर्थ है रंगों के माध्यम से उपचारात्मक उपचार। इसे कलर थेरेपी, लाइट थेरेपी, हेलियो थेरेपी या कोलोरोलॉजी के नामों से भी जाना जाता है। कलर थेरेपी यूं तो हजारों वर्षों से चलन में है, लेकिन पिछले कुछ समय से लोगों का झुकाव इस ओर बढ़ा है। इस थेरेपी की मदद से अवसाद, एक्जिमा, उच्च रक्तचाप, मासिक धर्म की समस्याएं आदि का इलाज सफलतापूर्वक किया जाता है। कलर थेरेपी के अनुसार, मनुष्यों में कई विकार और रोग शरीर के ऊर्जा केंद्रों या चक्रों में असंतुलन के कारण होते हैं। प्रत्येक रंग शरीर के अलग-अलग हिस्सों से जुड़ा होता है यानी, विभिन्न ऊर्जा केंद्र, जिन्हें चक्रों के रूप में जाना जाता है और उनके स्वयं के प्राकृतिक उपचार गुण होते हैं। शरीर की प्रत्येक कोशिका को प्रकाश ऊर्जा की आवश्यकता होती है और जब रंग सही तरीके से प्रकाश के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं, तो इससे वे शरीर के उपचार गुणों को सक्रिय करते हैं। जिससे हीलिंग प्रोसेस काफी तेज होता है।



यह एक बेहद इंटरेस्टिंग करियर है, जिसे आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। अगर आप भी कुछ लीक से हटकर करना चाहते हैं तो इसे बतौर करियर अपना सकते है।

### प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता
- महेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, जयपुर
- एक्यूप्रेशर अनुसंधान, प्रशिक्षण और उपचार संस्थान, जोधपुर



# कॅरियर बनाने के लिए उभरता क्षेत्र है फैशन कम्युनिकेशन

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है। जानते हैं विस्तार से इसके बारे में-

**एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।**

## क्या होता है काम

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट, वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।



## स्किल्स

इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है, इसलिए आपको कई-कई घंटे लगातार काम करना पड़ता है। इसलिए अगर आपमें धैर्य व कठिन परिश्रम करने की क्षमता नहीं है तो आप इस क्षेत्र में नहीं टिक पाएंगे। इसके अतिरिक्त आपकी मौखिक व लिखित दोनों ही रूपों में अलग-अलग भाषा पर पकड़ अच्छी होनी चाहिए।

## योग्यता

फैशन कम्युनिकेशन में भविष्य देख रहे छात्र 12वीं के बाद फैशन कम्युनिकेशन में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

## संभावनाएं

फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, विभिन्न केन्द्र
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, गुजरात
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट, गुरूग्राम
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली
- पर्ल अकेडमी ऑफ फैशन, विभिन्न केन्द्र



## आलिया भट्ट ने कान्स डेब्यू टाला

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने वाली थीं, लेकिन बाद में उनकी मौजूदगी टाल दी गई। शुरुआत में खबर आई कि भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की वजह से आलिया ने अपना डेब्यू कैंसल किया है। हालांकि अब यह सामने आया है कि ये खबर पूरी तरह गलत है। असल कारण कान्स फिल्म फेस्टिवल के नए ड्रेस कोड नियम हैं, जिनकी वजह से आलिया ने अपना डेब्यू आगे बढ़ाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया कान्स में एक लॉन्ग ट्रेल गाउन पहनने वाली थीं, लेकिन इस साल कान्स ने रेड कार्पेट पर वॉल्यूम और ट्रेल वाली ड्रेसेस पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस वजह से उन्हें अपनी योजना बदलनी पड़ी। अब आलिया संभवतः 23 या 24 मई को कान्स के रेड कार्पेट पर दिखेंगी। माना जा रहा है कि उनकी पीआर टीम ने डेब्यू टालने को भारत-पाक तनाव से जोड़कर एक देशभक्ति का एंगल दिया ताकि यह फैसला ज्यादा सकारात्मक तरीके से सामने आए। कान्स फेस्टिवल में आलिया की वापसी का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं।



## कोरिया टूरिज्म की ब्रांड एंबेसडर बनी हिना

टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझने के बावजूद अपनी जिंदगी को खुलकर जी रही हैं। हाल ही में हिना अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ कोरिया की सैर पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस को एक बड़ी खुशखबरी दी है। हिना अब कोरिया टूरिज्म की ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं, जो देश के लिए एक गर्व की बात है। इस खबर की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट के ज़रिए दी, जिसमें उन्होंने कोरिया की संस्कृति और सुंदरता की जमकर तारीफ की। हिना ने कहा कि कोरिया टूरिज्म की ब्रांड एंबेसडर बनकर वह बेहद सम्मानित महसूस कर रही हैं और इस खूबसूरत देश के अनुभवों को सभी के साथ साझा करने को उत्साहित हैं। ब्लू आउटफिट में हिना बेहद खूबसूरत दिखीं और तस्वीरों में उनकी खुशी साफ झलक रही थी। हिना ने श्री एंड्रयू जेएच किम को धन्यवाद देते हुए लिखा कि वे कोरिया के ऐतिहासिक महलों, टेस्टी फूड और सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के सामने लाने को बेताब हैं। उनका यह नया मुकाम न सिर्फ फैंस के लिए खास है, बल्कि हिना की जिंदादिली की भी मिसाल है।



## कुत्ते के काटने की खबरों पर रूपाली गांगुली की सफाई

टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अदाकारा रूपाली गांगुली हाल ही में एक फर्जी खबर पर भड़क उठीं, जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें अनुपमा के सेट पर एक कुत्ते ने काट लिया है। इस खबर से नाराज होकर रूपाली ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर न सिर्फ सफाई दी, बल्कि ऐसी अफवाहें फैलाने वालों की जमकर क्लास भी लगाई। रूपाली ने लाइव में कहा, मैं माफी मांगती हूं कि बिना सूचना के अचानक लाइव आई, लेकिन इस झूठी खबर को देखकर मेरा खून खौल गया। उन्होंने सेट पर मौजूद सभी स्ट्रीट डॉग्स से मिलवाया और बताया कि वह खुद उन्हें खाना खिलाती हैं। उन्होंने आगे कहा, ये मासूम जानवर तभी प्रतिक्रिया देते हैं जब कोई उन्हें उकसाता है। इन्हें सेट बेबीज़ कहा जाता है और ये सभी का प्यार पाते हैं। एक्ट्रेस ने लोगों से अपील की कि बिना सच्चाई जाने कोई भी अफवाह ना फैलाएं और फोकस उन मुद्दों पर करें जो देश की प्रगति या सेना के प्रयासों से जुड़े हों। रूपाली का यह बयान सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है।

## मां की 13वीं पर भावुक हुए बोनी कपूर

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता बोनी कपूर के लिए 2 मई का दिन बेहद दुखद साबित हुआ, जब उनकी मां निर्मल कपूर का निधन हो गया। 90 वर्ष की उम्र में निर्मल कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज जारी था, लेकिन उम्र के साथ स्वास्थ्य में गिरावट के कारण वे बीमारी से हार गईं। मॉ की तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान बोनी कपूर बहुत भावुक दिखे। निर्मल कपूर अनिल कपूर की मां भी थीं और कपूर परिवार के लिए वे एक मजबूत स्तंभ की तरह थीं। उनका जाना कपूर खानदान में एक बड़ा खालीपन छोड़ गया है, जिसे भर पाना आसान नहीं होगा। परिवार के सदस्य इस क्षति को सहने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। निर्मल कपूर की यादें और उनके योगदान को बॉलीवुड और परिवार हमेशा याद रखेगा। उनकी सादगी, ममता और परिवार के प्रति समर्पण सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगा।



## मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को नई पहचान दी कृष्णा श्रॉफ ने

फिटनेस को लेकर अपने व्यक्तिगत जुनून को एक प्रभावशाली व्यवसाय में बदलते हुए बालीवुड एक्टर जैकी श्राफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ ने भारत में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) को एक नई पहचान दी है। बालीवुड के ज्यादातर सेलिब्रिटीज फैशन, ब्यूटी या लाइफस्टाइल ब्रांड्स की ओर रुख करते हैं, वहीं कृष्णा ने कॉम्बैट स्पोर्ट्स जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र को चुना। यह फैसला उनके भीतर फिटनेस के प्रति गहरे समर्पण और भारत में मार्शल आर्ट्स की तेजी से बदलती दुनिया को एक मजबूत मंच देने की इच्छा का परिणाम है। उन्होंने इस पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान इंडस्ट्री में खुद को एक प्रभावशाली महिला उद्यमी के रूप में स्थापित किया है, जो उनकी व्यावसायिक दृष्टि और फिटनेस के प्रति सच्चे समर्पण को दर्शाता है।

कृष्णा श्रॉफ की सबसे बड़ी पहल उनकी एमएमए आधारित संस्था एमएमए मैट्रिक्स है, जो केवल व्यायाम की जगह नहीं, बल्कि एक पूर्ण प्रशिक्षण मंच है। यह संस्था न केवल पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है, बल्कि जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को पेशेवर स्तर पर विकसित करने का भी काम करती है। कृष्णा सिर्फ जिम मुहैया नहीं करातीं, बल्कि प्रतिस्पर्धी प्लेटफॉर्म और मेंटरशिप के अवसर भी देती हैं। उनकी इस सोच का विस्तार मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) के रूप में हुआ है, जो उन्होंने अपनी मां आयशा श्रॉफ और भाई टाइगर श्रॉफ के साथ मिलकर शुरू किया।

यह भारत की प्रमुख एमएमए प्रमोशन कंपनियों में से एक बन चुकी है, जिसने हाल ही में अपना 16वां इवेंट नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित किया। कृष्णा के लिए फिटनेस केवल शरीर को आकार देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है जो मानसिक और शारीरिक संतुलन को प्राथमिकता देती है। वे ट्रेंडिंग डाइट्स में विश्वास नहीं करतीं, बल्कि एक कस्टमाइज फिटनेस रूटीन अपनाने की पक्षधर हैं। उनका मानना है कि फिटनेस को अस्थायी लक्ष्य की तरह नहीं, बल्कि जीवनभर के अनुशासन के रूप में अपनाना चाहिए।



## डर हमें कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाता है: हनी सिंह

सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए रैपर हनी सिंह ने डर और साहस को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। हनी सिंह ने कहा कि डर हमें कमजोर नहीं, बल्कि और अधिक मजबूत बनाता है। सिंह का मानना है कि हर डर से लड़ने के बाद व्यक्ति पहले से कहीं ज्यादा बहादुर बनकर निकलता है।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ÷हर डर से एक साहस जन्म लेता है, डर हमें कमजोर नहीं, बल्कि बलवान बनाता है।÷ हनी सिंह का कहना है कि जब कोई व्यक्ति हर दिन किसी नए डर या चुनौती का सामना करता है, तो वह खुद को एक जिम्मेदार और समझदार इंसान के रूप में ढाल लेता है। उन्होंने कहा, यही चीज मुझे भी मजबूत बनाने में मदद करती है। सिंह का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब उनका नया गाना 'लाल परी' कॉपीराइट विवादों में फंसा हुआ है। यह गाना उनकी अपकमिंग फिल्म हाउसफुल 5 में शामिल है, जिसे उन्होंने सिमर कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल और म्यूजिक हनी सिंह ने ही तैयार किए हैं। सूत्रों के अनुसार, पहले 'लाल परी' गाने के अधिकार दिनेश प्रोडक्शंस के पास थे।

इसके बाद साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के लिए जब राइट्स खरीदे, तो जी म्यूजिक और मोफ्यूजन म्यूजिक स्टूडियो ने भी कॉपीराइट क्लेम किया, जिससे राइट्स दोबारा खरीदने पड़े। 'हाउसफुल 5' एक मल्टी-स्टारर कॉमेडी फिल्म है जिसमें अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडिस, नाना पाटेकर, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह और सोनम बाजवा जैसे सितारे नजर आएंगे। इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। हनी सिंह पहले भी विवादों में रहे हैं। उनके गाने 'मैनिएक' पर अश्लीलता के आरोप लगे थे और इस पर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका भी दाखिल हुई थी, जिसे बाद में खारिज कर दिया गया। इस गाने में भोजपुरी पैरा भी शामिल था, जिसे गायिका रागिनी विश्वकर्मा ने गाया था।



## ऊर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर शेयर की भावुक पोस्ट

हाल ही में इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया सेंसेशन ऊर्फी जावेद ने एक भावुक पोस्ट शेयर की और अपने फैंस के साथ बीते कुछ हफ्तों की परेशानियों को साझा किया है। उन्होंने लिखा कि इस दौरान उनके कई प्रयास असफल रहे, उन्हें लगातार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा और उनका व्यापार भी उम्मीद के मुताबिक नहीं चल रहा था।

लंबे समय से सोशल मीडिया से दूरी बनाने के बाद ऊर्फी ने बताया कि वह एक कठिन दौर से गुजर रही थीं, जिसकी वजह से वह न तो कहीं नजर आ रही थीं और न ही कुछ पोस्ट कर पा रही थीं। ऊर्फी ने खुलासा किया कि उन्हें 'इंडे वाइल्ड' के माध्यम से प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में जाने का अवसर मिला था, लेकिन उनकी किस्मत ने साथ नहीं दिया क्योंकि उनका वीजा आवेदन अस्वीकार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मौके के लिए वह और उनकी टीम काफी तैयारी कर रहे थे और कुछ क्रिएटिव आउटफिट आइडियाज पर काम कर रही थीं, लेकिन वीजा रिजेक्ट होने से सब कुछ अधूरा रह गया और वे सभी बेहद निराश हो गए। पोस्ट में ऊर्फी ने न केवल अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, बल्कि उन लोगों से भी जुड़ने की कोशिश की जो इसी तरह के रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपने फॉलोअर्स से आग्रह किया कि वे भी अपनी 'रिजेक्शन की कहानियां' रिजेक्ट्रेड हैशटैग के साथ शेयर करें और उन्हें टैग करें। ऊर्फी ने वादा किया कि वह इन कहानियों को अपनी इंस्टा स्टोरी पर साझा करेंगी ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें और खुद को अकेला न समझें। उन्होंने आगे लिखा कि रिजेक्शन के बाद टूट जाना, रोना - यह सब इंसानी फितरत है और वह खुद भी इन भावनाओं से गुजरती हैं।

## मैं प्यार के मामले में बुद्धू हूं: आरजे महविश



एक्ट्रेस आरजे महवश अपनी नई वेब सीरीज प्यार पैसा प्रॉफिट को लेकर सुर्खियों में हैं। महविश आजकल सीरीज के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी, खासकर लव लाइफ को लेकर भी खुलकर बात की है। एक इंटरव्यू में महवश ने बताया कि वह प्यार के मामले में थोड़ी नादान हैं और अक्सर इमोशंस में बह जाती हैं। महवश ने कहा, मैं प्यार के मामले में बुद्धू हूं, लेकिन रेड फ्लैग्स से हमेशा बचने की कोशिश करती हूं। जब किसी खास इंसान से मिलती हूं तो मेरे स्टैंडर्ड्स जो बहुत हाई होते हैं, अचानक बहुत नीचे आ जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्यार में थोड़ा पागल होना चलता है और हमेशा बहुत ज्यादा सोच-विचार करने से असली भावनाएं पीछे छूट जाती हैं। महवश की इन बातों को उनकी वेब सीरीज में निभाए गए किरदार से जोड़कर भी देखा जा रहा है, जिसमें वह एक ऐसी लड़की का रोल निभा रही हैं जो जिंदगी और रिश्तों को लेकर उलझन में रहती है। युजवेंद्र चहल और महवश के बीच लिंकअप की खबरें तब तेज़ हुईं जब उन्हें कई बार साथ देखा गया और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के पोस्ट पर कमेंट करते हुए नोटिस किया गया।



## कान्स ड्रेस कोड पर वीर दास का मजाकिया तंज

78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर न्यूडिटी और भारी-भारी गाउन पहनने पर पाबंदी लगा दी गई है। इस फैसले पर जहां अधिकतर सितारे खामोश हैं, वहीं कॉमेडियन और एक्टर वीर दास ने मजाकिया अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। वीर ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि अब वे इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे, क्योंकि नए ड्रेस कोड लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से बड़े और न्यूड गाउन कॉमेडी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान रहे हैं। वीर ने आगे बताया कि इस बार उन्होंने खासतौर पर एक 78 फुट लंबा, गहरे बेज रंग का ऑफ-शोल्डर आउटफिट डिज़ाइन करवाया था, जिसकी आस्तीन उनकी कलाई तक आती थीं और नीचे की ओर यह पोशाक उनके स्क्रोटम के दिल को दर्शाती थी। उन्होंने हंसते हुए कहा कि अगर वे अपना 'गोटा ओरिजिनल' नहीं पहन सकते, तो वे अपनी संस्कृति का अपमान नहीं देख सकते। वीर ने बताया कि वे कुछ सांस्कृतिक रूप से अहम सेल्फी भी लेने वाले थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। पोस्ट के अंत में उन्होंने फेस्टिवल को शुभकामनाएं दीं।



## प्रीति जिंटा ने सैनिकों को बताया असली हीरो

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की देशभर में सराहना हो रही है, वहीं बॉलीवुड के कई सितारों की चुप्पी को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज है। ऐसे में अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने हाल ही में ट्विटर पर एक आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान इस संवेदनशील विषय पर भावुक प्रतिक्रिया दी। एक यूज़र के सवाल पर कि कुछ सेलेब्स आतंकी हमले की निंदा और ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ क्यों नहीं कर रहे, प्रीति ने जवाब दिया कि वह दूसरों की ओर से तो नहीं बोल सकतीं, लेकिन उनका रिश्ता सेना से बहुत गहरा है। उन्होंने बताया कि वह एक फौजी परिवार से हैं और सेना के साहस, बलिदान और दर्द को बहुत करीब से देखा है। प्रीति ने सैनिकों के परिवारों को असली हीरो बताया और जो मॉए अपने बेटे खो देती हैं, पत्नियां जो पति की मुस्कान को हमेशा के लिए खो देती हैं, और बच्चे जिनके माता-पिता कभी लौटते नहीं। उन्होंने लिखा, यह उनकी सच्चाई है, जिसे कोई भी राय नहीं बदल सकती। भगवान उन सभी को आशीर्वाद दें। प्रीति की इस प्रतिक्रिया ने फैंस का दिल जीत लिया और सोशल मीडिया पर उनकी खूब तारीफ हो रही है।

## राधिका-विहान की डेटिंग की अटकलें तेज

बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान एक बार फिर अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। इन दिनों उनका नाम अभिनेता विहान समत के साथ जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया पर दोनों की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें राधिका और विहान एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर ने फैंस को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि दोनों रोमांटिक रिश्ते में हैं। तस्वीर में विहान ऑलिव ग्रीन शर्ट और ट्राउजर में कैजुअल लुक में दिखाई दे रहे हैं, जबकि राधिका ने रेड ओवरसाइज़ हुडी को ब्लैक शॉर्ट्स के साथ कैरी किया है। राधिका और विहान के बीच डेटिंग की खबरें तब तेज हुई जब राधिका को विहान की एक फिल्म की स्क्रीनिंग पर देखा गया। हालांकि, इस मामले में राधिका ने पहले भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, ÷जब मुझे टिप्पणी करनी होगी, तब करूंगी। फिलहाल मैं अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना चाहती हूं।÷ हालांकि राधिका की यह सफाई भी इन अटकलों को शांत नहीं कर पाई है और फैंस इस रिश्ते पर और जानने को उत्सुक हैं।

## कान्स में उर्वशौ रौतेला का रंग-बिरंगा जलवा

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई को भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई। रेड कार्पेट पर इस बार भी उर्वशौ रौतेला ने अपनी खूबसूरत और अनोखी स्टाइल से सबका ध्यान खींचा। वह फिल्म 'पार्टिर अन जौर' (लीव वन डे) की स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए पहुंचीं, जहां उनका रंग-बिरंगा और अतरंगी आउटफिट सभी की निगाहों का केंद्र बना। हर साल कान्स में अपने अलग-अलग और एक्स्ट्रावैगेंट लुक के लिए चर्चित उर्वशौ ने इस बार भी अपने स्टाइलिश और कलरफुल अटायर के साथ धमाल मचा दिया। खास बात यह रही कि उनके साथ एक तोता भी नजर आया, जिसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी। उर्वशौ की ये अतरंगी एक्सेसरीज़ और स्टाइलिश कपड़े उन्हें हर बार लाइमलाइट में बनाए रखते हैं। इस बार भी उन्होंने अपनी अलग पहचान कायम करते हुए फैशन प्रेमियों को प्रभावित किया। कान फिल्म फेस्टिवल में उनकी ये अनोखी एंट्री फैशन और ग्लैमर की दुनिया में काफी चर्चा में रही।

## ब्रीफ न्यूज

### कबीर भजन संध्या 8 जून को, तैयारी को लेकर किया जा रहा है जनसम्पर्क



**सीहोर।** अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज के तत्वाधान में सीहोर मे आगामी दिनांक 8 जुन 2025 को पदम प्रहलाद सिंह टिपानिया के श्रीमुख से कबीर भजन संध्या को आयोजन होने जा रही है। जिसमें जनप्रतिनिध, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या सामाजिक बन्धु उपस्थित रहेगें। इस हेतु शनिवार, 17 मई को ग्राम बिजोरी, चांदवाड, निपानियों, कपूरी मे जनसंपकज़् किया गया। जिसमें सामाजिक बंधुओं का भरपूर सहयोग मिला। जनसंपकज़् मे संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनार सिंह मालवीय, प्रदेश संयोजक बी.एल मालवीय, समाजसेवी मांगीलाल ने अनेक गाँवों मे घर-घर जनसंपर्क किया।

### फाइनल में टीम यामनी ने टीम काव्या का पांच विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए के तत्वाधान में इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के फाइनल में टीम यामनी ने रोमांचक मैच में टीम काव्या को छह विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस रोमांचक मैच में मुंबई इंडियन्स टीम में खेली संस्कृति गुप्ता ने शानदार 50 रन की अर्दशतकीय पारी खेली और मध्यप्रदेश की महत्वर्पर्ण हरफनमौला खिलाड़ी खुशी यादव ने 13 रन और एक विकेट भी हासिल किया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में मौर्जद कलेक्टर बालागुरु के, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, नागेन्द्र व्यास, आयोजनकर्ता आदर्श राय, विकास सस्तया, मनोज दीक्षित मामा आदि ने किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम काव्या ने 22 ओवर में 10 विकेट खोकर 124 रन बनाए थे। इसमें आदर्श मेवाड़ा ने 18 रन और बिलाल दुलारे ने 38 रन की पारी खेली। इधर टीम यामनी की ओर से गेंदबाजी करते हुए केशव, खुशी यादव, संस्कृति गुप्ता, अंश यादव ने एक-एक विकेट और अंश गावा-विरेन्द्र तात्या ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम काव्या ने पांच विकेट खोकर यह मैच 24 ओवर में छह विकेट से जीता। इसमें संस्कृति गुप्ता ने 50 रन, अंश यादव ने 26 रन, अंश गावा ने 14 रन, खुशी यादव-वंश ने 13 रन बनाए थे। इधर टीम काव्या की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य अग्रवाल, लक्की प्रजापति ने दो-दो विकेट के अलावा एक विकेट यश दुबे ने हासिल किया। मैच के अंत में मुख्य अतिथि कलेक्टर बालागुरु के और समाजसेवी अखिलेश राय ने सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ता आदर्श राय और विकास सस्त्या को इसी तरह अन्य प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में मैन आफ द सीरिज के लिए आदर्श राय को 490 रन और 10 विकेट के अलावा उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए विकास सस्त्या को 318 रन बनाए जाने पर पुरस्कार दिया।

---

#### हाथों में तिरंगा लिये पूरा सीहोर जिला हुआ शामिल, भारतमाता की आरती के साथ हुई तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ

# पराक्रम और अदम्य साहस के सम्मान में सीहोर में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

सत्ता सुधार ■ सीहोर



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक संस्था के बेनर तले सीहोर में विशाल जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । आयोजित तिरंगा यात्रा में सभी धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, नागरिक,सभी सामाजिक,धार्मिक संस्थाएं, व्यापारी वर्ग,महिलाएं,विद्यार्थी,राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल हुए एवं भारत माता की जय,वंदेमातरम के जयघोष से सीहोर नगर गुंजयमान हो गया । तिरंगा रैली मे सभी नागरिक हाथों में आन, बान, शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा,ऑपरेशन सिंदर एवं सेना के सम्मान में लिखे स्लोगन की तख्तियां लिये चल रहे थे । आयोजित तिरंगा रैली में आज बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी शामिल हुई । आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल नगर पुरोहित पृथ्वीवल्लभ दुबे,एक्स आर्मी के संजय कुलकर्णी,कथावाचक पंडित मोहितराम पाठक,राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा,जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा,विधायक रमाकांत भार्गव,गोपालसिंह इंजीनियर, सुदेश राय आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी ऑपरेशन सिंदूर की योजना को भारत की सेना ने रणनीति के रूप में योजना बना कर पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों को नेस्तानार्बत किया। भारतीय सेना के शौय, पराक्रम और अदम्य साहस पर संर्पूण देश को गर्व है। अपने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हर भारतीय अपना सर्वस्व बलिदान कर सकता हैं। ऑपरेशन सिंदूर माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने साहस और शौर्य के प्रमाण दिए हैं। इतिहास में ऑपरेशन सिंर्दर में सबसे कम समय में भारत ने दुश्मन को हराकर घुटने टेकने पर मजर्बत किया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं के शौर्य, पराक्रम का प्रतीक है। पूरा देश सेना के साथ पर्री एकजुटता के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति ही है कि चार दिन में ही आतंकवाद और उसके आकाओं को भारत ने सबक सिखा दिया।

ऑपरेशन सिंर्दर के जरिए दुनिया ने हमारी सेनाओं का पराक्रम देखा है। इस तरह का पराक्रम वाली सेना के रहते हुए कोई भी देश भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। तिरंगा यात्रा देश की एकता व संकल्प शक्ति का प्रतीक है। देश की एकजुटता हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाती है। मध्यप्रदेश सहित संर्पर्ण देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेनाओं के साथ खड़ा है। तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ भारत माता की आरती के साथ हुआ। विधायक रमाकांत भार्गव,गोपालसिंह इंजीनियर,सुदेश राय,रवि मालवीय,नरेश मेवाडा,जितेन्द्र गौड़, सुरेंद्र मेवाडा,सन्नी महाजन,जसपाल अरोरा सहित सभी समाज के धर्मगुरू,विधायक गण,जनप्रतिनिधि, सामाजिक व व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी,व्यापारी,खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक हजारों की संख्या में उपस्तिथ थे । आज निकली तिरंगा यात्रा में एक रथ पर भारत माता,स्वामी विवेकानंद ,भगतसिंह विराजे थे । यात्रा का मार्गो पर भव्य स्वागत किया गया । तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का संचालन नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने एवं आभार पंकज गुप्ता ने व्यक्त किया।

---

# जिले में पेयजल की आपूर्ति सतत रूप से हो: प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला

## विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सतत रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाएं। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाई रखी जाए। इस आशय के निर्देश मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जिले में विकास कार्यो को सभी जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के सहयोग से शासकीय योजनाओं को गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान में जन सहयोग से श्रमदान कर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यो को जलआंदोलन के रूप में ले। ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने तालाब का जीर्णोद्धार कर अतिक्रमण से मुक्त कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि पुरानी जल संरचनाओं को सहेजना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

### राजस्व विभाग की समीक्षा

बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भारत सरकार की योजना के अंतर्गत स्वामित्व योजना के तहत जिले के 29663 लोगों को लाभांवित कर भू अधिकार अंतर्गत पट्टे का वितरण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अंतर्गत एक लाख 38 हजार 444 किसानों को लाभांवित किया गया। किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत आईडी कार्ड लक्ष्य के अनुरूप बनाए जा रहे है। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों का चिन्हांकन, जल संवर्धन के कार्य, अमृत सरोवरों के निर्माण की विस्तार से समीक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला पंचायत, राजस्व विभाग ,निर्माण कार्यो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सदस्य द्वारा सुझाव दिए गए। प्राप्त सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने विभागों की योजनावार उपलब्धियों को पावर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जिले में पेयजल की समुचित व्यवस्था की निगरानी के लिए सभी ग्राम पंचायतों में कंट्रोल रूम स्थापित कराये गये है। बिगड़े एवं खराब हैण्डपम्पों की सूची तैयार कराकर मरम्मत कार्य कराये जा रहे है। विभाग द्वारा नवीन नलकूप खनन के कार्य कराये जा रहे है। सिंगल फेज मोटर हेतु जिला पंचायत के माध्यम से राशि की व्यवस्था कराई गई है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव,मुंगावली विधायक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,अशोकनगर विधायक श्री हरिबाबू राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी,पूर्व सांसद श्री के.पी.यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश जैन,अपर कलेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गजेन्द्र सिंह कंवर,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनम जैन एवं श्री आर.बी.सिण्डोस्कर,एसीईओ जिला पंचायत श्री एन.एस.नरवरिया सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा

प्रभारी मंत्री द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि बंद नल जल योजनाएं शीघ्र चालू कराई जाएं। बिगड़े हैण्पम्पों की मरम्मत का कार्य कराया जाए। इस दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं की भौतिक प्रगति,ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्प की चालू एवं बंद की अद्यतन जानकारी,ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याग्रस्त बसाहटों एवं ग्रामों की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई।

**जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा:** बैठक में शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत किये जा रहे अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 के अंतर्गत किया जा रहे कार्यो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

---

# पुलिस लाइन में ब्राइटर माइंड अल्फा प्रोग्राम का समापन

### बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर पहचाने रंग और नंबर



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए आयोजित 10 दिवसीय ब्राइटर माइंड अल्फा प्रोग्राम का समापन हो गया। ये कार्यक्रम एसपी विनीत कुमार जैन के निर्देशन और एएसपी गजेंद्र सिंह कंवर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

पुलिस लाइन अशोकनगर में हार्टफुलनेस संस्था कान्हा शांतिवनम् हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त ब्राइटर माइंड्स ट्रेनर प्रआर. मनोज रघुवंशी द्वारा एवं हार्टफुलनेस जिला प्रिसेप्टर विवेक ओझा एवं स्तुति रघुवंशी के सहयोग से 07 मई से पुलिस लाईन अशोकनगर में 10 दिवसीय ब्राइटर माइंड्स का अल्फा प्रोग्राम प्रारंभ किया गया। जिसमें पुलिस परिवार के कुल 15 बच्चों द्वारा इसका लाभ लिया गया। इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य मध्यप्रदेश पुलिस परिवारों के 05 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास को सुदृढ करना है। 17 मई को उक्त प्रोग्राम के 10वें व अंतिम सेशन के साथ समापन किया गया। उक्त प्रोग्राम में प्रतिदिन बच्चों को हार्टफुलनेस संस्था कान्हा शांतिवनम् हैदराबाद द्वारा प्रदाय ब्राइटर माइंड ऑफ क्लासरूम एक्टिविटीज के अनुसार सर्कल टाइम, की टू सक्सेस, बीएम ब्रेन एक्सजसाइज, डांस, ब्रेक, फन, मोटिवेशनल वीडियोज, सुपर मेमोरी, इल्यूशन, आई एक्सरसाइज, ब्रीथिंग एक्सरसाइज, एचएफएन रिफ्लेक्शन, म्यूजिक एक और दो, ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटीज का प्रतिदिन अभ्यास कराया गया। अंतिम दिवस में सभी बच्चों द्वारा ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी सफलतापूर्वक कम से कम एक बार की गई। ब्लाइंड फोल्ड एक्टीविटी में बच्चों ने आंखो पर पट्टी बांधकर बाल के रंग व कार्ड के नम्बर ओर रंग की पहचान कर अपनी एक्राग्रता व मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों द्वारा उक्त कोर्स को रूचिपूर्वक एवं उत्साहपूर्वक किया गया एवं ब्राइटर माइंड कोर्स को लेकर सभी बच्चों में प्रतिदिन उत्साह देखने को मिला।

---

# आपदा प्रबंधन पर चंदेरी में प्रशिक्षण आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अशोकनगर के तत्वावधान तथा जन अभियान परिषद ब्लॉक चंदेरी के सहयोग से रविवार को हैंडलूम पार्क चंदेरी में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन, खोज एवं बचाव, जन जागरूकता एवं प्राथमिक सहायता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वय दीपक पटेरिया,बीएसडब्ल्यू मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्र-छात्राओं एवं संस्थाओं अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थिति रहे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्री शशि कपूर हवलदार, होमगार्ड जितेंद्र साहू, एएसआई कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट अरुण रघुवंशी, विवेक रघुवंशी ,सौरव रघुवंशी, गोलू रघुवंशी, अरविंद ननोरिया, अमित बर्डे द्वारा प्रतिभागियों प्रशिक्षण दिया। जिसमें प्राथमिक उपचार,सीपीआर (हृदय व फेफड़ों की पुनर्जीवन प्रक्रिया), विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने की रणनीतियों, इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर निर्माण, आपातकालीन नंबरों की उपयोगिता तथा खोज एवं बचाव कार्यों में प्रयुक्त होने वाले बुनियादी उपकरणों की जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल सेफ्टी की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। जहरीले सर्पदंश की पहचान बचाव तथा अस्पताल ले जाने तक का प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी तथा यह अपेक्षा की की जो भी जानकारी आपने आज सीखी है वह भी आप अपने पड़ोस में गांव में परिवारजन को को जानकारी देंगे प्रशिक्षण के समापन पर पर ब्लॉक समन्वयक दीपक पटेरिया ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और सभी को सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया।

---

# आज जल का संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित कल दे सकते हैं: प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर

सत्ता सुधार ■ सीहोर



पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान सर्वोच्च प्राथमिकता वाला अभियान है।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में चलाया जा रहा यह अभियान आने वाली पीढ़ी को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जिस तरह से चलाया जा रहा है वह निश्चित ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भागीदारी से इस अभियान का उद्देश्य सार्थक और सफल होगा। बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें समय-सीमा में पर्रा किया जाए। हमें जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करके र्भजल स्तर को ठीक करना है, ताकि भविष्य में निर्बाध रूप से पानी मिलता रहे।

---

**भ्रष्टाचार**

#### पोर्टल पर फर्जी डिमांड डालकर, गरीब मजदूरों का हक छीनकर, सरपंच,सचिव, मिलकर हड़प रहे शासन की राशि

# ग्राम पंचायत थूबौन में निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार,मनरेगा में फर्जीवाड़ा

सत्ता सुधार ■ सीहोर









जिले की चंदेरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत थूबौन में निर्माण कार्यों मैं भारी भ्रष्टाचार तथा मनरेगा में फर्जी बड़ा चल रहा है। यहां मनरेगा पोर्टल पर फर्जी डिमांड डालकर, गरीब मजदूरों का हक छीनकर सरपंच, सचिव, सब इंजीनियर मिलकर शासन की राशि हड़प रहे हैं। 1 साल पहले बनाई जाने वाली सीसी सड़क डली नहीं है,और पैसे भी निकल गए। ग्रामीणों का कहना है, कि सरपंच के 40 लाख खर्च हुए हैं, सरपंच कहता है जब तक पैसे नहीं पटेंगे ऐसा ही होगा। रविवार को ग्राम पंचायत थूबौन में धरातल पर जानकारी लेने जाकर देखा तो वहां मनरेगा पोर्टल पर 10 काम, 205 मजदूर चढ़ाए गए। और फर्जी फोटो अपलोड कर दिया गया। जिसमें कुछ जगह महिलाओं के तथा कुछ जगह पुरुषों के सामूहिक फोटो डाले गए,मजे की बात यह है कि सभी कामों में एक जैसे फोटो थे। जिन कार्यों को पोर्टल पर दिखाया गया। मौके पर एक भी कार्य नहीं चल रहा था। पोर्टल पर सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य ह्रीपाल के खेत के पास, सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य सरवन के खेत के पास, समुदाय के तालाब निर्माण कार्य बद्री महाराज के खेत के पास, सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य नेतराम महाराज के खेत के पास, सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य रविंद्र लोधी के खेत के पास, सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य मनीष केवट के खेत के पास सामुदायिक खेत तालाब निर्माण कार्य बब्बुदौ जो के खेत के पास काम किया जाना दर्शाया गया। जबकि धरातल पर कोई काम नहीं चल रहा था। नहीं काम करते मजदूर मिले। जिन लोगों के नाम पोर्टल पर चढ़ाए गए थे,उन्होंने स्वयं कहा कि हम कहीं मजदूरी करने नहीं गए। ग्रामीण बादाम सिंह अहिरवार ने बताया कि करीब 1 वर्ष पूर्व प्रकाश पाल के मकान से जीवन पाल के मकान तक सीसी सड़क बनवाई गई। घटिया निर्माण के चलते 1 साल भी नहीं चली जगह-जगह गड्ढे हो गए और उखड़ गई। जब ग्रामीण रविंद्र आदिवासी से पूछा गया कि वह सरवन के खेत तालाब में काम करने नहीं गया। तो उसने बताया कि वह किसी तालाब में काम करने नहीं गया। जबकि उसका नाम खेत तालाब में काम करते हुए पोर्टल पर चढ़ाया गया। गांव के हरदयाल आदिवासी से पूछा कि आपने किसी खेत तालाब में काम किया है तो उसने मना किया। जब उससे पूछा कि आप काम करने कहां जाते हैं तो उसने कहा कि पंचायत से काम कभी नहीं मिलता। हम तो तेंदूपत्ता तोड़ने जाते हैं, उसने बताया कि हमारे खेत में जो गड्ढा खुदे हैं वो करीब 1 साल पहले हमारी अनुमति के बगैर रात में मशीन से खोद दिए गए। हमने सरपंच से मना किया और कहा कि हमारे खेत की नपती नहीं हुई, गड्ढे क्यों खो दिए तो कहने लगे तुम नपती करा लेना। गांव के अनिल आदिवासी ने बताया कि पंचायत के काम पर कहीं नहीं जाते हरिपाल के खेत तालाब में उसने काम नहीं किया। उसे पता नहीं है कि हरपाल का खेत कहां है। जब उससे कहा गया कि पंचायत द्वारा मनरेगा के पोर्टल पर आज आपको मजदूरी करते दर्शाया गया है, तो कहने लगा मैं घर का काम तो करता नहीं, मजदूरी करने क्या जाऊंगा। ग्रामीण सन्नू आदिवासी ने बताया कि वह सरवन को नहीं जानते, ना मजदूरी करने गए। जबकि आज उन्हें सरवन के खेत में मजदूरी करते हुए दर्शाया गया। निर्माण कार्य और मनरेगा के जब इस पूरे फर्जीबाड़े के बारे में ग्राम पंचायत के सब इंजीनियर नीरज सोनी को बताया तो उन्होंने कहा कि खेत तालाब के लिए पंचायत में करीब तीन चार लोगों की टीएस हुई है। मैं तीन-चार दिन से बाहर हूं, मेरे भाई का ऑपरेशन हुआ है,मैं पंचायत निरीक्षण करने नहीं गया। इस तरह सरपंच, सचिव, सब इंजीनियर मिलकर मनरेगा में जमकर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। पंचायत में रोजगार सहायक नहीं है उसका चार्ज सचिव पर है, और वह पोर्टल पर फर्जी काम मजदूर और फोटो अपलोड कर शासन की लाखों रुपए की राशि हड़प रहे। वहीं पंचायत में चले रहे कार्य की जानकारी लेने के लिए जनपद सीईओ गौरी शंकर राजपूत को फोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### इनका कहना है

धरातल पर भी सही काम हो रहा है, ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक नहीं है,उसका चार्ज मुझ पर है, डिमांड में ही डालता हूं।
भगवत सिंह बुंदेला,
**सचिव ग्राम पंचायत थूबौन जनपद चंदेरी जिला अशोकनगर।**

पंचायत में तीन-चार लोगों के खेत तालाब की टीएस हुई है,मैं अभी बाहर हूं,मेरे भाई का ऑपरेशन हुआ है।पंचायत निरीक्षण करने नहीं गया।
**नीरज सोनी, उपयंत्री ग्राम पंचायत थूबौन जनपद चंदेरी जिला अशोकनगर।**

## ब्रीफ न्यूज

### रिटायर्ड एसीपी को मोबाइल पर धमकाया, केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर थाने में पदस्थ रहे एसीपी राकेश गुप्ता (सेवानिवृत्त) को उनके पूर्व किराएदार गौरव जैन ने मोबाइल पर धमकी दी और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। राकेश गुप्ता ने शनिवार को लसूड़िया थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई।

शिकायत के अनुसार, गौरव ने 16 मई की रात करीब 2ः30 बजे से सुबह 7 बजे तक राकेश गुप्ता को 100 से अधिक बार कॉल किया। इसके अलावा उसने उन्हें अश्लील और धमकी भरे मैसेज भी भेजे। पहले भी, थाने में शिकायत करने पर गौरव ने वॉट्सऐप पर अश्लील मैसेज और वीडियो कॉल किए थे।

राकेश गुप्ता का कहना है कि उनका हरे कृष्णा विहार निपानिया में एक ऑफिस है, जिसे जनवरी 2024 में गौरव जैन ने किराए पर लिया था। कुछ समय बाद गौरव बिना किराया चुकाए ऑफिस का सारा सामान लेकर अचानक वहां से चला गया। इस पर राकेश ने लसूड़िया थाने में किराया न देने और सामान ले जाने को लेकर लिखित शिकायत की थी। इसके बाद से गौरव ने राकेश और उनके मित्र आरिफ को मोबाइल और वॉट्सऐप पर लगातार अभद्र और धमकी भरे मैसेज भेजने शुरू कर दिए। बातचीत के दौरान भी वह अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता रहा, जिससे परेशान होकर फोन काट दिया। आखिरकार, लगातार हो रही मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर रिटायर्ड एसीपी ने लसूड़िया थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने गौरव पुत्र विमल कुमार जैन, निवासी हरिदर्शन अपार्टमेंट के खिलाफ धारा 351(2), 351(3) और 352 के तहत केस दर्ज किया है।

### 6631 से शुरू होकर 10 हजार तक पहुंचा इंदौर रीजन

**इंदौर** रीजन लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जब इसकी शुरुआत हुई थी तब इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन में इंदौर, उज्जैन, धार और देवास जिले 6631 वर्ग किमी क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसमें 19 तहसील और 1150 गांव शामिल थे। बाद में रीजन में बदनावर, बड़नगर तहसील को शामिल करते हुए इसका विस्तार 7863 वर्ग किमी कर दिया गया। तहसीलों की संख्या बढ़कर 21 और ग्रामों की संख्या 1371 हो गई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसमें शाजापुर जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल किया गया और रीजन का दायरा बढ़कर 9336.1 वर्ग किमी हो गया और तहसीलों की संख्या 29 और गांवों की संख्या 1756 हो गई। अब इसका विस्तार कर दायरा 9989.69 वर्ग किमी कर दिया गया है।

### अफीम लेकर जा रहा था तस्कर गिरफ्तार

**इन्दौर।** मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नारकोटिक्स विंग लगातार कार्रवाई कर रही है। डीआईजी महेश चंद जैन ने बताया कि उन पुराने इनामी तस्करों को पकडने के लिए भी कुछ ठिकानों पर पिछले दो दिन के दौरान छापामार कार्रवाई की गई। कल रात भी एक तस्कर अफीम मोटरसाइकिल पर ले जाते हुए पकड़ाया। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स प्रकोष्ठ ने मंदसौर के हसन निवासी पिपलिया गांव के फैयाज अहमद को गिरफ्तार किया है।

**आरोपी खड़े वाहनों की डिक्की से करते थे चोरी**

# क्राइम ब्रांच ने मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर में मोबाइल लूट की घटनाओं पर नकेल कसते हुए क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्यवाही कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी छात्रों और युवतियों को अपना निशाना बनाते थे। हाल ही में बीबीए की पढ़ाई कर रहे एक छात्र के साथ हुई मोबाइल चोरी की वारदात के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को धर दबोचा।

क्राइम ब्रांच को मोबाइल लूट से जुड़ी जानकारी मिल रही थी, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। इसी क्रम में तीन संदिग्ध राहुल पुत्र मुकेश नायक निवासी मोती तबेला देवास, प्रकाश पुत्र हरीश नामदेव निवासी जिंसी और शिव पुत्र संतोष भोई को पकड़ा गया। उनके पास से छात्रा ऋषि तारने का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में छात्रा ने



बताया कि वह 7 अप्रैल को गुजराती कॉलेज, विजयनगर में परीक्षा देने गई थी। कॉलेज के बाहर अपनी एक्टिवा खड़ी की थी, जिसकी डिक्की से मोबाइल चोरी हो गया था। छात्रा ने सिटीजन ऐप पर शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रकाश नामदेव सब्जी का ठेला भी लगाता है। वह नशा करने का आदि है। रूपए की जरूरत होने के चलते वह चोरी करने लगा। उस पर नशे को लेकर एक प्रकरण भी दर्ज है। वही राहुल देवास में पान की दुकान पर बैठता है। वही शिव ऑटो पार्टस की दुकान पर बैठता है। आरोपियों के पास से अभी 10 मोबाइल मिले है। जो वह स्कूल कॉलेज के बाहर खडे वाहनो की डिक्की तोड़कर निकालते थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि वे चोरी किए मोबाइल जेल रोड के व्यापारियों को बेचते थे। अब पुलिस इन व्यापारियों की जानकारी निकालने में जुटी है।

**घरों में चोरी की दो घटनाएं, लाखों का माल पार**

शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र की है, जहां ऑटोमोबाइल कर्मचारी गोपाल चंद्रवंशी के घर चोरी हुई। शिकायत के अनुसार, गोपाल अपने परिवार के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए बाहर गए थे। इस दौरान चोर गैलरी के रास्ते घर में घुसे और सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में सोने का मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठी, चांदी की पायजेब, चूड़ियां, बिछुड़ी, सिक्के और अन्य आभूषण शामिल हैं।


# इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का दायरा बढ़ा, 5 जिलों के 1784 गांव और 55 लाख आबादी शामिल

**जनप्रतिनिधियों के सुझावों के बाद किया बदलाव**

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का क्षेत्र अब करीब 10 हजार वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है। इसमें धार और देवास जिले के इलाकों को शामिल किया गया है, जबकि उज्जैन जिले के कुछ हिस्सों को इससे बाहर किया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, कुल क्षेत्रफल में करीब 653 वर्ग किलोमीटर का इजाफा हुआ है। धार जिले में सबसे ज्यादा, लगभग 550 वर्ग किलोमीटर का विस्तार हुआ है। यह बदलाव जनप्रतिनिधियों के सुझावों के बाद किया गया है। अब इस क्षेत्र में कुल 1784 गांव आए हैं, जबकि पहले ये संख्या 1756 थी।

शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेट्रोपॉलिटन एरिया विस्तार को लेकर बैठक की। इसमें बढ़े हुए क्षेत्र का प्रस्तुतीकरण किया गया और समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के शहरों और पंचायतों को मजबूत किया जाए, उनकी प्रशासनिक और आर्थिक स्थिति बेहतर बनाई जाए। उन्होंने जिन पंचायतों को नगर परिषद बनाया जा सकता है, उन्हें अपग्रेड करने के भी निर्देश दिए।



5 जिलों के 1784 गांव होंगे शामिल

आईडीए की जानकारी के अनुसार, इस मेट्रोपॉलिटन रीजन में पांच जिले और 29 तहसील शामिल हैं। हालांकि जिलों या तहसीलों की संख्या में बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन गांवों की संख्या बढ़ाई गई है। कुछ जिलों का क्षेत्र कम किया गया है, जबकि कुछ में बढ़ोतरी हुई है। उज्जैन जिले के 51 गांव अब मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र से बाहर कर दिए गए हैं। वहीं धार और देवास जिलों में गांवों की संख्या बढ़ी है।

इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में पांच जिले इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर को शामिल किया गया है। कुल क्षेत्रफल करीब 10 हजार वर्ग किमी का होगा। इस एरिया की आबादी 55 लाख के करीब होगी। इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया को डेवलप करने का काम तेजी से हो रहा है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) को नोडल एजेंसी बनाया है। आईडीए ने डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति कर ली है। मेट्रोपॉलिटन एरिया को 4 चरणों में डेवलप किया जाना है, जिसमें इंसेप्शन, सिचुएशन एनालिसिस, रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान और डीपीआर शामिल है।

पहले चरण यानी इंसेप्शन का काम पूरा हो चुका है, यानी ये तय हो गया है कि मेट्रोपॉलिटन एरिया का कुल क्षेत्रफल कितना होगा? इनमें कौन-कौन से जिले शामिल होंगे, तहसील और गांवों की संख्या कितनी होगी? अब सिचुएशन एनालिसिस का ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा यानी इसमें शामिल जिलों की अलग-अलग तहसील, निकायों का डेटा, वहां की जनसंख्या, स्थापित उद्योग, क्षेत्र की विशेषता की स्टडी होगी। इसके बाद वहां की भौगोलिक, आर्थिक, धार्मिक-सामाजिक स्थिति का आकलन होगा। कहां कौन सी इंडस्ट्री है, किस तरह की जरूरतें हैं, इसका भी खाका तैयार होगा। इसके बाद रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान बनेगा, जिसमें ये देखा जाएगा कि मेट्रोपॉलिटन एरिया का समान रूप से विकास हो सके। इसके बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट जारी की जाएगी।

### उज्जैन जिले के 51 गांव मेट्रोपॉलिटन से बाहर

इंदौर रीजन में इंदौर जिले का पूरा 3901.63 वर्ग किमी क्षेत्र शामिल है, लेकिन उज्जैन जिले का 118,47 वर्ग किमी क्षेत्र कम किया गया है। पहले उज्जैन जिले का 2740.5 वर्ग किमी क्षेत्र शामिल था। जो अब 2622.03 वर्ग किमी कर दिया गया। इससे 51 गांव रीजन से बाहर हो गए और अब रीजन में गांवों की संख्या 461 रह गई है। इसमें बड़नगर, घटिया, खाचरौद तहसील का क्षेत्र कम किया गया है। देवास और धार में बढ़ा 772 वर्ग किमी क्षेत्र रीजन में धार और देवास जिले का 772.66 वर्ग किमी क्षेत्र बढ़ा है।

सबसे अधिक धार जिले में 550.35 वर्ग किमी क्षेत्र का विस्तार हुआ है और इसका दायरा बढ़कर अब 1124.75 वर्ग किमी हो चुका है। देवास जिले में 222.31 वर्ग किमी क्षेत्र विस्तारित हुआ है और दायरा बढ़कर अब 2308.31 वर्ग किमी हो चुका है। धार में 78 गांव और देवास में 38 गांवों की बढ़ोतरी मेट्रोपॉलिटन रीजन में हुई है। शाजापुर जिले का 0.63 प्रतिशत क्षेत्र कम किया गया है। पहले तीन गांव थे और अब दो गांव ही रह गए हैं।

# 20 मई को कैबिनेट की बैठक, 19 मई को इंदौर आएंगे मुख्यमंत्री



**इंदौर।** सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 20 मई को इंदौर में राज्य मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक होगी। यह बैठक प्रशासनिक दृष्टि से जितनी अहम है, उतनी ही सांस्कृतिक और विकासात्मक दृष्टि से भी इंदौर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि इस बैठक को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। कैबिनेट बैठक के साथ-साथ प्रस्तावित विशेष कार्यक्रमों और शहर के प्रमुख स्थलों के दौरे की रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है। महापौर पुष्य मित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव 19 मई की रात को समस्त मंत्रिमंडल के साथ इंदौर आएंगे। इस दिन सीएम डॉ. मोहन यादव अपनी कैबिनेट के साथ लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में माता अहिल्या पर आधारित नाट्य मंचन भी देखेंगे। साथ ही सराफा बाजार चौपाटी भी जाएंगे। 20 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक के बाद सीएम के नेतृत्व में इंदौर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा। इनमें विशेष रूप से वे प्रोजेक्ट शामिल होंगे, जिन्होंने शहर को देश में नंबर वन बनाया है। उसमें हुकुमचंद मिल, इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट, स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन शामिल है।

# सीएम लेंगे फैसला- पलासिया, नौलखा, शिवाजी वाटिका, एलआईजी पर फ्लायओवर

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर के एमआर-9 से नौलखा तक 9 चौराहों में से एलआईजी, पलासिया, शिवाजी वाटिका और नौलखा पर तत्काल फ्लायओवर की जरूरत है। शिवाजी वाटिका पर सर्कल टाइम 265 सेकंड है, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। औसतन हर दिन 80 सेकंड की देरी होती है। शनिवार को मुंबई की कंसल्टेंट कंपनी की फिजिबिलिटी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

बैठक में संभागायुक्त, कलेक्टर और आईडीए सीईओ मौजूद थे। कंपनी ने 11 अन्य चौराहों की रिपोर्ट दी, जिनमें से 4 पर फ्लायओवर और जंजीरावाला चौराहे पर एलिवेटेड रोटरी का प्रस्ताव है, जिसकी लागत 90 करोड़ है। अन्य चौराहों पर आंशिक बदलाव से ट्रैफिक सुधारा जा सकता है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री को दिखाई जाएगी। उसके बाद फ्लायओवर और अंडरपास का काम शुरू होगा।



### दो जगह अंडरपास का प्रस्ताव पर परेशानी भी

कंपनी ने शिवाजी वाटिका और नौलखा पर अंडरपास का भी प्रस्ताव दिया था। कलेक्टर ने कहा कि यहां एबी रोड पर तो फ्लायओवर बन सकता है पर व्हाइट चर्च से एमवायएच की लेन में निगम की सीवर ट्रंक लाइन नीचे से जा रही है। ऐसे में अंडरपास काफी लंबा बनाना पड़ेगा। यही परेशानी नौलखा पर भी आई। अभी इस पर डिटेल चर्चा होनी है।

**2028 तक इंदौर में केबल कार से सफर-** बैठक में केबल कार के दो रूट प्रस्तावित हुए- पहला चंदन नगर से शिवाजी वाटिका तक, दूसरा रेलवे स्टेशन से विजयनगर तक। कुल 11 किमी रूट पर 737 करोड़ खर्च होगा। किराया 20 से 60 रुपए रहेगा। केबल कारशहर के बीच से गुजरेगी, जिससे आपत्तियां संभव हैं। प्रोजेक्ट 2028 तक पूरा होगा। इसके लिए पीपीपी मोड पर जाना पड़ेगा। कंपनी ने रिपोर्ट में बताया कि बीआरटीएस पर 9 तरह के सर्वे किए गए। यह तथ्य सामने आया कि एमआर-9 से नौलखा तक सबसे ज्यादा ट्रैफिक मंगलवार को होता है। रविवार को आम दिनों की अपेक्षा 15 त्न ट्रैफिक कम होता है। फ्लायओवर बनने पर भी केवल 30त्न ट्रैफिक ही उसका उपयोग करेगा, क्योंकि हर चौराहे पर क्रॉस ट्रैफिक है।

### नगर निगम उपयंत्री और ड्राइवर से मारपीट, रजिस्ट्रर भी फाड़ा

**इंदौर।** एरोड्रम पुलिस ने नगर निगम के उपयंत्री और टैंकर के ड्राइवर के साथ मारपीट करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने पानी का टैंकर नहीं भेजने की बात पर विवाद किया था। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने मनोज चौहान निवासी नगर पालिका निगम वार्ड इंचार्ज उपयंत्री 13, जोन नंबर 4 पानी की टंकी संगम नगर की शिकायत पर कृष्णकांत तिवारी निवासी शुभम पैलेस कॉलोनी और नरेन्द्र रघुवंशी निवासी दुर्गा कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मनोज ने बताया कि वह शनिवार शाम फिल्ड पर थे। जोन पर कर्मचारी अजय गौड पहुंचा। यहां पर पहुंचते ही उन्होंने अजय से विवाद किया और अफसर को बुलाने की बात की। अजय ने मनोज को कॉल किया। जब मनोज वहां पहुंचे तो दोनों उनके साथ तेज आवाज में बात करने लगे। और अपशब्दों कहे।

# इंदौर में रात को एक इंच बरसा पानी, सामान्य से चार डिग्री कम रहा तापमान



सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में बेसौसम बारिश का दौर जारी है। यह बारिश खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रही है और तापमान को भी प्रभावित कर रही है। इंदौर में शनिवार रात एक इंच से ज्यादा बारिश हुई। इस कारण रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री कम दर्ज हुआ, लेकिन रविवार सुबह शहरवासी गर्मी और उमस से परेशान नजर आए। सुबह तेज धूप निकली। पारा भी 38 डिग्री से ज्यादा चढ़ गया।

इंदौर में शाम को तेज हवा के बाद बारिश हुई। इस कारण कई इलाकों की बिजली भी गुल रही जो देर तक लौटी। हवा के साथ आ रही आड़ी-तिरछी पानी की बौछारे पंद्रह मिनट तक एक जैसी शहर की सड़कों को तरबतर करती रही।

इंदौर में शनिवार रात का तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। रात को हवा की रफ्तार भी 50 किलोमीटर प्रति घंटा रही। रविवार सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। आठ बजे तापमान 26.4 डिग्री रहा, जो धीरे-धीरे बढ़ता गया और कूलर-एसी की ठंडी हवा में शहरवासियों ने छुट्टी का दिन बिताया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों तक मौसम इसी तरह का रहेगा। 20 मई से बारिश का दौर भी शुरू होगा। प्रदेश में चक्रवात सक्रिय रहेगा। उसकी ऊंचाई भी ज्यादा नहीं है। इस कारण बारिश की संभावना बनी रहेगी। यह सिस्टम कमजोर होगा। उसके बाद तापमान में इजाफा होगा, लेकिन चक्रवात का असर 23 मई तक रहेगा।

**कार्रवाई** | **पुलिस ने यहां से 16 मोबाइल, 2 लैपटॉप सहित कई दस्तावेज जब्त किए है**

# युवतियों से फोन लगवाकर बनाती थीं शिकार, प्रमुख आरोपी ने साफ्टवेयर को किया ब्लॉक

सत्ता सुधार ■ इंदौर

क्राइम ब्रांच ने एक फर्जी एडवाइजरी कंपनी पकड़ी थी। बताते है कि यहां लोगों को जाल में फंसाने का काम कंपनी की एचआर हेड करती थी। वही एक दर्जन लड़कियों से फोन लगावकर लोगों को शिकार बनाती थी। उसे अभी आरोपी नहीं बनाया गया है, लेकिन पूछताछ की जा रही है।

क्राइम ब्रांच ने कल टीआई मॉल के पास धनलक्ष्मी सिक्यूरिटी के नाम से संचालित हो रही फर्जी एडवाजरी कंपनी पर छापा मारा था। पुलिस ने यहां से तीन आरोपी सचिन उतरकर, अलोककुमार सिंह और तुषार बड़ोलिया को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुरैना के एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई थी। जब पुलिस ने यहां छापा मारा तो एक दर्जन युवतियां भी काम में लगी हुई थीं। हालांकि अभी इनमें से किसी को आरोपी नहीं बनाया गया है। पुलिस ने यहां से 16 मोबाइल, 2 लैपटॉप सहित कई दस्तावेज जब्त किए है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लोगों को शेयर मार्केट में मोटे मुनाफा का झांसा देकर जाल में फंसाने का काम कंपनी की एचआर हेड नेहा करती थी। वही अन्य युवतियों से फोन लगावाकर शिकार बनाती थीं, वहीं जांच में पता चला है कि कंपनी ने एक वेब पेज भी



बना रखा था और उस पर एक बैंक खाते का नंबर भी था। इसी में ठगी का पैसा जमा होता था। अब पुलिस उस खाते को ब्लॉक करवा रही है, वहीं जांच में यह भी पता चला है कि एक आरोपी अलोककुमारसिंह आईटी एक्सपर्ट है, उसने छापे के बाद साफ्टवेयर को ब्लॉक कर दिया था। अब उसको पुलिस खुलवा रही है, ताकि यह पता चल सके कि इन लोगों ने कितने लोगों को शिकार बनाया है। बताते है कि छापे के बाद कुछ अन्य शहरों के लोगों ने पुलिस से संपर्क किया है, वहीं आरोपियों ने कबूला है कि उनके पास 5 हजार लोगों को डाटा है, जो उनके टारगेट पर थे। यह डाटा उन्होंने कहा से प्राप्त किया, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि ठगी की सरगना नेहा ही है, लेकिन अभी तक उसे आरोपी नहीं बनाया गया है। कुछ सालों में पुलिस शहर में 100 से अधिक फर्जी एडवाइजरी कंपनी पकड़ चुकी हैं, लेकिन लगातार कार्रवाई के बाद कई फर्जी एडवाइजरी कंपनी देवास से चल रही है। इस गिरोह में भी एक आरोपी देवास का ही है। यहीं नहीं ऐसी कई फर्जी एडवाइजरी कंपनिया युवतियां भी चला रही हैं। कुछ साल पहले एरोड्रम पुलिस ने एक फर्जी एडवाइजरी की सरगना पूजा थापा को गिरफ्तार किया था, जबकि जब भी पुलिस एडवाइजरी कंपनियों पर छापा मारती है तो देखने में आता है कि यहां बड़ी संख्या में युवतियां काम करती हैं,लेकिन सीधे तरीके से शामिल नहीं होने से पुलिस उनको आरोपी नहीं बनाती है। शहर में पिछले कुछ समय से लगातार बाहर के राज्यों की पुलिस फर्जी एडवाइजरी कंपनियों के आरोपियों को पकडने के लिए लगातार इन्दौर आती रही है। कई बार आरोपियों को पकडक़र भी ले गई है। अब इन फर्जी एडवाइजरी कंपनियों ने एक नया तरीका निकाला है।

# यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती ने की खुदकुशी

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में यूपीएससी की तैयारी कर रही 25 वर्षीय युवती प्रियांशी सुगंधी ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह स्कीम नंबर 78 स्थित हर्षदीप क्लासिक अपार्टमेंट में पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रही थी।

देर रात मकान मालिक ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू की। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, कमरे से एक तीन पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जो अंग्रेजी में लिखा गया है। इसमें प्रियांशी ने खुद को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। उसने लिखा है कि वह अकेलेपन और डिप्रेशन से जूझ रही थी। जीवन में वह वैसा कुछ नहीं कर पा रही थी, जैसी वह बनना चाहती थी। इसी कारण वह खुद को लगातार असफल और थका हुआ महसूस कर रही थी।

**सगाई हो चुकी थी, मंगेतर से भी मांगी माफी-** सुसाइड नोट में प्रियांशी ने अपने पिता, दोस्तों और मंगेतर से माफी मांगी है। उसने लिखा- ÷मैं एक अच्छी बेटी, दोस्त और गर्लफ्रेंड नहीं बन सकी। हो सके तो मुझे माफ कर देना।

## ब्रीफ न्यूज

### टीएल बैठक 19 मई को

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 19 मई, 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### साथी अभियान के लिए बैठक व प्रशिक्षण का किया आयोजन

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में साथी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके संबंध में 17 मई को साथी अभियान की समिति के साथ बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथी अभियान के अन्तर्गत ऐसे चिन्हित असहाय एवं बालकों से संबंधित संस्थाओं में रहने वाले बच्चों के, जिनके आधार कार्ड नहीं बने है, उनके आधार कार्ड बनाए जाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। गठित समिति के सदस्यों को साथी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही निर्देशित किया कि इस अभियान के संबंध में अधिक से अधिक आमजन को जानकारी प्रदान करे, जिससे अभियान का लाभ उठाये जा सके।

### गलेथा स्टॉप डेम कम कॉजवे पर साफ-सफाई का कार्य किया

**मुरैना।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी अंकित प्रताप सिंह, उपयंत्री सुरेश चन्द्र शर्मा, डी. के. गौड, तथा मुलायम सिंह तोमर हेल्पर, विनोद सिकरवार हेल्पर, विभागीय श्रमिकों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के द्वारा 18. मई को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत गलेथा स्टॉप डेम कम कॉजवे पर साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी व जन सहयोग से किया गया। तथा सभी ने एक जुट होकर श्रमदान किया।

### जिला स्तरीय दावे-आपत्तियों के निराकरण बैठक 21 मई को

**मुरैना।** आंगनबाड़ी, मिनी कार्यकर्ता, सहायिका के दावे-आपत्तियों के निराकरण संबंधी जिला स्तरीय बैठक 21 मई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता, सहायिका के प्राप्त आवेदनों पर दावे-आपत्तियों के संबंध में निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष सीईओ जिला पंचायत होंगे। जबकि सदस्य के रूप में कलेक्टर द्वारा नामांकित सदस्य डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति श्रीमती गिरिजा देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामांकित सदस्य श्रीमती रेशमा कुशवाह और संबंधित परियोजनाओं के परियोजना अधिकारी मौजूद रहेंगे।

-स्व. शीलादेवी गर्ग की पावन स्मृति में आयोजित स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर संपन्न

# अग्रवाल महासभा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 25 मरीज का ऑपरेशन के लिए चयन, 65 आयुष्मान कार्ड बनाए

सत्ता सुधार ■ मुरैना

अग्रवाल महासभा मुरैना द्वारा एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रवाल सेवासदन टी आर पुरम मुरैना पर रविवार को किया गया। उक्त शिविर में डेढ़ हजार से अधिक मरीजों द्वारा पंजीयन कराए गए, जिसमें से चार सैकड़ा से अधिक आंखों के मरीजों का परीक्षण किया गया और इनमें से 25 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है।

कार्यकम संयोजक श्रीमती शशि अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल महिला मण्डल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि नेत्र शिविर का आयोजन स्व. श्रीमती शीलादेवी गर्ग पत्नी रमेश चन्द्र गर्ग मुख्य संरक्षक अग्रवाल महासभा की पावन स्मृति में डॉ. आनन्द बंसल बी.आई.एम.आर हॉस्पीटल्स ग्वालियर के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद्मेश उपाध्याय एवं गोविंद देवडा जनरल मैनेजर बीआईएमआर हॉस्पीटल ग्वालियर के द्वारा किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय के सहयोग से आम नागरिकों के 65 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में टोटल पंजीयन 1550 हुए, जिसमें से डॉ. आनन्द बंसल के नेतृत्व में बिरला हॉस्पीटल की टीम द्वारा लगभग 450 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। जिनमें से करीब 25 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसके साथ ही बीआईएमआर हॉस्पीटल ग्वालियर के अन्य डॉक्टर्स डॉ. शिवांश त्वचारोग, डॉ प्रवीण मंगल हृदय रोग, डॉ. आकाश न्यूरो मैडीसिन, डॉ. सौरभ सिंह तोमर जनरल मैडीसिन, डॉ. कुन्दन बसैडिया सर्जरी, डॉ. मयंक महेश्वरी पेट रोग, डॉ. रोहित खण्डेलवाल किडनी रोग, डॉ. आकृति अग्रवाल स्त्री रोग. डॉ. शालिनी दास शिशु रोग, डॉ. दीपांशु सिंघल नाक कान गला रोग, डॉ. मालिनी कैसर रोग, डॉ. राकेश गुप्ता हड्डी रोग, डॉ संजीव अग्रवाल हड्डी रोग एवं डॉ. पुष्पक गोयल छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ ने भी मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया। सभी मरीजों को शिविर स्थल पर अग्रवाल महासमा की ओर से निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को ग्वालियर ले जाने व आपरेशन के बाद लाने के लिए महासभा की ओर से बसों का इंतजाम किया गया। सभी मरीजों के आपरेशन बीआईएमआर हॉस्पीटल ग्वालियर में किए जाऐंगे। नेत्र शिविर में आए सभी मरीजों के लिए अग्रवाल महासभा की ओर से खाने की व्यवस्था की गई थी, साथ ही अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा मरीजों को साफी एवं स्टॉल भी वितरित किए गए। उपरोक्त शिविर को सफल बनाने में अग्रवाल महासभा के सभी क्लबों ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।





# खुले पड़े नाले नालियों को बंद नहीं कर रही नगर निगम, लगातार गिर रहा गोवंश, गौसेवक हो रहे परेशान

## आए दिन खुले कुएं में गिर रहे गौवंश व जानवर, घायल होकर तोड़ रहे दम

सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर तो शहर ग्रामीण इलाकों में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जगह-जगह नाले नालियां खुले पड़े हुए हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सूखे पडें कुएं को बंद नहीं किया जा रहा, जिससे आए दिन गोवंश इनमें गिरकर घायल हो रहे हैं। इनमें फंसे गोवंश को निकालने के लिए नगर निगम कोई पहल नहीं करता, जबकि गौ सेवक दिन रात मेहनत कर रहे हैं और नगर निगम का कोई सहयोग नहीं मिल रहा। प्रतिदिन शहर व जिले से गोवंश के गड्ढे में गिरने की सूचनाए मिल रही हैं और गौ सेवक रेस्क्यू ऑपरेशन कर रहे हैं। गत रात्रि मिल एरिया रोड सिंघल नर्सिंग होम के पास खुले पड़े नाले में फिर से गोवंश गिर गया। पिछले 10 वर्ष से यहां दो सैकड़ा गोवंश गिर चुके हैं लेकिन नगर निगम इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा, जिससे गौ सेवकों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है।



जिले भर में आए दिन गौवंश व जानवर खुले पड़े कुओं में गिर कर घायल हो रहे व दम तोड़ रहे, ऐसे ही दो मामले शनिवार को सामने आए, जहां एक गौमाता व एक गौवंश कुएं में गिर गए। पहला मामला नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 डोमपुरा का है, जहां गांव के बगल से ही सटे खेत में एक कुआं खुला पड़ा, जिसमें गौमाता चरते हुए गिर गई। सूचना स्थानीय लोगो ने गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को दी। सूचना मिलते ही गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह व सुदामा कुशवाह, हरेंद्र मंसूरिया मौके पर पहुंचे और देखा कि कुएं में पानी भरा हुआ है और गौमाता उसमें डूब रही थी, जिसे गांव के लोगों ने रस्से से उसके सींगों को बांध दिया था। फिर गांव का ही दशरथ कुएं में घुसा और गांव वालों की मदद से गौमाता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। फिर नगर निगम की एंबुलेंस से गौसेवक गौमाता को चम्बल कॉलोनी गौसेवा धाम पर ले आए। कुएं के बगल से ही खजूर का पेड़ व अन्य फलों के पेड़ लगे हुए थे, जहां आए दिन गांव के बच्चे खजूर बीनने व फल तोड़ने जाते है तो कभी भी उनके साथ गंभीर घटना घटित हो सकती है।

वहीं दूसरा मामला जौरा के पास टुडीला और शेरपुर के बीच का है, जहां खेत में खुले पड़े कुएं में गौवंश गिर गया। सूचना गांव के रमाकांत रावत ने गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को दी, वहां भी गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह अपने साथ गौसेवक अजीत सिंह परिहार, सुदामा कुशवाह, आशीष पंडित को लेकर पहुंचे। गौवंश काफी बड़ा था, कुएं में गिरने से उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थीं और वह उसमें लेटा हुआ था। उसको खींचने के लिए क्रेन मशीन व कुएं में घुसने के लिए रेस्क्यू के सामान की आवश्यकता थी, लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई मदद नहीं मिली, फिर कुएं में गांव के ही दो व्यक्ति अनार सिंह, सुल्तान रावत कुएं में घुसे, जिन्होंने उसे रस्सों से बांधा और ट्रैक्टर के हेडरा से गोवंश को बाहर खींच लिया। मौके पर पवन रावत, भगवान सिंह, हकीम रावत, रामप्रसाद, सतेन्द्र रावत, सतीश, सुनील रावत, संदीप व गांव के अन्य लोग मौजूद रहे, जिनकी मदद से गौवंश को कुएं से खींचा और स्थानीय पशु चिकित्सक बुलाकर उसका उपचार कराया। गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली बुलाकर गौवंश को उसमें रखा और गौशाला ले जाते समय गौवंश ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# तोर गांव में जमीनी विवाद पर गोली लगने से एक युवक की मौत

## निरार पुलिस ने 9 लोगों के विरुद्ध किया हत्या का मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ मुरैना

निरार थाना अंतर्गत तोर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे के प्रयास पर से हुए विवाद पर गोली मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक युवक गांव में रिश्तेदारी में आया हुआ था। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से 9 लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तोर गांव में शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर शुक्रवार की रात 11:30 बजे विवाद हुआ, जिसके बाद आधा दर्जन से अधिक आरोपियों द्वारा कट्टा एवं बंदूक से की गई। फायरिंग में बॉबी पुत्र नाथू सिंह गुर्जर निवासी बरवासिन की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार को बॉबी पुत्र नाथू सिंह निवासी बरवासिन थाना देवगढ़ रिश्तेदारी में आया हुआ था, इसी बीच दो पक्षों में हुए विवाद पर से एक पक्ष द्वारा चलाई गई। गोली लगने से बॉबी पुत्र नाथू सिंह गुर्जर की मौत हो गई। पुलिस ने नाथू सिंह की



रिपोर्ट पर से रामवीर, उदयवीर, जगदीश, मनोज, धर्मेंद्र, विशंभर, बनिया, रुस्तम, जर्दन सिंह गुर्जर के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी दशरथ चौहान का कहना है कि सभी आरोपित गांव से फरार हो गए हैं, जिन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। चर्चाओं के अनुसार गांव में पहाड़ पर सरकारी जमीन को लेकर रामवीर गुर्जर एवं वकील गुर्जर के मध्य पूर्व से ही विवाद चल रहा था। उक्त विवाद के चलते ही यह घटना घटित हुई है, जिसमें रिश्तेदारी में आए हुए बॉबी की गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस द्वारा रात भर फोर्स तैनात किया गया और आरोपियों की तलाश में जगह-जगह टीम भेजी जा रही है।

# कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही है धज्जियां

## थाना परिषद में खुले कुएं से हो सकता है हादसा



सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

नगर में जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है, जिले की प्रशासनिक बैठकों में दिए गए निर्देशों और कलेक्टर के आदेशो पर अमल नहीं करना स्थानीय विभाग प्रमुख की आदत सी बन गई है। यह मामला जल स्रोत के संरक्षण एवं खुले कुआँ, बावड़ी, बोरवेल आदि को ढकने का है। गत टीएल बैठक में कलेक्टर अंकित अस्थाना नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में हुआ एवं सीएमओ को निर्देशित किया ताकि क्षेत्र में कहीं भी खुले एवं हुए ना मिले, इसका प्रमाण पत्र मेरे समक्ष उपस्थित किया जाए।

लेकिन इन आदेशों और निर्देश का असर सबलगढ़ में नजर नहीं आ रहा है। सबलगढ़ थाने में प्राचीन कुआँ खुला पड़ा है इसमें कभी भी कोई जानवर या गोवंश गिर सकता है। पास में ही मंदिर है यह सब नगर पालिका कर्मचारियों के संज्ञान में भी है लेकिन शहर के मध्य इस कुएं से नगरीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी अंजान बने हुए हैं।

# चार दिनों में चार ग्रहों ने बदली चाल, लम्बे समय तक रहेगा प्रभाव, सभी राशियों पर पड़ेगा प्रभाव

**मुरैना।** कहते है ग्रह ही राज्य देते है और ग्रह ही राज्य हर लेते हैं। सब चराचर ग्रहों के ही अधीन हैं। चार दिनों में ग्रहों के राजा सूर्य ने 15 मई की रात मेष राशि से वृष राशि में प्रवेश किया। ग्रहों में सबसे अधिक ज्ञान, ध्यान, शिक्षा, दीक्षा के कारक गुरु ने 14 मई की रात वृष से मिथुन में प्रवेश किया। अब 18 मई को शाम 07:20 बजे राहु मीन राशि से कुंभ में, इसी समय केतु कन्या राशि से सिंह राशि में प्रवेश कर रहे है।

ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने कहा कि इन ग्रहों के परिवर्तन जिन राशियों में ग्रह पहुंच रहे है उन्हें बड़ी परेशानी रहेगी। इसके अलावा बुध 16 मई से 12 जून तक अतिचारी गति चलने से राजनेताओं में परस्पर टकराव बढ़ेगा। देश के पश्चिमी उत्तरी क्षेत्रों में हिंसा, दुर्भिक्ष की संभावना रहेगी। जनता में भय बना रहेगा। तेल, तिलहन, काली मिर्च, किराने का सामान में तेजी आएगी। चांदी एक लाख से ऊपर ही अच्छी तेजी में रहेगी।

**क्या होगा राशियों पर असर :** प्रत्येक राशियों पर अलग-अलग रूप से प्रभाव पड़ेगा। 18 मई को शाम 07 बजकर 20



मिनट पर राहु अपनी स्वभाविक गति यानि वक्री गति से कुंभ राशि में और केतु अपनी वक्री गति से सिंह राशि में प्रवेश करेंगे और वर्ष पर्यंत राहु, कुंभ राशि में और केतु सिंह राशि में ही गोचर करते रहेंगे। राहु और केतु एक राशि में लगभग 18 महीनों तक रहते हैं। गुरु एक राशि में लगभग 13 महीने तक रहते हैं। गुरु, राहु और केतु के इस गोचर का आपकी राशियों पर और आपके जीवन पर क्या प्रभाव होगा।

**इन सभी राशियों पर क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा, जानिए :-**

- **मेष** - इनके प्रभाव से आपके जीवन में धन लाभ, मान सम्मान के अवसर सामने आ सकते हैं।
- **वृष** - परिवार में वृद्धि, धन वृद्धि परंतु केतु चौथे मां को रोग पीड़ा अशांति देगा।
- **मिथुन** - गुरु विलंब और भय से कार्य करने देंगे। राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी रुचि कुछ कम हो सकती है। आपको जीवनसाथी और संतान का लाभ मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता।
- **कर्क** - गुरु से शत्रुओं पर विजय, गुप्त व साहसी कार्य पूर्ण होंगे। राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से आपको स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।
- **सिंह** - गुरु से नए आर्थिक लाभ उन्नति, नौकरी में पदोन्नति, राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से जीवन साथी के साथ आपके रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहेंगे।
- **कन्या** - मित्रो से मत भेद स्थान हानि, स्थान परिवर्तन, राहु-केतु से ही व्यर्थ के खर्चो पर भी नियंत्रण रखने की जरूरत है।
- **तुला** - संतान की उन्नति, धन लाभ, रुके कार्य गुरु पूर्ण कराएंगे। राहु-केतु के इस गोचर से अचानक सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** - स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना होगा। राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से आपको पारिवारिक सुख में कमी महसूस हो सकती है।
- **धनु** - विवाह, पत्नी सुख के लिए उत्तम वर्ष है। कार्य व्यापार से आर्थिक लाभ, उन्नति। राहु-केतु के इस गोचर से आपको जीवन में लाभ और सफलता मिलेगी।
- **मकर** - पुत्र से मतभेद एवं इस दौरान आपको पैसों के मामले में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। अपने काम की बागडोर अपने हाथ में रखना आपके लिए ज्यादा अच्छा होगा।
- **कुंभ** - गुरु के प्रभाव से आप की तर्क शक्ति सूझबूझ बढ़ेगी। राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से आपको अपने कार्यों की पूर्णता के लिए थोड़ी ज्यादा मेहनत और लगन की जरूरत है। इस दौरान आपको अपने कार्य ईमानदारी के साथ पूरे करने चाहिए।
- **मीन** - गुरुदेव के प्रभाव से परिवार मित्रो से अशांति महसूस होगी, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। राहु-केतु के इस गोचर के प्रभाव से आपको कभी-कभी धन हानि होगी, तो कभी-कभी अचानक से आपके खर्चे बढ़ सकते हैं।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दिए दिशा निर्देश

# कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट मुंशी, समंस वारंट सजगता से जारी करें: सुरेन्द्र पाल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

रविवार को पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर द्वारा कोर्ट मोहर्रिरों, कोर्ट मुशियों एवं वारंट मुंशियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कोर्ट मोहर्रिरों को समय पर समंस वारंट जारी करने एवं जारी समंस वारंटो में सही नाम पता लेख करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि समंस वारंट सजगता से जारी करेंगे, तो निश्चित ही संमस वारंट के तामीली के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी, अक्सर



अधूरे नाम पता के कारण संमस वारंट की तामीली में दिक्कतें आती है, समंस वारंट जारी करते समय पूरा नाम पता, मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से लिखें, साथ ही जमानतदारों के नाम पता भी लिखें। सभी न्यायालय में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर यह दायित्व है कि न्यायालय से जारी होने वाले समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय पर पहुँच जाये, यदि किसी थाने से देरी होती है तो उक्त संबंध में थाना प्रभारी एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करायें, ताकि न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार करने की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही फिंगर प्रिंट शाखा प्रभारी द्वारा अपराधियों के अंगुल चिन्ह लेते समय रखने वाली सावधानियां एवं स्लिप तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया और अवश्यकतानुसार कोर्ट मोहर्रिरों को इंकपेड प्रदाय किये गये। माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त नोटिस व वारंट समय पूर्व तामील कराए जायें, कोई भी नोटिस व वारंट अदम तामील न रहे। माननीय उच्च न्यायालय का कोई भी नोटिस व वारंट अदम तामील रहता है तो संबंधित राजपत्रित अधिकारी उसका सत्यापन करेंगे कि अदम तामीली के क्या कारण हैं। माननीय उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा वांछित प्रत्येक केस डायरी समय पूर्व मय प्रतिवेदन के जमा करावे, केस डायरियों में आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड आवश्यक रूप से संलग्न किया जावें। चिन्हित अपराधों में स्वयं कोर्ट मोहर्रिर एवं संबंधित थाने का चालानी मुंशी नोडल अधिकारी से समन्वय कर अभियोजन पक्ष में साक्ष्य कार्यवाही करवाऐंगे। 25 वर्ष पुराने चिन्हित प्रकरण एवं 05 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरण तथा जिन प्रकरणों में आरोपी वर्तमान में जेल में उनकी आदेशिकाएं प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत तामील करावें।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में प्रवेश हेतु आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**मुरैना।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा स्थापित श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी मुरैना सुश्री नम्रता सोनी ने बताया है कि श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रशिक्षणार्थीयों के प्रवेश हेतु संचालनालय, कौशल विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी हैं। श्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडो में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक को बेवसाइट पर जाकर पंजीयन करना होगा। जिसकी अंतिम तिथि 31 मई 2025 हैं। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रोनिक्स, इलेक्ट्रीशियन,सीएनसी मशीनिंग तकनीकीशियन,सिविल इंजीनियरिंग अस्सिटेंट के लिए दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइनिंग एंड ट्रेक्नोलोजी, इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है।इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवा व खेड़ा की किराना दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिये

**हरदा ।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शुक्रवार को ग्राम खेड़ा व रेलवा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ग्राम रेलवा की लकी किराना दुकान से तुअर दाल व सिद्धि विनायक से शक्कर सैंपल लिए गये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ग्राम खेड़ा में दीपक किराना व दिया किराना दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर रजिस्ट्रेशन नहीं दिखाया गया, बाद में दिखाने का कहा गया। रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत न करने की दशा में न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी।

### दमोह-छतरपुर हाइवे पर टकराए ट्रकों में तीन दिन बाद भी लगी आग, फिर हो सकती है बड़ी घटना

**दमोह ।** दमोह जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर हाईवे पर स्थित बड़ी चढ़ाई के पास तीन दिन पहले दो ट्रकों की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई थी, जो अभी तक नहीं बुझाई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ट्रकों की आग बुझाने का दावा किया था, जो अब झूठा साबित हुआ है। रविवार सुबह की स्थिति में दोनों ट्रकों से लपटें निकलती हुई देखी गई। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को मौके से हटाने का प्रयास भी नहीं किया गया है, जिससे फिर कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बता दें कि बड़ी चढ़ाई पहले से ही एक संवेदनशील मोड़ के रूप में जानी जाती है। यहां महीने में 40 से अधिक हादसे होते रहते हैं, जिनमें कई वाहन चालकों की जान भी जा चुकी है। जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले ट्रक क्रमांक यूपी 86 टी 4266 जिसमें रेलवे की पुरानी मोटर थी, विशाखापट्टनम से आगरा जा रहा था और दूसरा ट्रक क्रमांक यूपी 80 एफटी 7305 जिसमें साइकिलें भरी थीं, लुधियाना से जबलपुर जा रहा था। बड़ी चढ़ाई पास पहुंचते ही अनियंत्रित होकर दोनों ट्रक आपस में टकरा गए और डीजल टैंक में ब्लास्ट होने से आग लग गई। जिस समय ट्रकों से आग की लपटें निकल रही थीं, उसी दौरान तीसरा मिनी ट्रक एमपी 07 जेड 6315, जिसमें टायर लोड थे, उसका चालक हादसा देखकर घबरा गया और ट्रक पलट गया।

# मूंग की कटाई शुरू, अभी तक पंजीयन प्रारंभ नहीं

## किसान औने-पौने दाम पर मूंग बेचने को मजबूत



सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में मूंग की कटाई शुरू हो गई है अभी तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी के लिए पंजीयन की कार्यवाही प्रारंभ नहीं हुई है। किसानों में संशय की स्थिति है कि सरकार इस बार मूंग खरीदेगी कि नहीं। जिले में 1,45,000 हेक्टेयर में मूंग की बोनी हुई है। पटवारी ने अभी तक गिरदावरी नहीं भरी है। आनंन-फानंन में आदेश होने पर बैठे सब कार्यवाही कर ली जायेगी और किसानों को काफी घाटा होगा। मंडी में 6000 रूपये की दर से किसना मूंग बेचने को मजबूर है जबकि समर्थन मूल्य 8000 रूपये का है। 2000 रूपये के प्रति क्विंटल की दर से किसान को घाटा हो रहा है। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी थी घोषणा हो जाये तो किसान इस आशा उम्मीद से मंडी में मूंग नहीं बेचेंगे कि समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि मूंग खरीदी और पंजीयन के संबंध में कोई आदेश नहीं आया है।

**मूंग खरीदी से सबको फायदा –** मूंग खरीदी से मंडी, सरकार, हम्माल, व्यापारी और किसान सबको फायदा होगा। फिर भी ऐसे ज्वलंत मुद्दे की अब तक अनदेखी क्यों की जा रही है। यह समझ के परें है। मूंग की कटाई चालू है। किसान ज्यादा दिन तक मूंग को रोक नहीं सकते हैं। क्योंकि खाद, बीज, कीटनाशक दवाओं, मजदूरी आदि का भुगतान करना रहता है। अभी तक ना तो घोषणा हुई है और न ही गिरदावली रिपोर्ट तैयार हुई है। ना ही पंजीयन की प्रक्रिया चालू हुई है। इसलिए किसान परेशान है जबकि मूंग की फसल तैयार हो गई है और किसान व्यापारियों के हाथों लुट रहे हैं या फिर मंडी बेच रहे हैं। जब किसान मूंग बेच देंगे तब पंजीयन प्रक्रिया शुरू होगी फिर किसान की आड़ में व्यापारी पंजीयन करा कर किसानों को मिलने वाला पूरा फायदा ले लेंगे लोगों और किसानों की हालत जस की तस होगी और व्यापारी मालामाल हो जायेंगे।

**पंजीयन में विलंब की जांच कराई जाए –** मूंग खरीदी पंजीयन में हो रहे विलंब के कारणों की जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही की जाय पटवारी ने अभी तक गिरदावली रिपोर्ट तैयार नहीं की है। जबकि फसल की कटाई चालू हो गई है। बोनी के साथ ही गिरदावली पटवारी द्वारा तैयार कर ली जानी चाहिए। किसानों के हक हित से जुड़े इस मुद्दे की पटवारी द्वारा घोर अनदेखी की जा रही है। बाद में गिरदावरली रिपोर्ट तैयार करने में परेशानी आयेगी।

**औने-पौने दाम पर मूंग बेच रहे किसान –** मूंग खरीदी की प्रक्रिया नहीं शुरू होने से निराश, हताश, उदास किसान औने-पौने दाम पर मूंग बेच रहे हैं। 6000रूपये से भी कम दर पर किसानों से मूंग की खरीदी की जा रही है। मूंग खरीदी में विलंब होने की बात कहकर किसान व्यापारियों को मूंग बेच रहे हैं। खिड़किया में मूंग की बोनी पहले हो गई है। खिड़किया मंडी में 6000 रूपये के भाव में मूंग बिक रही है। जब किसान मूंग बेच लेंगे तब खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और व्यापारी फर्जी तरीके से पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का फायदा ले लेंगे ऐसा खेल वर्षों से चल रहा है ।

### फर्जी पंजीयन पर राजस्व अमले पर दर्ज हो एफ.आई.आर.



राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास खोरे ने आरोप लगाया कि हर वर्ष किसानों का हका व्यापारी ले रहे हैं। समर्थन मूल्य का फायदा किसानों की बजाय व्यापारियों को मिलता है। फर्जी तरीके से पटवारी-तहसीलदार से सांठ-गांठ करके पंजीयन करा लेते हैं और कम दाम पर मूंग खरीद कर 8000 रूपये की दर से मुंह का पैसा हासिल कर लेते हैं। पिछले कई वर्षों से ऐसा हो रहा है। सबकी सांठ-गांठ से फर्जी पंजीयन होता है। पंजीयन में पूरी पारदर्शिका बरती जाए ताकि किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।

### किसान संघ ज्ञापन सोंपने की तैयारी में -वाष्ट



रामजीवन वाष्ट ने बताया कि किसानों के हकहित की हो रही अनदेखी के खिलाफ किसान संघ मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंपकर मूंग खरीदी अभिलंब शुरू करने की मांग की जायेगी।

# सेना ने जिस प्रकार का पराक्रम दिखाया है हमारा सीना गर्व से ऊंचा हुआ : राज्यमंत्री



### नगर के विभिन्न चौराहा से निकली तिरंगा यात्रा, जगह-जगह हुआ सम्मान

सत्ता सुधार ■ दमोह

भारतीय सेना पर विश्वास है, पूरा भारत सेना के साथ है, आज ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता व देश के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक पी.एल तंतुवाय की उपस्थिति में स्थानीय आर्शीवाद गार्डन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा घंटाघर से एवरेस्टर लॉज तिराहा से बस स्टेण्ड चौक, को-आपरेटिव्ह बैंक चौराहा से अंबेडकर चौक होते हुये महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पहुंची और राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा रैली का समापन हुआ। विधायक जयंत कुमार मलैया ने तिरंगा रैली का समापन स्थल पर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा सेना के सम्मान में हम सब लोग मैदान में है। सेना ने जिस प्रकार का पराक्रम दिखाया है और पाकिस्तान को जिस प्रकार से मुंहतोड़ जबाव देने का काम किया है, कहीं न कहीं हमारा सीना गर्व से उॅचा हुआ है और हम सभी लोग तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य, पराक्रम को नमन कर रहे है। आज सेना के सम्मान में दमोह के नागरिकों की भीड़ उमड़ी है, उसने सेना को सम्मान देने का काम किया है, भारतीय सेना ने जिस तरीके का पराक्रम दिखाया है और पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिये यह अद्भुत और अविस्मरणीय है, सेना के पराक्रम को नमन करते है, वंदन करते है।

पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जिस प्रकार से सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों को मुँहतोड़ जबाव दिया काबिले तारीफ है। आज सभी देशवासी, प्रदेशवासी तिरंगा यात्रा निकाल रहे है, हम सेना के सम्मान में सभी लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए है, पूरे देशवासियों को हमारी सेना पर गर्व है। आप सब जानते हैं ऑपरेशन सिंदूर क्यों हमारे देश की सेना ने किया क्योंकि कुछ दिन पूर्व आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला किया था, उसके बदले में ऑपरेशन सिंदूर किया और सेना के सम्मान में आज तिरंगा यात्रा पूरी मध्यप्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में निकाली जा रही है, क्योंकि हमारी सेना पर हमें गर्व है और उनको प्रणाम करते उनको नमन करते हैं।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज सेना के सम्मान में पूरा मध्यप्रदेश है, मैदान में जिस प्रकार से हमारी सेना ने अपने पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिये है, आज सेना के सम्मान में दमोह जिला के सारे युवा, समाजसेवी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए है, मैं एक बार फिर से सेना को सैल्यूट करता हूॅ। आज जो जनसैलाब दमोह में उमड़ा है, उसको देखकर लगता है कि दमोह जिला का एक-एक व्यक्ति और प्रत्येक समाज भारत देश के लिए समर्पित है, सेना के अद्भुत कौशल को नमन करता हूॅ, जब सेना बार्डर पर पहरा देती है, तभी सभी देशवासी चैन की नींद सो पाते है। दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा भारतवर्ष के जवानों की आतंकवाद के उपर जीत हुई है उसके उपलक्ष्य में सारे देश में खुशियां मनाई जा रही हैं और झंडा यात्रा निकाली गई है। आप देख रहे हैं कि दमोह जिले में भी बहुत उत्साह के साथ सारे मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि अलग-अलग समाजों के लोग मिलकर बहुत रुचि लेकर दिलचस्पी के साथ इस यात्रा में भागीदारी की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आज तिरंगा यात्रा में दमोह जिले के सभी जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, महिलाएं, युवा शामिल हुए है और यह तिरंगा यात्रा सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रदर्शित करती है, जिस तरीके से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जबाव दिया है, वह स्मरणीय है। बच्चे,युवा, महिला, बूढ़े सभी लोग जब भी देश और सेना को जरूरत पड़ेगी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहेगें। तिरंगा रैली में विभिन्न समाज के लोगों ने भाग लिया, महिलाएं पुरूष सभी तिरंगा को हाथ में लेकर देश के प्रति अपनी भावनाओं को प्रदर्शित कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में भारत माता की झांकी भी शामिल थी।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**उमरिया।** जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत घघरी नाका के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ताला निवासी सुनील निगम (58) की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार अभिषेक निगम (42) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अभिषेक का इलाज उमरिया जिला अस्पताल में जारी है। डॉक्टर एमपी जेसल ने बताया कि अभिषेक की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, सुनील निगम और अभिषेक निगम अपनी बाइक से उमरिया से ताला स्थित अपने निवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे घघरी नाका के पास पहुंचे, तभी कटनी की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक सामने से आया। ट्रक की हैडलाइट की तेज रोशनी अचानक आंखों पर पड़ने से बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ गया और बाइक ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में निशा ने जीते पदक



**हरदा।** मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन द्वारा आयोजित सब जूनियर, कैडेट और जूनियर चैंपियनशिप 16 से 17 मई को बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम न्यू पलासिया इंदौर में आयोजित हुई। जिसमें तिनका सामाजिक संस्था के 20 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। इस प्रतियोगिता में निशा सोनी ने गोल्ड मेडल जीता। अब निशा राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी टिमरनी से आसीन खान और कीर्तन गुप्ता ने सिल्वर मेडल जीता। भूमिका प्रजापति, धनंजय वर्मा और अंश यादव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। सभी खिलाड़ियों ने भी अपना शानदार प्रदर्शन किया। कुलदीप ढोके एवं अनीश कहार ने निर्णायक की भूमिका निभाई अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी लोकेश प्रधान ने कोच का दायित्व निभाया वहीं अर्पण, विकास, रोशनी सहायक कोच में शामिल रहे। अन्य खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम अनुष्का, नंदिनी, ऐश्वर्या, राधिका, शिवानी, अंशिका, पार्थ, राजकुमार, आलोक, गौतम, अनिकेत,फरहान, अनन्या और अरमान जैसे खिलाड़ियों ने भी अपने-अपने वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया। तिनका सामाजिक संस्था के अध्यक्ष रितेश तिवारी और सचिव मना मंडलेकर ने सभी पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना कर विजेताओं के माता-पिता व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर पर तिरंगा रोशनी: भारतीय सेना के शौर्य का प्रदर्शन

**दमोह ।** नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर नोहटा में शनिवार की शाम को तिरंगा रोशनी से जगमगाया गया, जो भारत का पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया सिंदूर ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाने और हिंदुस्तानी सेना के शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए किया गया था। यह ऐतिहासिक मंदिर दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर स्थित है और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के निर्देश अनुसार 5 दिनों तक नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर पर तिरंगा रोशनी होगी देशभक्ति की भावना जगाने के लिए यह आकर्षण सजावट की गई है नोहलेश्वर मंदिर कि यह छटा विशेष रूप से मनमोहक लग रही है, इसी भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से जोड़कर देख रहे हैं यह दृश्य क्षेत्र वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है।

# खंडवा से सनसनी: बाल संप्रेषण गृह की दीवार तोड़कर फरार हुए 5 बाल अपचारी - चोरी, लूट और सेंधमारी के गंभीर मामलों में थे लिप्त

सत्ता सुधार ■ खंडवा



हरसूद रोड स्थित बाल संप्रेषण गृह से रविवार देर रात एक बड़ी और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां बंद पांच नाबालिग अपराधी दीवार तोड़कर फरार हो गए। ये सभी बाल अपचारी चोरी, सेंधमारी और मोबाइल लूट जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त थे और पिछले एक वर्ष से अधिक समय से यहां पर रखे गए थे। घटना को अंजाम देने का तरीका प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। पांचों बाल अपराधियों ने सुधार गृह की पिछली दीवार में धीरे-धीरे गड्ढा बनाकर भागने की योजना तैयार की थी। हैरानी की बात यह रही कि रातभर किसी भी सुरक्षा गार्ड को इसकी भनक तक नहीं लगी। इस घटना ने समाज और सिस्टम दोनों को झकझोर दिया है। जिस संस्था का उद्देश्य नाबालिग अपराधियों को सुधारने का होता है, वही अब अपराधियों की सुरक्षित पनाहगाह बनते जा रहे हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या ये सुधार गृह हैं या अपराध की पाठशालाएं? प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरार हुए सभी पांचों बाल अपचारी मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के रहने वाले हैं। इन्हें चोरी, घर में सेंधमारी और राह चलते लोगों से मोबाइल लूटने जैसे मामलों में पकड़ा गया था। वे पिछले एक साल से अधिक समय से संप्रेषण गृह में रखे गए थे।

**प्रशासन बेखबर या मिलीभगत का मामला?–** इस घटना ने सुधार गृह की सुरक्षा और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दीवार में इतना बड़ा गड्ढा बनाना कोई अचानक हुई घटना नहीं हो सकती - यह साफ तौर पर एक सुनियोजित योजना का हिस्सा प्रतीत होती है। अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या इसमें अंदर के किसी कर्मचारी की मिलीभगत थी? घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और सीएसपी अभिनव बारंगे मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा इलाके के सभी चेक पोस्ट अलर्ट कर दिए गए हैं और विशेष टीम गठित की गई है जो आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## विधायक निधी से निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



हरदा। रविवार को विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान हरदा विधानसभा के ग्राम देवास पहुंचे । विनय मालवीय ने बताया कि जहां पर उन्होंने ग्रामिणजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी व तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर ग्रामिणजनों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। ततपश्चात डॉ. दोगने एवं जनपद अध्यक्ष रेवा पटेल द्वारा समस्त कांग्रेसजनों के साथ मिलकर ग्राम में विधायक निधी की 05 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले स्वागत द्वार, जनपद निधि की 03 लाख 57 हजार रुपये की राशि से निर्मित होने वाली आर.सी.सी. नाली, ग्राम पंचायत निधि की 05 लाख 50 हजार रुपये की राशि से निर्मित होने वाले सी.सी. सड़क मार्ग व 01 लाख 90 हजार रुपये की राशि से ग्राम में लगने वाली स्ट्रीट लाइट आदि निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

**प्रोत्साहित** अश्वगंधा की खेती से बदलेगी किसानों की किस्मत, दमोह में किसानों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रोत्साहित

# फसल विविधिकरण और कृषि उद्यमिता पर कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यशाला का हुआ आयोजन

### 500 एकड़ भूमि से शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट, अश्वगंधा की प्रोसेस कर अर्क निकलने की संभावनाओं पर विचार-मंथन

सत्ता सुधार ■ दमोह



फसल विविधिकरण और कृषि उद्यमिता विकास पर कृषि विज्ञान केंद्र सागर नाका दमोह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डिक्की), संपदा फूड एसोसिएशन तथा भूमिशा ऑर्गेनिक द्वारा जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन किया गया।कार्यशाला में डिक्की के अध्यक्ष डॉ अनिल सिरवैया ने फसल विविधिकरण और खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और जिले में उद्यमिता एवं स्व रोजगार के अवसर निर्मित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अश्वगन्धा को खेती और इसके प्रसंस्करण की पहल दमोह जिले की पूरे देश अलग पहचान बनाएगी। दमोह जिले में फसल विविधिकरण के तहत किसानों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दमोह जिले की जलवायु अश्वगंधा की खेती के लिए उपयुक्त है, इसीलिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने भी अश्वगंधा की खेती के लिए दमोह जिले का चयन किया है। अश्वगंधा की खेती जिले के किसानों की किस्मत बदल सकती है। पायलट प्रोजेक्ट में जिले में 500 एकड़ में अश्वगन्धा की खेती की तैयारी की जा रही है। संपदा फूड एसोसिएशन की डायरेक्टर डॉ मोनिका जैन अश्वगंधा और स्वीट कॉर्न की खेती और इससे होने वाले लाभों की किसानों को जानकारी दी। उन्होंने गेहूं, मूंग, धान जैसी फसलों की तुलना में अश्वगंधा जैसी फसलों की हाई वैल्यू से किसानों को आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट में 250 से 500 एकड़ भूमि पर अश्वगन्धा को खेती प्रारंभ की जाएगी। जिले के 70 से ज्यादा किसानों ने अश्वगंधा की के लिए अपनी सहमति दी। उपसंचारक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया की राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत जिले में 40 क्लस्टर का विकास किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, एक क्लस्टर में 125 कृषक तथा प्रत्येक कृषक के पास कम से कम एक एकड़ जमीन प्राकृतिक खेती के लिए हो ऐसे कृषकों का चयन किया जा रहा है। इस मिशन के तहत कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र एवं लोकल प्राकृतिक खेती ट्रेंनिंग सेंटर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिवर्ष खरीफ मौसम में 2000 एवं रबी मौसम में 2000 इस प्रकार 1 वर्ष में ?4000 यह राशि 2 वर्ष तक कृषकों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आदान सामग्री ड्रम आदि खरीदने के लिए डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान की जाएगी। श्री प्रजापति ने बताते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती पद्धति से अश्वगंधा एवं स्वीट कॉर्न की खेती आसानी से की जा सकती है।

## लगन में खुशी की जगह मातम, हर्ष फायरिंग में युवक घायल, बच्चे बाल-बाल बचे

**दमोह।** दमोह जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के रुसंदो गांव में शनिवार रात एक लगन (सगाई) कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग की गई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि बुंदेलखंड के गांवों में शादियों और समारोहों में हर्ष फायरिंग का चलन आम है। लेकिन कई बार यह फायरिंग लापरवाही से की जाती है, जिससे हादसे हो जाते हैं। रुसंदो गांव में भी ऐसा ही हुआ। लोधी समाज के एक परिवार में लगन समारोह चल रहा था और काफी लोग मौजूद थे। इसी दौरान एक व्यक्ति बंदूक लेकर घूम रहा था और उसने लापरवाही से बंदूक नीचे की ओर करके फायर कर दिया। गोली से निकले छर्रे धोराज गांव के रहने वाले विक्रम सिंह ठाकुर को लग गए और वह घायल हो गए। गोली चलने के बाद समारोह में अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और फिर जबलपुर रेफर कर दिया गया। जब घायल को जिला अस्पताल लाया गया तो उसके परिजनों ने बताया कि फायरिंग करने वाला व्यक्ति काफी देर से बंदूक को लापरवाही से लेकर घूम रहा था।

# कृष्ण सुदामा जैसी मित्रता जाति, धर्म और सामाजिक स्थिति से परे हैः बृजेश पांडे

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

राम मंदिर फालका बाजार में भारत विकास परिषद शाखा सहयोग से मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा समिति एवं अखिल भारतीय अग्र वैवाहिक सेवा केंद्र द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर दंदरौआ धाम महंत रामदास महाराज (दंदरौआ सरकार) ने भागवत कथा में पहुंचकर उपस्थित सभी भक्तगणों को आशीर्वाद दिया। श्रीमद् भागवत कथा में व्यास जी बृजेश पांडे ने कहा कि भगवान 16108 विवाहों की कथा सुनाते हुए कहा कि रुक्मिणी सहित भगवान की आठ पटरानी है अर्थात अष्टधाहा प्रकृति भगवान की पटरानी है, प्रकृति के जो बस में है इंसान कहते है ओर प्रकृति जिस के बस में है, उसे भगवान कहते हैं।





16100 रानियां उनकी व्यापक और सर्वव्यापी भक्ति और प्रेम का प्रतीक है यह दर्शाता है कि भगवान सभी के लिए है चुनिंदा लोगों के लिए ही नहीं। आगे सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा जी भगवान कृष्ण के परम मित्र थे, भिक्षा मांगकर परिवार का पालन पोषण किया करते थे, पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे मिलो शायद हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचे, द्वारपालने कृष्ण जी को बताते हैं सुदामा नाम का कोई ब्राह्मण आया है। कृष्ण जी सुनकर नंगे पैर दौड़कर आए, अपने मित्र को गले से लगा लिया। उनकी दीन दशा देखकर भगवान कृष्ण जी के आंखों से अश्रुओं की अविरल धारा प्रवाहित होने लगी। अपने सिंघासन पर बैठाया कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते धोते आंसू टपक रहे थे। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। रविवार को फूल बंगला, हनुमान कथा और रासलीला का भव्य आयोजन किया गया है। साथ ही मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन प्रभु की इच्छा से किया जा रहा है। साथ ही हवन, कलश विसर्जन एवं 20 को भंडारे के साथ कथा सम्पन्न होगी। मीडिया प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि आरती में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर दंदरौआ महंत रामदास महाराज, प्रदेश मीडिया प्रभारी बीजेपी आशीष अग्रवाल, यजमान राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, संयोजक रवि गर्ग, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, मुन्नालाल गोयल पूर्व विधायक, श्याम श्रीवास्तव (सत्ता सुधार), संजीव सिकरवार (मध्यराज), आनंद अग्रवाल रंगवाले, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रांतीय महा. नीरज अग्रवाल, सुभाष भटनागर, अमित गुप्ता एवं भक्तगण उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री का पुतला दहन देश के गौरव की रक्षा के लिएः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारतीय सेना का अपमान किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन कर उनसे उनके बयान के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव से उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से पद से बर्खास्त करने की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपौरिया, राजेश खान, अब्दुल हमीद पप्पू, राकेश शर्मा ने पुतला दहन के पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों एवं जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह पुतला दहन कोई साधारण प्रदर्शन नहीं है, यह हमारे स्वाभिमान, हमारी सेना और हमारे देश के गौरव की रक्षा के लिए है। हम सब जानते हैं कि भारतीय सेना सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है। वह सीमा पर खड़े होकर अपने प्राणों की आहुति देती है ताकि हम चैन की नींद सो सकें। पुतला दहन में सुग्रीव कुशवाह, देशराज भार्गव, संजय फडतरे, माला सिंह, ऊषा गेहलोत, रमेश भारती, प्रताप राव महाडिक, मुन्ना सिकरवार, नीरज, अब्दुल अकील, नीरज गुर्जर, डॉ. प्रदीप शर्मा, गजेन्द्र तिवारी, महेश धनोलिया, राजू खान, सलमान खान, तरूण तोमर, अविनाश भार्गव, जुगल भार्गव, भोगीराम माहौर, चेतन माहौर, दीपेन्द्र राजावत, अंसार खान, अरमान खान, शब्बर खां, अवधेश कुमार, इनायत पठान, रेवती नंदन कुशवाह, शायरा बेगम, गुड्डन कुशवाह, विक्रम शर्मा, जीतू पवार, देवेन्द्र जाटव, राजेन्द्र माहौर, संतोष उस्मानी, मोहित दीक्षित, आसिफ उस्मानी, राशिद खान, पप्पू सिकरवार, नीलकमल मुद्गल, निरपाल सिंह चौहान, विक्की बाबा, रामस्वरूप तोमर, संतोष शर्मा, विजय सिंह, हरेन्द्र नागर, सुनील रामपुरिया, नीरज राजे सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

## एनसीसी कैम्प-3 में सैन्य प्रशिक्षण पर जोर



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प-थ्री 15 मप्र बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल डीएस वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। इस शिविर में कैडेट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे कैडेट्स को अच्छा प्रशिक्षण मिल सके। अखिल भारतीय एनसीसी थल सैनिक शिविर के होने वाली गतिविधियों को कैडेट्स को अवगत करवाया जा रहा है। इस शिविर में 450 कैडेट शामिल हुए, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। शिविर में बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र पढ़ना और अन्य प्रतियोगिताएं जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य कैडेटों की शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक तीक्ष्णता और टीम वर्क का परीक्षण और विकास करना है।

- **गतिविधियां:** शिविर में बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र पढ़ना और अन्य प्रतियोगिताएं जैसी विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया था।
- **उद्देश्य:** शिविर का उद्देश्य कैडेटों की शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक तीक्ष्णता और टीम वर्क का परीक्षण और विकास करना है।
- **नेतृत्व और टीम वर्क:** शिविर का उद्देश्य कैडेटों को नेतृत्व और टीम वर्क की मजबूत नींव स्थापित करना है।

## पूर्व मंत्री जोशी की पत्नी का हुआ स्वागत

**ग्वालियर।** दीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के कार्यालय पर पूर्व मंत्री दीपक जोशी की धर्मपत्नी श्रीमती शिखा जोशी का आगमन हुआ। फाउंडेशन की टीम ने उनका स्वागत किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उसमें शिखा जोशी का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। संस्था ने श्रीमती शिखा जोशी का सम्मान भी किया।



## खासगी पंचायत का निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर संपन्न

**ग्वालियर।** खासगी बाजार पंचायत द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश लोहिया एवं विशिष्ठ अतिथि सुधीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा महानगर थे। अध्यक्षता राजेश सरावगी ने की। विशेष अतिथि एनके सांवला एवं घनश्याम दास कंथरिया मंचासीन रहे। सभी अतिथियों द्वारा सूर्य पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खासगी बाजार पंचायत द्वारा की गई पहल की तारीफ कर प्रोत्साहित किया। कैम्प में डॉ. शिवम गुप्ता द्वारा करीब 70 मरीजों को देखा व निःशुल्क दवा वितरित की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक नीरज सेठ ने किया। कार्यक्रम में रमेश गंधी, रमेश कनकने, सतीश सोनी, धर्मेंद्र बिलैया, डॉ. ओमप्रकाश सेठ, अरुण नगरिया, कन्हैयालाल रूसिया, सुधीर रावत, रामविलास तीत विलासी, निरंजन कनकने, मनोज निगोती, धर्मेंद्र छितोल्या, संतोष कठुल, प्रवीण गुप्ता, अरुण सेठ, रमेश छिरोल्या, ओमप्रकाश सेठ, सुनील नीखरा, ओमप्रकाश सोनी एवं सभी सामाजिक बंधुजन शामिल हुए।



## मातृशक्ति की भारत भक्ति यात्रा कल

**ग्वालियर।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने अदम्य साहस और शौर्य का प्रमाण दिया हैं। हमने एकजुट होकर विश्व को यह संदेश दिया कि दुश्मन कितना ही चालाक क्यों न हो हम अपनी एकता को अक्षुण्ण रखेंगे। राष्ट्रीय एकता सर्वोपरी है। वहीं मातृशक्ति द्वारा आपरेशन सिंदूर के समर्थन में भारत भक्ति यात्रा का आयोजन 20 मई को सायं 5 बजे किया जायेगा। पहली भारत भक्ति यात्रा नदीगेट से सायं 5 बजे प्रारंभ होकर सायं 5.30 बजे रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पहुंचेगी और दूसरी भारत भक्ति यात्रा आकाशवाणी तिराहा से सायं 5 बजे प्रारंभ होकर से सायं 5.30 बजे वीरांगना की समाधि पर पहुंचेगी। भारत भक्ति यात्रा के लिये मातृशक्ति की वर्चुल बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में 25 मई को सायं 7 बजे अपने अपने घर पर 5 दीप देश के नाम पर हर घर पर लगाने एवं हर घर पर भारत माता की आरती तथा भारत का राष्ट्रीय ध्वज लगाने की सहमति बनी है।

### शिवलोक फूलबाग में शिव महापुराण कथा का पांचवा दिन

# एक पेड़ की रक्षा से मिलता है हजारों यज्ञ का फलः कौशिक महाराज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सभी देवी देवता बेल वृक्ष की पूजा करते हैं। भगवान महादेव स्वयं बेल वृक्ष में विराजमान है। बेल वृक्ष पेड़ों की रक्षा का संदेश देता है। पूजा के बाद जो शिवलिंग पर बेलपत्री चढ़ाते हैं। भगवान शिव उन्हें कभी नहीं छोड़ते रावण कैसा भी हो लेकिन उसने भी एक वाटिका लगे सीता को राम पुष्प वाटिका में मिले और हनुमान को जानकी अशोक वाटिका में मिली यदि हम एक वृक्ष की रक्षा कर लेते हैं तो हजारों यक्ष का पुण्य फल प्राप्त हो जाता है, इसलिए पेड़ अवश्य लगाइए और प्रकृति की रक्षा कीजिए। यह विचार कौशिक जी महाराज ने शिवलोक फूलबाग में आयोजित शिवपुराण महाकथा के पांचवें दिन रविवार को व्यक्त किए। इस मौके पर दंदरौआ हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर रामदास महाराज का विशेष सानिध्य रहा। कार्यक्रम संयोजक विधायक सतीश सिंह सिकरवार ने व्यासपीठ एवं दंदरौआ महाराज की चरण वंदना की। खचाखच भरे कथा पांडाल में भारत की ऑपरेशन सिंदूर पर विजय को लेकर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी माता बहिनों के सम्मान का प्रतीक है। माता को भी अपने पति और देवी देवताओं के सामने माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगाकर ही जाना चाहिए।



**पाप नष्ट कर देता है शिवनामः** उन्होंने कहा कि शिव नाम की ऐसी महिमा है कि उसका जाप करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

**72 बीमारियों को खत्म कर देता है चूनाः** कौशिक महाराज ने बताया कि भोजन करने के बाद पान पर चूना लगाकर ग्रहण करने से हाथों से अमृत टपकता है। जिससे शरीर के सारे टॉक्सिंस खत्म हो जाते हैं। बच्चों को चने के दाने के बराबर चुना खिलाने से उनकी लंबाई बढ़ जाती है। चूना 72 बीमारियों को खत्म कर देता है ।वात पित्त कफ रोग से मुक्ति दिला देता है। जिनके पेट में गैस बनती है उनके लिए चुना वरदान है इसलिए लोगों को चूना ना लगाएं। पान के पत्ते पर चूना लगाकर खाएं।पीलिया में गाने के रस में चुनाव ले चूने का उपयोग करने से दांत भी खराब नहीं होते। हर रोज 10 12 मिनट व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ और सुंदर हो जाता है

**बुद्धि प्रदाता है मिट्टी के महादेवः** कौशिक महाराज ने बताया कि मिट्टी के शिवलिंग बनाने से विद्या प्राप्त होती है। हमारी अधूरी चीज से ना चल रहा हो तो पति-पत्नी मिलकर 500 500 पार्थिव शिवलिंग बनाए उनका काम ठीक हो जाएगा गर्भ में संतान यदि समाप्त हो रही हो तो पति-पत्नी को मिलकर 55000 पार्थिव शिवलिंग बनाना चाहिए। पवन सिंह जी पर प्रसन्न हो जाते हैं संपूर्ण देवता उसे पर प्रसन्न रहते हैं महादेव की पूजा से संपूर्ण तीर्थ का फल मिलता है इसलिए किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले भगवान भोलेनाथ पर एक लोटा जल जरुर चढ़ाएं भगवान को भोग लगाने से पहले मुख्य की शुद्धि क्या कर लें जिस घर में प्रतिदिन देवताओं का भोग लगाया जाता है वह घर पवित्र हो जाता है उन्होंने बताया कि गौतीर्थ गौशाला वृंदावन में भी 11 जुलाई को 11 लाख शिवलिंग का निर्माण श्रद्धालु करेंगे। उन्होंने बताया कि गुरु वो जो शिष्य का गौरव बढ़ा दें और शिष्य वो जो गुरु के अनुशासन में रहे। इस मौके पर राजकुमार आचार्य, राम पांडे, कथा परीक्षत नरेंद्र शर्मा, रामबाबू अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लोकेंद्र मिश्रा मध्यभारत प्रांत के नवनियुक्त प्रांत संगठन मंत्री बने

■ ग्राहक पंचायत की मध्य भारत प्रांत बैठक भोपाल में संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भोपाल में ग्राहक पंचायत मध्य भारत प्रांत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तीन सत्र रहे, प्रथम सत्र में अशोक पांडे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीमती दीप लक्ष्मी दीदी राष्ट्रीय महिला कार्य सह प्रभारी, क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ, प्रांत उपाध्यक्ष देवी सिंह राठौड़, प्रांत सचिव लोकेंद्र मिश्रा मंचासीन रहे। दीप प्रज्वलन करके बैठक का शुभारंभ किया गया। राज नारायण भार्गव ने संगठन मंत्र लिया। अतिथि परिचय एवं स्वागत के बाद उपस्थित सभी जिलों एवं प्रांत से आए कार्यकर्ताओं का परिचय एवं कार्य व्रत वाचन किया गया, उसके उपरांत माननीय अशोक पांडे ने सभी का मार्गदर्शन किया। प्रथम सत्र का संचालन प्रांत सचिव राजेश दांगी द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त प्रांत सह प्रचार प्रमुख सुनील धनगर द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह, क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ, प्रांत प्रभारी एवं राष्ट्रीय महिला कार्य सह प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी धा, प्रांत सह संगठन मंत्री अनिल श्रीवास्तव, प्रांत सचिव लोकेंद्र मिश्रा मंच पर सौभाए मान रहे। द्वितीय सत्र का संचालन प्रांत ससह सचिव श्रीमती वंदना सैनी ने किया। तृतीय एवं अंतिम सत्र में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीश, क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ, क्षेत्र से संगठन मंत्री विजय पाटिल, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष विवेक भटनागर, मंच पर उपस्थित रहे जिसमें श्री विजय पाटिल ने मार्गदर्शन केंद्र, ग्राहक क्लब, मोहल्ला पंचायत, छात्रवास कार्य पर विस्तार से बताया गया। तृतीय सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री विवेक भटनागर आगामी कार्यकाल के लिए ने मध्यभारत प्रांत की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की।

**ये बने पदाधिकारी**

अध्यक्ष विजय गम्भीर, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक भटनागर, संगठन मंत्री लोकेन्द्र मिश्रा, सचिव राजेश दांगी, देवी सिंह राठौर, अनिल श्रीवास्तव, सह सचिव श्रीमती वन्दना सैनी, सह सचिव देवेन्द्र भार्गव, कोषाध्यक्ष सतीश, सह कोषाध्यक्ष रोहित कौरव, कार्यालय प्रमुख दीपक बाबू श्रीवास्तव, विधि प्रमुख हरीश बारी, सह विधि प्रमुख अनुराग खासकलम, महिला जागरण प्रमुख श्रीमती प्रियंका राजावत, सह महिला जागरण प्रमुख श्रीमती नीलम गुप्ता, प्रचार प्रमुख प्रदीप जैन, सह प्रचार प्रमुख सुनील धनगर, रोजगार सृजन प्रमुख अर्जुन कुशवाह, सह रोजगार सृजन प्रमुख लाखन टंडन, पर्यावरण प्रमुख आशीष तिवारी, सह पर्यावरण प्रमुख श्रीमती अंशु रघुवंशी।



## बजरंग भक्त मंडल ने की 700 किलो हरे चारे की सेवा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



बजरंग भक्त मंडल द्वारा विगत 6 वर्षों से की जा रही गौसेवा के क्रम में 700 किलो हरे चारे की सेवा जनकताल स्थित गौशाला पर शालिनी त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, दीपक शर्मा, संतोष शिवहरे, राजीव जादौन, राकेश बंसल, प्रेमलता पाल, प्रमोद शर्मा के सहयोग से की गई। मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि अगले रविवार को मंडल द्वारा भोजन वितरण की सेवा 1000 अस्पताल परिसर में नर सेवा नारायण सेवा अंतर्गत की जाएगी। मंडल द्वारा भोजन वितरण सेवा हर महीने की जाती है। उक्त सेवाओं में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल, सचिव राकेश मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, सह सचिव नमन अवस्थी, हरीश अग्रवाल, रामकिशोर मंगल, दीपक शर्मा, राजीव जादौन, शरद पाल, कौशल मंगल, आदि सदस्य उपस्थित थे।

### श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान से सराबोर रहा श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस

# संसार कभी पूरा नहीं मिलता और परमात्मा कभी अधूरा नहीं मिलताः स्वामी प्रेमानंद महाराज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सरस्वती शिशु मंदिर चिटनिस की गोठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन एवं व्यास पीठ की विधिवत आराधना से की गई। इस अवसर पर प्रेमानंद महाराज ने प्रभु घर आओ, तार नमामि भजन से कथा का शुभारंभ किया, जिससे वातावरण भक्ति रस में डूब गया। अपने प्रवचन में महाराज श्री ने वैदिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा के मूल अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि वैदिक शिक्षा प्रकृति के रहस्यों को जानने की दिशा में ले जाती है, जबकि आधुनिक शिक्षा केवल उन्हें सुलझाने का प्रयास करती है। उन्होंने चंद्रभेदी प्राणायाम को मानसिक शांति का उपाय बताया। महाराज जी ने प्रभु के घर जाना रे, मोहे जाना भजन के माध्यम से भक्तों को भाव विभोर किया। विदुर और विदुरानी की कथा का सुंदर वर्णन तथा झांकी की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जहां मृत्यु है वहां सार है, और जहां मृत्यु नहीं पहुंच सकती, वह परमात्मा का द्वार है। उन्होंने भक्तों से मृत्यु से परे उस दिव्य संसार की कल्पना करने का आह्वान किया जो जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त है। महाराज श्री ने जीवन में संयम का महत्व बताते हुए कहा कि इंद्रियों के अधीन नहीं, इंद्रियों के अधिपति बनें। आहार-विहार की शुद्धता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति का मन उसके आहार से प्रभावित होता है-तामसिक, राजसिक या सात्विक भोजन व्यक्ति की सोच और व्यवहार को दिशा देता है। उन्होंने भक्ति का वास्तविक स्वरूप समझाते हुए कहा कि केवल विग्रह पूजा ही नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईश्वर स्मरण करते हुए पालन करना भी भक्ति है। परमात्मा को संपूर्ण विश्व रूप में देखने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राणी में परमात्मा का दर्शन ही सच्ची भक्ति है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिरस में सराबोर होकर कथा का आनंद लिया।





# दो सत्रों में जेईई एडवांस परीक्षा हुई, 1250 परीक्षार्थियों ने दिए एग्जाम

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जेईई एडवांस की परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। ग्वालियर में यह परीक्षा दो सत्रों में शहर के बड़ागांव खुरैरी बीवीएम कॉलेज में आयोजित की गई है। पहला सत्र सुबह 9 से 12 बजे तो वहीं दूसरा सत्र दोपहर 2.30 से शाम 5.30 तक का था। छात्रों को सलाह दी गई थी कि वह परीक्षा केंद्र पर हर हाल में डेढ़ पहले घंटे पहले पहुंचे। जेईई एडवांस का आयोजन आईआईटी कानपुर की ओर से किया गया। शहर के परीक्षा केंद्रों में 1250 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसके साथ ही बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र पर एंट्री नहीं दी गई। इस वर्ष दो पेज का एडमिट कार्ड दिया गया था। छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर एडमिट कार्ड के साथ एक वैध पहचान पत्र लेकर आने को कहा गया था। वहीं पेपर 2 के लिए दोपहर एक बजे छात्रों ने रिपोर्ट किया। परीक्षा केंद्र में जूते पहनकर जाने वाले छात्रों को एंट्री नहीं दी गई। इसलिए छात्रों को सैंडल, स्लीपर या चप्पल पहनकर जाने की सलाह दी गई थी। वहीं जेईई एडवांस परीक्षा के लिए रिस्पॉन्स शीट वेबसाइट पर 22 मई की 5 बजे तक जारी होगी। आंसर की 26 मई को सुबह 10 बजे जारी होगी। जबकि जेईई एडवांस का रिजल्ट दो जून को जारी होगा।



# इंग्लैंड दौरे के लिए ये होंगे भारत-ए टीम के कोच, सीनियर भारतीय टीम के एलान में हो सकती है देरी

एजेंसी ■ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी। कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे।



भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा। नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड दौरे के लिए जल्दी रवाना होने की सूचना थी। हालांकि, अब क्रिकबज ने बताया है कि वह सामान्य कार्यक्रम के मुताबिक टीम के साथ यात्रा करेंगे। भारत को पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसके अगले चार मैच बर्मिंघम (दो जुलाई से), लॉर्ड्स (10 जुलाई से), मैनचेस्टर (23 जुलाई से) और द ओवल (31 जुलाई से) में खेले जाएंगे।

**इंडिया ए स्क्वॉड:-** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

## ब्रीफ न्यूज

### हरभजन के पेड फैन्स वाले बयान पर विराट के प्रशंस नाराज

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अब हरभजन विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी को लेकर दिये अपने पेड फैन्स वाले बयान से विवादों में आ गये हैं। इससे विराट के प्रशंसक इरभजन पर भड़के हुए हैं। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर विराट के प्रशंस हरभजन पर निशाना साधने में लगे हैं। असल में हरभजन ने आरसीबी और केकेआर मैच में कमेंट्री के दौरान कहा कि धोनी धोनी जब तक चाहें आईपीएल खेल सकते हैं। हरभजन ने ये बात तक कही जब लोग चर्चा कर रहे थे कि धोनी अगला आईपीएल भी खेल सकते हैं। इस पर कोहली ने कहाकि केवल धोनी ही हैं, जिनके पास रियल फैन बेस हैं। बाकी लोगों के पास तो पेड फैन्स और पीआर हैं।इसपर हरभजन ने कहाकि वास्तव में धोनी के ही प्रशंसक हैं। बाकी लोगों के तो बस सोशल मीडिया पर ही प्रशंसक हैं। इसके बाद कहा कि ये प्रशंसक तो अक्सर पेड फैन्स ही होते हैं। इसके बाद उन्होंने इस बात को यहीं समाप्त कर दिया। हरभजन की बातें सुनकर अन्य कमेंटेटर भी हैरत में पड़ गये।

### आईपीएल से अब तक बाहर हुई चार टीमें

**बेंगलुरु।** बारिश के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला रद्द होने से अंक तालिका में प्रभाव पड़ा है और चार टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। मुकाबला रद्द होने से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला है। इससे आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाएं बढ़ी हैं। वहीं कोलकाता की टीम तकरीबन बाहर हो गयी है। इस प्रकार कोलकाता की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली सत्र की चौथी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमें पहले ही बाहर हो गयीं थीं। आरसीबी अब रद्द मुकाबले से एक नंबर लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके अब तक 12 मैचों में 8 जीत, 3 हार और एक बेनतीजा मैच के साथ 17 अंक हो गए हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 8 जीत और 16 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। पंजाब किंग्स तीसरे नंबर पर है जिन्होंने कि 11 मैचों में 7 जीत दर्ज कर 15 अंक हासिल किए हैं। वहीं मुंबई के 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हैं।

### विराट के सम्मान में सफेद कैप में पहुंचे थे प्रशंसक

**बेंगलुरु।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद पहली बार मैदाने पर उतरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अनुभवी बल्लेबाज के विराट कोहली के सम्मान में प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट की सफेद कैप में पहुंचे थे। बारिश के कारण हालांकि ये मैच नहीं हो पाया। इस मैच में सभी प्रशंसक विराट की बल्लेबाजी देखने पहुंचे थे। वहीं आसमान में सफेद कबूतरों का एक झुंड मैदान के ऊपर उड़ता नजर आया।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी लखनऊ सुपरजायंट्स

## इस लीग में अब तक टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही

एजेंसी ■ लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर बड़ी जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। इस मैच में अगर सुपरजायंट्स हार तो वह लीग से बाहर हो जाएगी। इस लीग में अब तक टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं जिसके कारण भी टीम को नुकसान हुआ है। ऐसे में ऋषभ इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगे। अब तक इस सत्र में निकोलस पूरन ने टीम की ओर से काफी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अब अन्य खिलाड़ियों को भी रन बनाने होंगे। उसकी गेंदबाजी शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप पर आधारित रहेगी। सुपर जायंट्स की टीम के नाम अब तक 11 मैचों में 10 अंक है पर उसका नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा। दूसरी ओर पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर लखनऊ का खेल







बिगाड़ना रहेगा। सनराइजर्स की टीम में शामिल युवा नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने का प्रयास करेंगे। अब तक ये दोनो बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अब तक 311 रन बनाये हैं और वह इस मैच में बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे। लखनऊ की टीम की सबसे बड़ी परेशानी कप्तान का रन नहीं बनाना है। वह इस सत्र में केवल एक बार ही पचास से अधिक रन बना पाये हैं। रन उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से केवल 128 रन ही बनाए है। मो शमी, राहुल चाहर सहित उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। वहीं लखनऊ की टीम को अपने प्रमुख बल्लेबाज निकोलस पूरन से इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। पूरन शुरुआती पांच-छह मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी के बाद पिछले कुछ मैचों से रन नहीं बना पाये हैं। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम 348 और मिचेल मार्श 378 से भी अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। वहीं मध्यक्रम में आयुष बडोनी 326 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाया है। आक्रामक बल्लोबज डेविड मिलर अब तक केवल 160 रन ही बना पाये हैं।। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट लेने में विफल रहे हैं। केवल युवा दिग्वेश राठी ने अब तक 12 लेकर लेकर विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया है। इस मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाज विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से लखनऊ की गेंदबाजी बेहतर होगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद:-** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिन्दु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपर जायंट्स:-** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

# आरसीबी के पास इस बार खिताब जीतने का सुनहरा मौका: रैना

## रैना ने आगे कहा कि ड्रेसिंग रूम में पॉजिटिव माहौल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शानदार लय में नजर आ रही है और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि इस बार टीम के पास खिताब जीतने का बेहतरीन मौका है। विराट कोहली की कप्तानी में 2016 में फाइनल तक पहुंची बेंगलुरु की टीम उस साल सनराइजर्स हैदराबाद से हार गई थी, लेकिन अब टीम के प्रदर्शन में निखार आया है। रैना ने कहा कि बेंगलुरु इस बार अलग स्तर की क्रिकेट खेल रही है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में कम स्कोर 150 और 136 रन का सफलतापूर्वक बचाव कर दिखाया है, जो उनके गेंदबाजी आक्रमण की मजबूती को दर्शाता है। इसके साथ ही नए कप्तान के नेतृत्व में टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स जैसी मजबूत टीम को दो बार हराया है, जो उनके आत्मविश्वास और रणनीति का प्रमाण है। रैना ने आगे कहा कि ड्रेसिंग रूम में पॉजिटिव माहौल है और खिलाड़ी एकजुटता के साथ खेल रहे हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स जैसी टीमें भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन यह साल विराट कोहली का हो सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोहली इस साल आरसीबी को पहली बार आईपीएल ट्रॉफी दिला सकते हैं, जिससे 18 साल का इंतजार खत्म हो सकता है। रैना ने सोमवार को एक ट्वीट में भी कोहली की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने लिखा, आपकी टेस्ट क्रिकेट में जुनून और नेतृत्व ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है, भाई! प्यार और सम्मान। कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी और अब 10 दिन के ब्रेक के बाद वे आईपीएल में वापसी कर रहे हैं।

Vishal WINDOW COOLERS
Furniture & Electronics
बेहतरीन क्वालिटी खूबसूरत डिजाइन के साथ
फर्नीचर की विशाल रेंज
Festival Offer
डबल बेड
किंग साईज बेड
ड्रेसिंग टेबल
डायनिंग टेबल
सोफा
अलमारी
ऑफिस फर्नीचर
LED T.V.
वॉशिंग मशीन
फ्रीज
माईक्रोवेव ऑवन
• जिंसी नाला नं. 1, लश्कर ग्वालियर मोबा. 6269676261
• सिरोल लिंक रोड, नियर गोयल वाटिका, हुरावली मोबा. 9109050614
• कन्या विद्यालय के सामने, डबरा मोबा. 9109973331

टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वेस्टइंडीज बोर्ड का बड़ा फैसला

# वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में बच्चों की एंट्री मुफ्त

एजेंसी ■ बारबाडोस

दुनियाभर में टेस्ट क्रिकेट का आकर्षण धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और इसे बचाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और तमाम क्रिकेट बोर्ड्स नए-नए कदम उठा रहे हैं। हाल ही में आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की पुरस्कार राशि को दोगुना कर दिया है, वहीं अब वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने टेस्ट क्रिकेट को बच्चों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। सीडब्ल्यूआई ने घोषणा की है कि वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान बच्चों को स्टेडियम में प्रवेश के लिए कोई टिकट नहीं खरीदना पड़ेगा। इस फैसले का मकसद युवा पीढ़ी में



टेस्ट क्रिकेट के प्रति रुचि जगाना है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्रिस डेह्रिंग ने इस पहल की जानकारी देते हुए कहा कि बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल, ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम और जमैका के सबीना पार्क में होने वाले तीनों टेस्ट मैचों के दौरान सभी बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

केंसिंग्टन ओवल में आयोजित डब्ल्यूआई होम फुल आह एनर्जी कैंपेन के लॉन्च के दौरान डेह्रिंग ने कहा कि यह निर्णय वेस्टइंडीज क्रिकेट की एक नई नीति के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट को फिर से जीवंत करना है। उन्होंने कहा, ÷सीडब्ल्यूआई में हम मानते हैं कि टेस्ट क्रिकेट तक बच्चों की पहुंच एक मानवाधिकार है। यह जरूरी है कि हमारे बच्चे इस पारंपरिक फॉर्मेट से जुड़ सकें और इसके लिए किसी भी प्रकार की वित्तीय रुकावट उनके सामने न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों को किसी टिकट की जरूरत नहीं होगी, यह उनका अधिकार है।

## केकेआर का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना टूटा

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग में गत दिवस बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच नहीं होने से केकेआर की टीम को करारा झटका लगा है। प्लेऑफ में अपनी संभवनाओं के लिए उसके ये मैच जीतन जरुरी था। वहीं आरबीसी अगर ये मैच जीतती तो वह प्लेऑफ में पहुंच जाती। केकेआर का अब केवल एक मैच बचा है। अब तक 13 मैच खेलने के बाद 5 जीत, 6 हार और 2 बेनतीजा रहे मैचों के कारण टीम के कुल 12 अंक हैं। ऐसे में अगर वह अपना अंतिम मुकाबला जीतती है तो भी कुल14 अंकों तक पहुंच सकती है। ऐसे में उसका प्लेऑफ में पहुंचना कठिन जरुर है पर असंभव नहीं । केकेआर आब भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है। उसका उनका नेट रन रेट (एनआरआर) भी कम है। वहीं आरसीबी 17 अंक, गुंजरात टाइटंस 16 अंक, पंजाब किंग्स (15 अंक) और मुम्बई इंडियंस 14 अंक पहले से ही आगे चल रहे अपने अपने बचे हुए मैचों में उसके पास अपने अंक को बढ़ाने का अवसर भी है। आरसीबी के 12 मैच खेलने के बाद 8 जीत, 3 हार और 1 बेनतीजा रहे मैच से कुल 17 अंक हो गये हैं और व नंबर एक पर है हैं।

डॉ. वल्लभ रस्तोगी
MDS
Braces Gums ब्रेसेज एन्ड गम्स
मल्टीस्पेशलिटी डेंटल सेंटर
• ऑर्थोडॉंटिक ब्रेसेज
• रूट कैनाल ट्रीटमेंट
• स्माइल मेकओवर
• डेंटल इम्प्लांट,
• डेंटल क्राउन,
• डेन्चर ब्रिज और वीनियर उपचार
सम्पर्क करें 8958299821 7017996204
पता : ग्राउंड फ्लोर गोपाल माधव कॉम्प्लेक्स शिंदे की छावनी ग्वालियर

सौमित्र डेंटल हॉस्पीटल & मेडिसिन सेन्टर
चेहरा, मुख, दांत एवं जबड़े से संबंधित सभी प्रकार रोगों का ईलाज
डॉ. सतीश भटेले
B.D.S., M.D.S., PGDCC, MBA (HA & HM)
डॉ. पूजा भटेले
(BAMS, MD)
पता- कल्याण टॉवर, शरद ट्रैवल्स ऑफिस, बसंत टॉकीज के पास, थाटीपुर, ग्वालियर, संपर्क :7879427932

# बेहद सादा और अनुशासित जीवन है विराट की सेहत का राज

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज़ विराट कोहली ने आखिरकार टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। आजकल उनकी बेमिसाल फिटनेस भी चर्चा का विषय बनी रही। विराट की मैदान में ऊर्जा और स्टैमिना का राज सिर्फ जिम या वर्कआउट नहीं, बल्कि उनका बेहद सादा और अनुशासित जीवन है। विराट कोहली की दिनचर्या और डाइट बेहद संतुलित और साफ-सुथरी है। कोहली ने हमेशा अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी और फिटनेस को लेकर उनकी गंभीरता सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है। वे सुबह जल्दी उठते हैं और दिन की शुरुआत पानी पीने से करते हैं। वे नींबू पानी या शहद मिलाकर खुद को हाइड्रेट रखते हैं। इसके बाद हल्का व्यायाम करते हैं जिसमें वार्म-अप, स्ट्रेचिंग और कार्डियो शामिल होता है। योग और ध्यान भी उनके रुटीन का हिस्सा है, जो मानसिक शांति और फोकस बनाए रखने में मदद करता है। डाइट की बात करें तो कोहली पूरी तरह शाकाहारी हो चुके हैं और उनकी थाली में प्लांट बेस्ड चीजें ही होती हैं। नाश्ते में एवोकाडो, सलाद और स्प्राउट जैसे हल्के, लेकिन पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ होते हैं। वे स्वाद से ज़्यादा पोषण पर ध्यान देते हैं और ज़्यादातर उबला या स्टीम्ड खाना खाते हैं।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

V-LEADS
Leading You Towards Leader
Coaching Institute
COMMERCE
ACCOUNTANCY | BUSINESS STUDIES | ECONOMICS
11th & 12th
CBSE/MP Board
BY: ANOOP DIXIT
Mob.- 7879228709
Add: A-32, Amaltash Colony, Old Railway Line

कृष्णा क्लीनिक
बवासीर, भगन्दर, फीशर, हाईड्रोसील
जीवनभर के लिए जड़ से मिटाएं। अगर बीमारी सही नहीं हुआ तो पैसे वापस गारन्टी लिखित में दिया जायेगा।
Dr. P.K. Hazra
(B.A.M.S.) Mob.: 8101208101
समय: प्रात: 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक
डी.डी. नगर गेट के पास, वायु नगर गेट के सामने, टॉप सुपर बाजार के पीछे, भिण्ड रोड, ग्वालियर (म.प्र.)

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes
ADMISSION OPEN
शिवा नगर, गुलाब शाह दरगाह के पास, छत्री रोड, शिवपुरी (म.प्र.) Mobile:9425488667

सत्ता सुधार

ग्वालियर, सोमवार 19 मई 2025

दुनिया में युद्ध को लेकर रक्षा उपकरणों में ड्रोन की भूमिका अति महत्ती हो गई है। इजराइल, हमास, रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान ड्रोन की भूमिका सबसे ज्यादा प्रभावी पाई गई है। ड्रोन अत्याधुनिक संचार माध्यमों के जरिए लक्ष्य पर जाकर युद्ध के मैदान में जो कौशल दिखाते हैं। वह हजारों करोड़ के विमान भी नहीं दिखा पाते हैं।



# नम्रता सिंह लखनऊ निगम की अपर नगर आयुक्त बनीं

## उत्तर प्रदेश में डेढ़ दर्जन पीसीएस अफसरों का तबादला, गाजियाबाद के एडीएम सिटी गंभीर सिंह को सरकार ने आजमगढ़ भेजा



सत्ता सुधार ■ लखनऊ

योगी सरकार ने रविवार को 18 पीसीएस अफसरों के ट्रांसफर किए हैं। एसडीएम उन्नाव नम्रता सिंह को लखनऊ नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। गाजियाबाद के एडीएम सिटी गंभीर सिंह को आजमगढ़ भेजा गया। उन्हें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की कुर्सी दी गई है। लखनऊ में एडीएम न्यायिक हनुमान प्रसाद को शासन ने रामपुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व बनाया है। वाराणसी नगर निगम में अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय की जिम्मेदारी बदल दी गई है। उन्हें लखनऊ मंडी परिषद के डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। लखनऊ में एडीएम प्रशासन शुभी काकन को मंडी परिषद लखनऊ का डिप्टी डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। बरेली के नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला प्रयागराज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त बनाए गए हैं।

**शुभी काकन मंडी परिषद का डिप्टी डायरेक्टर बनीं**

**हेम सिंह को भेजा अयोध्या:** अपर जिलाधिकारी रामपुर हेम सिंह को अयोध्या विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। वंदना श्रीवास्तव द्वितीय को सचिव विकास प्राधिकरण बरेली बनाया गया है। अयोया विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह को अपर जिलाधिकारी शामली बनाया गया है। विनय कुमार सिंह द्वितीय अपर जिलाधिकारी प्रयागराज को अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद बनाया गया है। बरेली विकास प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार को उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ बनाया गया है।

**पंकज को बागपत भेजा:** लखनऊ नगर निगम में तैनात अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव को अपर जिलाधिकारी बागपत बनाया गया है। राजित राम गुप्ता उप जिला अधिकारी रायबरेली को अपर जिलाधिकारी बलिया बनाया गया है। रोशनी यादव उपजिलाधिकारी ललितपुर को अपर जिला अधिकारी लखनऊ बनाया गया है।

## एक ही छत के नीचे मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वर्धानी क्लासेस ने अब NEET (मेडिकल) और IIT-JEE (इंजीनियरिंग) की संयुक्त कोचिंग शुरू की है। साथ ही, कक्षा 9-10 के छात्रों के लिए 'जूनियर डिवीजन' लॉन्च किया गया है, जो ओलंपियाड, NTSE, और फाउंडेशन कोर्स पर फोकस करेगा। यह कदम छात्रों को शुरुआती स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखता है।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेस




## ब्रीफ न्यूज

### पाकिस्तान-तुर्किए की यारी, पूरी दुनिया से गद्दारी...

**वाराणसी।** जब तुर्किये में भूकंप आया था तब भारत ने उसके नागरिकों की जान बचाने के लिए राशन भेजा, दवा भेजी। उसके बदले तुर्किये ने भारत के नागरिकों की हत्या करने के लिए घातक ड्रोन भेजे। पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ खुलकर खड़ा हो गया। वर्ष 1192 में तुर्कों ने भारत पर हमला किया, भारत को गुलाम बनाया। वर्षों तक भारत के लोगों के साथ नस्लीय भेदभाव करते रहे। खुद सुल्तान बलबन ने कहा था कि जब मैं किसी तुच्छ मुसलमान को देखता हूं तो मेरी नाड़ी क्रोध से उत्तेजित हो जाती है। पाकिस्तान के साथ जब जंग शुरू हुई, तो तुर्किये पाकिस्तान के साथ खड़ा हो गया। ऐसे में भारत के लोगों ने पाकिस्तान और तुर्किये का पूर्ण बहिष्कार करने का स्वतः फैसला लिया है। यह नागरिक चार्टर है, नागरिकों का निर्णय। विशाल भारत संस्थान ने लमही के नेताजी सुभाष मंदिर से तुर्किए और पाकिस्तान की शव यात्रा निकाली गई।

### महिला को बचाने नहर में कूदे दो सिपाही, एक की मौत

**गाजियाबाद।** आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को बचाने के लिए हिंडन नहर में छलांग लगाने वाले एक यातायात पुलिस कांस्टेबल की डूबने से मौत हो गई। अंकित तोमर (20) को गोताखोरों द्वारा कीचड़ भरी नहर से बाहर निकालने के बाद नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना तब हुई जब वैशाली सेक्टर-2 में रहनी वाली और मूलरूप से सरधना, मेरठ की रहने वाली आरती ने हिंडन नहर में छलांग लगा दी।

### बसपा में नंबर-2: भतीजे को एक बार फिर सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

# मायावती ने आकाश आनंद को अब बनाया चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर

## दावा-आगामी चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रचार की कमान भी संभालेंगे

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद एक बार फिर मुख्य धारा की राजनीति में लौट आए हैं। रविवार को पार्टी की हाईलेवल मीटिंग में आकाश को लेकर फैसला लिया गया। अब आकाश को चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आकाश को तीन नेशनल कोऑर्डिनेटर रिपोर्ट करेंगे। रविवार की बैठक से पहले आकाश को मायावती के साथ साए की तरह देखा गया। दावा किया जा रहा है कि आगामी चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रचार की कमान भी संभालेंगे। बसपा में फिलहाल तीन नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए हैं। इनके ऊपर चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद रहेंगे। जिन्हें नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है, उनमें राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, रणधीर बेनीवाल और राजाराम का नाम शामिल है। रामजी गौतम संगठन में बिहार प्रदेश के प्रभारी भी हैं। आकाश की सियासी जिम्मेदारी बढ़ाने के फैसले से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार माना जा रहा है। आकाश आनंद और मायावती दोनो एक दूसरे की मजबूरी बन गए हैं। साथ बने रहने के अलावा किसी के पास कोई और रास्ता भी नहीं है। इससे पहले मायावती ने भतीजे आकाश आनंद और उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को कथित अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया था। हालांकि, महीनेभर बाद एक और नाटकीय मोड़ आया और बसपा प्रमुख ने आकाश को एक और मौका देने का फैसला किया और संगठन में उनकी वापसी की घोषणा की।



### बसपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे

आकाश आनंद की इस नई भूमिका से पार्टी को आगामी चुनावों में मजबूती मिलेगी। आकाश आनंद पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार के तौर पर कार्य करेंगे और चुनावी रैलियों में बसपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे। आकाश आनंद लंबे समय से पार्टी से जुड़े रहे हैं। उनकी छवि एक युवा और ऊर्जावान नेता की है। आकाश की इस नई भूमिका से न सिर्फ पार्टी को युवा नेतृत्व का संदेश मिलेगा, बल्कि मायावती के भरोसेमंद सहयोगी के रूप में उनकी भूमिका और भी अहम हो गई है।

### 13 अप्रैल को मागी थी माफी

13 अप्रैल को आकाश ने पहले एक्स पर सार्वजनिक पोस्ट किया और माफी मांगी। गलतियों को स्वीकार किया और मायावती के नेतृत्व के साथ खुद को पूरी तरह से जोड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने किसी भी रिश्तेदार या सलाहकार से राजनीतिक सलाह ना लेने की कसम खाई। आकाश ने कहा कि वो मायावती को अपना एकमात्र राजनीतिक गुरु और रोल मॉडल मानते हैं। आकाश ने मायावती से अपील की थी कि वे उनकी सारी गलतियों को माफ कर दें और उन्हें फिर से बीएसपी में काम करने का मौका दें। उन्होंने वादा किया था कि भविष्य में ऐसी कोई गलती नहीं होगी।

### भतीजे को एक और मौका

मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया और आकाश को एक और मौका देने का ऐलान किया। उन्होंने आकाश की सार्वजनिक माफी, वरिष्ठों को पूरा सम्मान देने के वादे, साथ ही अपने ससुर की बातों में ना आने और अपना जीवन बीएसपी और मूवमेंट के लिए समर्पित करने का हवाला दिया। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि आगे किसी को अपना उत्तराधिकारी बनाने का सवाल ही नहीं उठता।




# पीएम मोदी मेट्रो और रेलवे ट्रैक की देंगे सौगात

## 30 को आएंगे कानपुर! 11 परियोजनाओं का होगा लोकार्पण



सत्ता सुधार ■ कानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को संभावित शहर आगमन को लेकर फिर से तैयारी शुरू हो गई। पहले पीएम को 24 अप्रैल को शहर में 20656 करोड़ की मेट्रो, घाटमपुर-पनकी पावर प्लांट समेत 11 बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करना था, लेकिन 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम निरस्त हो गया था। पीएम के अप्रैल में दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो समेत सभी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया था। अब फिर प्रधानमंत्री कार्यालय से पीएम के 30 मई को शहर में आगमन की संभावित सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला तैयारी में जुट गया है।

### शिलान्यास की तैयारी

प्रधानमंत्री के हाथों सीएसए मैदान में 11 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कराने की तैयारी पर रोडमैप खींचा जा रहा है। इन परियोजनाओं को अप्रैल में ही लोकार्पण-शिलान्यास के लिए चुना गया था। उन्हीं परियोजनाओं को पीएम मोदी हरी झंडी दिखा सकते हैं। इससे माह के अंत में शहरवासियों को आईआईटी से घंटाघर तक मेट्रो पर सफर का मौका जल्द ही मिलने की आस जगी है।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश संतोष उर्फ राजू ढेर

### एसएचओ-दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी में एनकाउंटर में कुख्यात बदमाश संतोष उर्फ राजू मारा गया। एसएचओ चंद्रभूषण मौर्य और एक दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश संतोष के सीने में छह गोली लगी है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने बदमाश संतोष को मृत घोषित कर दिया। कोखराज थाना इलाके के ककोढा हाईवे किनारे शनिवार की देर रात यह मुठभेड़ हुई है। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान अजमेर के जगपुरा गांव का रहने वाला साबरमल मीणा अपने ट्रेलर में गुजरात से कॉपर वायर लोड कर प्रयागराज के सूबेदारगंज के लिए निकला था। जिसकी कीमत चार करोड़ है। शुक्रवार को कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा हाईवे पर कुख्यात बदमाश सन्तोष उर्फ राजू ने अपने गैंग के दो सदस्यों के साथ अर्टिगा कार से ओवरटेक कर ट्रेलर रोक लिया और ड्राइवर साबरमल मीणा को गन पॉइंट पर पहले धमकाया। फिर उसे यह लालच दिया कि कॉपर वायर किसी और को बेच देते हैं। जिसके बदले उसे भी हिस्सा देंगे। जब ड्राइवर साबरमल मीणा नहीं माना तो मारकर फेंक दिया।

### कांस्टेबल की मौत के बाद मुठभेड़ में एक गौ तस्कर की मौत, दो घायल

**लखनऊ।** जौनपुर जिले में गौ तस्करों के पिकअप वाहन से कुचले जाने पर हेड कांस्टेबल की मौत के बाद पुलिस ने मुठभेड़ में एक गौ तस्कर को मार दिया है, जबकि उसके दो साथियों के पैरों में गोली लगी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह पुलिस के साथ रात जा कर रहे थे।




### सांसद रवि किशन को मिलेगा 'संसद रत्न'

**गोरखपुर।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान के लिए प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें आगामी जुलाई के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले संसद रत्न पुरस्कार समारोह के 15वें संस्करण में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान को लेकर रवि किशन ने खुशी जाहिर की और पीएम मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ व गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा-यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए एक प्रेरणा है, बल्कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी की पुष्टि भी है। मैं इसे गोरखपुर की जनता की जीत मानता हूं।










स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100 स्थानीय संपादक विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345 आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910